खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :37° C
न्यूनतम : 22° C

मुरादाबाद, बुधवार 27 मई 2026 मुरादाबाद संस्करणः वर्ष 23 अंक 281 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 | 9 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




जनता का पैसा जनहित में ही लगेगाः मुख्यमंत्री योगी पेज 2



ओलंपिक में भारत के पहले तीरंदाजों में से एक, श्याम लाल मीणा का निधन खेल टाइम्स



भविष्य की कीमत पर बिक रहा आज का मां-बाप सम्पादकीय



अब खाड़ी में पैर नहीं फैला सकेगा अमेरिकाः मुज्तबा खामेनेई पेज 12

# अवैध खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, यूपी, मप्र व राजस्थान सरकार को फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चंबल घड़ियाल अभयारण्य में लगातार बढ़ रहे अवैध रेत खनन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सख्त रुख अपनाया। अदालत ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और यूपी सरकारों को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

कोर्ट ने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए राज्यों को निगरानी व्यवस्था मजबूत करनी होगी और खाली पड़े वन रक्षक पदों पर जल्द भर्ती करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में बिना नंबर और बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों से अवैध रेत ढुलाई की मीडिया रिपोर्ट का भी संज्ञान लिया। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर रिपोर्ट सही है, तो अधिकारियों ने अदालत में गलत हलफनामा दाखिल किया है। सुप्रीम कोर्ट ने तीनों राज्यों को प्रभावित इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल सेंटर और मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि यह काम युद्ध स्तर पर किया जाए और छह महीने के भीतर सभी निगरानी व्यवस्था पूरी तरह चालू होनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिन वाहनों का इस्तेमाल अवैध खनन में हो रहा है, उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। फर्जी नंबर प्लेट या बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई केवल वाहन चालक तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। अवैध खनन नेटवर्क से जुड़े वाहन मालिकों, ठेकेदारों और अन्य लोगों के खिलाफ भी आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वन विभाग के कर्मचारियों पर बढ़ते हमलों को लेकर भी चिंता जताई।



■ फर्जी नंबर वाले वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश

## सुप्रीम कोर्ट ने कचहरा प्रबंधन को लेकर बनाई निगरानी कमेटी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ठोस कचरा प्रबंधन नियम के पालन पर राज्यों की रिपोर्ट आने के बाद सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि कचरे की अवैध ट्रांसपोर्ट और अवैध डंपिंग करने वालों की पहचान की जाए।

जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि ऐसे वाहनों और उनके मालिकों या ऑपरेटरों पर सख्त कार्रवाई करें। कोर्ट ने कहा कि हर जिले की वेबसाइट पर ठोस कचरा प्रबंधन के लिए अलग पेज बनाया जाए। कलेक्टर इस पेज पर कचरा प्रबंधन की मौजूदा स्थिति, किए जा रहे सुधार और पुराने कचरे की तस्वीरें अपलोड कराएंगे और रिपोर्ट देंगे। सालों से जमा पुराने कचरे के निपटारे की समयसीमा नहीं बढ़ेगी। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस एसवीएन की बेंच ने कचरा प्रबंधन नियमों की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट की कमेटी बनाई है। इसमें केंद्र के पांच मंत्रालयों के सचिव शामिल होंगे, जबकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव संयोजक होंगे। यह देशभर में नियमों के पालन की निगरानी करेगी, निर्देश देगी और अनुपालन समीक्षा करेगी।

■ कचरे की अवैध डंपिंग-ट्रांसपोर्ट पर कार्रवाई होगी
■ हर जिले की वेबसाइट पर कलेक्टर देंगे रिपोर्ट

## कम हाजिरी वाले कानून के छात्रों को परीक्षा देने वाले फैसले पर रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके तहत कम हाजिरी वाले कानून के छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई थी।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) की उस याचिका पर नोटिस जारी करते हुए दिया, जिसमें कानून के छात्रों के लिए जरूरी हाजिरी के दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों को चुनौती दी गई थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि नोटिस जारी करके 21 जुलाई तक जवाब दें। इस बीच विवादित फैसले के पैराग्राफ 249 का असर और ऑपरेशन रुका रहेगा। यह आगे भी हालांकि लागू रहेगा। पीठ ने स्पष्ट किया कि उसके निर्देश उच्च न्यायालय को उनके सामने लंबित मामलों में हाजिरी की जरूरतों से जुड़े ऐसे ही मामलों पर स्वतंत्र फैसला करने से नहीं रोकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो पाक नागरिकों समेत नौ के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हरियाणा के सिरसा में महिला पुलिस थाने पर नवम्बर 2025 में हुए ग्रेनेड हमले के सिलसिले में दो पाकिस्तानी नागरिकों समेत नौ आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में नामजद आरोपियों की पहचान पाकिस्तानी नागरिक और हैंडलर शहजाद भट्टी और सोहेल अहमद उर्फ सोहेल बलूच के रूप में हुई है। इसके अलावा गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों में धीरज उर्फ धीरू, विकास उर्फ विक्की, संदीप उर्फ दायमा, विकास, सुशील उर्फ सल्लू, मोहम्मद सिजान उर्फ सिजान उर्फ गाजी और गुरजंत सिंह शामिल हैं।

### सीएम सुवेंदु बोले बांग्लादेशियों यहां से जल्दी भागो

**नार्थ 24 परगना/ मुर्शिदाबाद।** बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को बांग्लादेशियों को देश छोड़कर जाने को कहा। वे बोले- राज्य में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें पुलिस को सौंपा जाए, जिसके बाद बीएसएफ उनकी वापसी में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि जल्दी-जल्दी भागो यहां से, वरना एक्शन लेंगे। हम घुसपैठियों को जेल भेजकर रोटी नहीं खिलाएंगे। वह दामाद नहीं है। उन्हें भगाया जाएगा। उनके (बांग्लादेश के) ऑफिशियल्स भी कह चुके हैं कि जो हमारे लोग होंगे, उन्हें ले लेंगे। इधर, पश्चिम बंगाल के नार्थ 24 परगना में मंगलवार सुबह से ही 100 से ज्यादा विदेशी नागरिक हाकिमपुर चेक पोस्ट पर इकट्ठा हुए हैं।

### जनसंख्या बदलाव पर उच्चस्तरीय समिति का गठन

**नई दिल्ली।** पड़ोसी देशों से घुसपैठ के कारण जनसंख्या में हो रहे बदलाव को बेहद गंभीरता से ले रही सरकार ने सेवानिवृत न्यायाधीश, न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में जनसंख्या में बदलाव पर उच्चस्तरीय समिति का मंगलवार को गठन कर दिया। समिति में जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण के साथ सेवानिवृत आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, सेवानिवृत आईपीएस बालाजी श्रीवास्तव और अर्थशास्त्री डा. शमिका रवि को समिति का सदस्य बनाया गया है।

# ईरान ने अमेरिकी MQ-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया

तेहरान, वार्ता



अमेरिकी सेना द्वारा युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब देंगेः आईआरजीसी

अमेरिका का होर्मुज के पास ईरानी बोट्स पर हमला, मिसाइल साइट को भी निशाना बनाया

**ईरान की** आईआरजीसी ने मंगलवार को दावा किया कि उसने फारस की खाड़ी के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया है। ईरान ने इसे अपने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन बताते हुए चेतावनी जारी की कि वह अमेरिकी सेना द्वारा युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब देगा।

ईरानी मीडिया में छपे एक बयान में आईआरजीसी ने कहा कि उसकी वायु रक्षा इकाई ने दुश्मन की हवाई गतिविधि की 'सटीक खुफिया निगरानी' के बाद ड्रोन को मार गिराया। उसने यह भी दावा किया कि एक अमेरिकी आरक्यू-4 सर्विलांस ड्रोन और एक एफ-35 फाइटर जेट पर फायरिंग की, जिससे दोनों वायुयानों को इलाका छोड़ना पड़ा। बयान में यह नहीं बताया गया कि ये घटनाएं कब हुईं। ईरानी दावों पर अमेरिकी सेना की ओर से तुरंत कोई जवाब नहीं आया है। आईआरजीसी ने दोहराया कि ईरान के पास युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का 'सही और निर्णायक' अधिकार है और अपने हवाई क्षेत्र में घुसपैठ के खिलाफ चेतावनी जारी की। यह बयान अमेरिकी सेना के उस बयान के कुछ घंटों बाद आया, जिसमें उसने कहा था कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरानी मिसाइल लॉन्च स्थलों और नावों पर 'आत्मरक्षा में बचाव' किए हैं।

## समुद्री रास्तों की आजादी जरूरीः ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक खत्म हो गई है। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने होर्मुज का मुद्दा उठाया। विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा कि ईरान की तरफ से होर्मुज स्ट्रेट बंद किए जाने का असर अब तेल और ऊर्जा सप्लाई पर दिखने लगा है।

क्वाड देशों का कहना है कि समुद्री रास्ते खुले रहना जरूरी हैं और वहां से गुजरने वाले जहाजों पर किसी तरह का टोल या रोक नहीं लगनी चाहिए। इस बैठक में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री शामिल हुए। अमेरिका की ओर से मार्को रुबियो, जापान से तोशिमित्सु मोतेगी और ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पेनी वोंग मौजूद रहे। विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के मुद्दे पर कहा कि इसके खिलाफ जीरो टॉलरेंस होना चाहिए। जिन देशों पर आतंकी हमले होते हैं, उन्हें अपनी सुरक्षा का अधिकार है।



■ दिल्ली क्वाड बैठक में ऑस्ट्रेलिया ने होर्मुज स्ट्रेट का मुद्दा उठाया
■ जयशंकर बोले- 3 बड़े फैसलों पर सहमति बनी

### भारत-अमेरिका ने खनन व प्रसंस्करण के लिए समझौते पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ मृदा तत्वों के खनन तथा प्रसंस्करण की आपूर्ति को सुरक्षित करने संबंधी भारत-अमेरिका द्विपक्षीय रूपरेखा पर मंगलवार को यहां हस्ताक्षर किए। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने यहां आए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने क्वाड बैठक से इतर इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एस. जयशंकर ने बाद में कहा कि दोनों देशों ने इस महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और इस विषय पर क्वाड सदस्य देशों के साथ भी बैठक में चर्चा हुई थी। उन्होंने इसे बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह समझौता सही समय पर किया गया है और बेहद प्रासंगिक है।

# CNG ₹2 तक महंगी

## मई में चार बार में छह रुपये की हुई बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ दिल्ली में 83.09 रुपये किग्रा मिलेगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों में मंगलवार को सीएनजी दो रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गई। दिल्ली और आसपास के शहरों में सीएनजी की आपूर्ति करने वाली सिटी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अनुसार, दिल्ली में अब एक किलोग्राम सीएनजी की कीमत 83.09 रुपये हो गई है।

पहले इसकी कीमत 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी। दूसरे शहरों में भी सीएनजी के दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गई है। सीएनजी की कीमतों में इस महीने यह चौथी बढ़ोतरी है। इससे पहले 15 मई को इसके दाम दो रुपये और 17 मई तथा 23 मई को एक-एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाए गए थे। इस प्रकार चार बार में इसके दाम छह रुपये बढ़ गए हैं। दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद में एक किलोग्राम सीएनजी मंगलवार से 91.70 रुपये हो गई है। गुरुग्राम में इसकी कीमत अब 88.12 रुपये हो गई है। अब मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में सीएनजी 91.58 रुपये प्रति किंग्रा, रेवाड़ी में 87.70 रुपये, करनाल में 87.43, कैथल में 88.43 रुपये तथा कानपुर, हमीरपुर और फतेहपुर में 94.42 रुपये प्रति किंग्रा के भाव मिलेगी। अजमेर, पाली और राजसमंद में अब सीएनजी की कीमत 92.44 रुपये, मोहाबा, बांदा और चित्रकूट में 89.42 रुपये, हापुड़ में 92.70 रुपये तथा गौतमबुद्ध नगर में 91. 70 रुपये और ग्रेटर नोएडा में 91. 70 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति बाधित होने से घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की खुदरा कीमतों में लगातार वृद्धि की जा रही है। गत 15 मई से अब तक पेट्रोल की कीमत 7.35 रुपये और डीजल की 7.53 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गई है।

## अन्नाद्रमुक के एक और बागी विधायक ने दिया इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) को गहरा झटका देते हुए पार्टी के एक और बागी विधायक इसाकी सुबैया ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

जिससे पिछले दो दिनों में पार्टी छोड़ने वाले बागी विधायकों की संख्या चार हो गई है।राज्य के अंबासमुद्रम के अन्नाद्रमुक विधायक सुबैया पहले मंत्री भी रह चुके हैं और उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर से उनके कक्ष में अपना इस्तीफा सौंप दिया।

■ इसाकी सुबैया ने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा

### बिरला ऐतिहासिक कार्यवाहियों के 89 संकलनों का करेंगे लोकार्पण

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 28 मई को दिल्ली विधानसभा की त्रैमासिक पत्रिका 'विधान-चेतना' के प्रथम अंक तथा केंद्रीय विधान सभा (1924-1930) की कार्यवाहियों के 89 खंडों में प्रकाशित ऐतिहासिक संकलन का लोकार्पण करेंगे।

# यूपी में आंधी-तूफान से छह लोगों की मौत

## बांदा में पारा लगातार 8वें दिन 47 डिग्री के पार, मानसून केरलम से 35 किमी दूर अटका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर-पश्चिम में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर में दिल्ली- हिमाचल, यूपी, दक्षिण-पश्चिम में ओडिशा और तेलंगाना भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। पश्चिम में गुजरात, महाराष्ट्र और सेंट्रल इंडिया में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के एमपी से लगा हिस्सा और छत्तीसगढ़ में गर्मी का सबसे खतरनाक दौर चल रहा है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को यूपी के बांदा और विदर्भ का ब्रह्मपुरी में सबसे ज्यादा गर्म रहे।

यहां लगातार 8वें दिन 47 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान दर्ज किया गया। छतरपुर का खजुराहो 47.2 डिग्री के साथ तीसरे नंबर पर और नौगांव 46. 8 डिग्री के साथ चौथा सबसे गर्म शहर रहा। यूपी के गोंडा, लखीमपुर, बस्ती, शाहजहांपुर और सीतापुर में गर्मी के बीच सोमवार रात आंधी-तूफान चला। इससे जुड़े हादसों में बच्चे समेत 6 की मौत हो गई है। बात मानसून की करें, तो यह पिछले तीन दिन से केरलम के तट से 30-35 किमी दूर अटका है। प्री-मानसून के चलते केरलम के तटीय इलाके, तमिलनाडु और कर्नाटक में बारिश हो रही है।



### उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी राज्यों में कई दिन तक भीषण गर्मी व लू की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग ने देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी क्षेत्र के बड़े हिस्सों में अगले कई दिनों तक भीषण से अति भीषण गर्मी और लू की स्थिति बने रहने की चेतावनी दी है। विभाग की ओर से मंगलवार सुबह जारी पूर्वानुमानों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना सहित कई राज्यों में तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना रहेगा। विभाग के ताजा मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार पंजाब, हरियाणा- चंडीगढ़-दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और विदर्भ में 26 से 29 मई के बीच गर्मी और लू की गंभीर स्थिति बनी रहने के आसार हैं।

## DRDO परिसर से चोर 50 लाख का सोना व नकदी चुराकर फरार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के तिमारपुर इलाके स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) परिसर में चोरी की घटना सामने आई है, जहां चोरों ने कथित तौर पर एक वैज्ञानिक के आवास का ताला तोड़कर करीब 45 से 50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, विदेशी मुद्रा और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

यह घटना डीआरडीओ परिसर स्थित राम नारायण साइंटिस्ट हॉस्टल में हुई। तिमारपुर थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार चोरों ने घर के तीन ताले तोड़े और बाद में स्टील की अलमारी को क्षतिग्रस्त कर उसमें रखे कीमती सामान लेकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता सीमा गौतम ने बताया कि वह अपनी बेटी और पति से मिलने चंडीगढ़ गई थीं, जहां उनके पति वर्तमान में तैनात हैं। उनकी अनुपस्थिति में पड़ोसियों ने घर के टूटे हुए ताले देखे और उन्हें घटना की सूचना दी। पुलिस में दर्ज की गई शिकायत के अनुसार चोर पीछे की ओर के ताले तोड़कर घर में घुसे और करीब 280 ग्राम सोने के आभूषण तथा लगभग 300 ग्राम चांदी के जेवर चोरी कर ले गए।

■ चोरों ने वैज्ञानिक के आवास को बनाया निशाना

# तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत

## ईद मनाने मुंबई से गांव आया था मृतक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट/धामपुर।** शेरकोट हाईवे पर आज शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार 18 वर्षीय युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर में भर्ती कराया, जबकि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना शेरकोट क्षेत्र में गैस एजेंसी के पास धामपुर-शेरकोट हाईवे पर दो युवक बाइक से धामपुर से शेरकोट जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे डिवाइडर से जा टकराई गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार अनस (18 वर्ष) निवासी मझेड़ा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी साकिब गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया जा रहा है कि मृतक अनस ईद का त्योहार मनाने के लिए सोमवार को ही मुंबई से अपने गांव लौटा था, लेकिन कुछ ही घंटों बाद यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# हंगामा लोक समिति के समर कैम्प का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा बच्चों के लिए तीन दिन का नि:शुल्क समर कैम्प का आयोजन किया गया। समर कैम्प का शुभारंभ सुधीर अग्रवाल द्वारा फीता काटकर व मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक ने बताया समिति द्वारा बच्चों को नि:शुल्क डांस कोरियोग्राफर गौरव चंद्रा, ढोलक व रचनात्मक गतिविधियां राखी कौशिक, सिलाई शीतल शर्मा, ममता चौहान, पेंटिग सुषमा रस्तौगी द्वारा डा. राज मोहन विश्वास द्वारा योग शिक्षा, मेहंदी इरम अंसारी द्वारा कढ़ाई व खेल गतिविधियों उपा. सना कौशिक, वेस्ट मेटीरियल से उपयोगी वस्तु का निर्माण अंशु दीक्षित, कंप्यूटर शिक्षा से सम्बंधित जानकारी रवि चौहान, ड्राइंग गंभीर सिंह द्वारा सिखायी गयी। तीन दिवसीय श्री जी समर कैम्प में सार्थक रस्तौगी, देवेशी अग्रवाल, वृन्दा अग्रवाल, दिव्यांश गुप्ता, भूमि, हिमांशी, कार्तिक, संध्या सैनी, लक्ष्य सैनी, राज सैनी, दक्ष, भावना, रोहित, दिव्या ,भूमि, रुद्रा, सचिन, आदित्य, मानस, अंश, पारस, संजना, रोहिनी, परी, मानवी, प्रियांशु, वंश, विशाखा शर्मा, नैना, सोना, तुषार, आरुषि, सुहानी, रितिका, गौरव शर्मा, कार्तिक शर्मा, सान्वी गुप्ता, आरव गुप्ता, खुशी गुप्ता, देवांश आदि बच्चों को मुख्य अतिथि सुधीर अग्रवाल द्वारा सम्मान पत्र भेट कर सम्मानित किया गया। समिति की संस्थापिका राखी कौशिक उपा. सना कौशिक समिति के संरक्षक डा.जितेंद्र कौशिक निर्मला कौशिक द्वारा मुख्य अतिथि सुधीर अग्रवाल व रजिस्ट्रेशन प्रभारी शशिबाला शर्मा, प्रशिक्षक गौरव चंद्रा, डा.राजमोहन विश्वास, सुषमा रस्तौगी, शीतल शर्मा, रवि चौहान, अंशु दीक्षित, ममता चौहान, इरम अंसारी गम्भीर सिंह, परमजीत कौर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रानी सैनी, मुकुल, डीवी, खुशी आदि भी उपस्थित रहे। कैम्प में बच्चों को पेंसिल, पैन, फ्रूटी, चॉकलेट, टॉफी आदि चीजें बच्चों को भेंट की गई व सभी बच्चों को शर्बत पिलाया गया।



कोरियोग्राफर गौरव चंद्रा द्वारा खुशी को प्रथम व मानवी को द्वितीय रितिका को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर स्मार्ट घड़ी भेंट की गई। समिति द्वारा सार्थक रस्तौगी को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना की जांच से बढ़ी हलचल

## अभिलेखों और डाटा की जांच पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कस्बा झालू में पीएम आवास योजना को लेकर सामने आई शिकायतों और समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल बनी हुई है। मामले का संज्ञान लेते हुए परियोजना अधिकारी वंदना कुशवाहा ने 13 मई 2026 को नगर पहुंचकर आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। करीब तीन घंटे तक चली जांच प्रक्रिया में कई आवासों और संबंधित अभिलेखों का सत्यापन किया गया।

स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि योजना के अंतर्गत सर्वे और फोटो अपलोडिंग का कार्य सूडा से संबद्ध निजी एजेंसी के माध्यम से कराया गया था। शिकायतकर्ता पक्ष का कहना है कि कुछ मामलों में गलत फोटो और डाटा अपलोड होने की आशंका है, जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

वहीं, यह भी चर्चा है कि संबंधित डाटा की जांच को लेकर शिकायतकर्ता लगातार अधिकारियों से कार्रवाई की मांग कर रहा है। स्थानीय लोगों के बीच इस बात को लेकर भी चर्चाएं हैं कि मामले में हुई संभावित त्रुटियों की जिम्मेदारी को लेकर विभिन्न स्तरों पर मंथन चल रहा है। हालांकि, इन चर्चाओं की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। एक मकान पर दो लाभार्थियों के नाम दर्ज होने संबंधी प्रकाशित खबर की भी अधिकारियों द्वारा जांच किए जाने की बात सामने आई है। जांच के बाद नगर में दिनभर चर्चाओं का दौर चलता रहा और लोग मामले में पारदर्शी कार्रवाई की अपेक्षा जता रहे हैं। इस संबंध में परियोजना अधिकारी वंदना कुशवाहा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। उधर, शिकायतकर्ता पक्ष का कहना है कि यदि मामले में संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो वह जल्द ही लखनऊ जाकर सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी शिकायत प्रस्तुत करेगा।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## डीएम ने दिए दुर्घटना रोकने के निर्देश, जन-जागरूकता बढ़ाने पर समीक्षा की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन तथा जन-जागरूकता बढ़ाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

डीएम ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्य शीघ्र करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस की सघन जांच कराने के सख्त निर्देश दिए तथा कहा कि मानकों के अनुरूप संचालित न पाए जाने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ऐसे वाहन चाल. कों, जिनके विरुद्ध तीन से चार बार बड़े चालान किए जा चुके हैं, उनके लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने जनपद में संचालित अवैध कटों को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने पेट्रोल पंपों के सामने बनाए गए अवैध कटों को भी बंद कराने के लिए संबंधित विभागों को कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने बिजनौर नजीबाबाद मार्ग स्थित झलरा के अवैध कट को तत्काल बंद कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सड़क संकेतक, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर एवं रोड मार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य सड़क से संबंधित अधिकारी दुर्घटना संभावित क्षेत्रों, विशेष रूप से मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले टी प्वाइंट्स एवं ब्लाइंड मोड़ों पर मोड़ से कम से कम एक किमी पहले जगह-जगह पर साइनेज, रिफ्लेक्टर एवं स्पीड ब्रेकर्स निर्माण की गंभीरता पूर्वक समुि. चत व्यवस्था करें, ताकि वाहन चालक सचेत होकर ड्राइविंग करे और दुर्घटना की संभावना न रहे।

उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि बिना फिटनेस, बिना परमिट एवं ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध नियमित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एम्बुलेंस सेवाओं की तत्परता एवं दुर्घटना के बाद त्वरित उपचार की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने पुलिस विभाग को ओवरस्पीडिंग, नशे में वाहन चलाने, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सघन चैकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यालयों में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

इस मौके पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### पीएचसी प्रभारी डा. जितेंद्र का तबादला

#### नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण के बाद मिलेगा वेतन

**हल्दौर।** स्वास्थ्य विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. जितेंद्र कुमार का तबादला कर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर, नजीबाबाद में तैनात किया गया है। सीएमओ से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार डा. जितेंद्र कुमार को जनहित में तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया गया है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वह हल्दौर पीएचसी का समस्त कार्यभार चिकित्साधिकारी डा. अरुण कुमार को सौंपकर नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें। सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह द्वारा जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि कार्यभार हस्तांतरण और ग्रहण करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित प्रमाण पत्र कार्यालय को उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही मई माह का वेतन नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत ही देय होगा। स्वास्थ्य विभाग के इस प्रशासनिक आदेश के बाद हल्दौर क्षेत्र में नए प्रभारी व्यवस्था को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

### नलकूप से केबिल-स्टार्टर चोरी

**चांदपुर।** ग्राम पृथ्वीपुर में चोरों ने नलकूप से केबिल, स्टार्टर चोरी कर लिए। ग्रामीणों में चोरी की घटना से रोष है। ग्राम प्रधान द्वारा चोरी की तहरीर पुलिस दी गई है।

### अधिवक्ताओं से मांगे आवेदन

**बिजनौर।** एडीएम (प्रशा.) अंशिका दीक्षित ने जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के क्रम में जानकारी देते हुए बताया कि तहसील नगीना में राजस्व संहिता-2016 की धारा 72 के उपनियम 2 नियुक्ति की रीति (क) के अंतर्गत अधिकतम तीन वर्ष के लिए पैनल लायर ग्राम समाज जनपद की तहसील, नगीना, तहसील में दो रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र 10 जून, 2026 तक आमंत्रित किए जाते है। इच्छुक अधिवक्ता जो निम्नलिखित शर्तो को पूरा करते हो वह अपना आवेदन पत्र अपेक्षित सूचना प्रपत्र-क एंव ख में अनिवार्य रूप से (जिसका प्रारूप सलंग्न है) तहसील नगीना के एसडीएम के कार्यालय में नियत दिनांक तक जमा करा दें। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले एवं अपूर्ण आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। वह अधिवक्ता जिनकी आयु 60 वर्ष से कम है प्रार्थना पत्र दे सकते है। जन्म तिथि के प्रमाण स्वरूप हाई स्कूल का प्रमाण पत्र, चरित्र -प्रमाण पत्र, बार कौंसिल का प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता के बारे में प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपि अनिवार्य रूप से प्रमाणित सलंग्न की जाए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के व्यक्ति जाति प्रमाण पत्र की प्रति भी अनिवार्य रूप से सलंग्न करें। उन्होंने पैनल लायर ग्राम समाज के पद की शर्ते बताई कि 1-05 वर्षो का विधि व्यवसाय का अनुभव (अधिवक्ता की शैक्षिक योग्यता प्राप्त करने के उपरान्त) 2-शैक्षिक योग्यता अन्तर्गत (हिन्दी भाषा का ज्ञान आवश्यक है) 3-गत तीन वर्षो में विधि व्यवसाय की आय पर उनके द्वारा अदा किए गए आयकर की धनराशि और यदि कर न लगा हो तो उनके द्वारा भेजी गई आयकर विवरणी यदि कोई हो तो 4- दो वर्षो की कार्य अवधि के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्य का न्यायालय द्वारा यथा विधिक सत्यापित व्यौरा और यह सूचना कि क्या उन्होंने ग्राम समाज सम्बंधित विधिक कार्य किया है।

# झालू को मिली विकास की नई रफ्तार

## नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी की पहल पर बस स्टैंड निर्माण की प्रक्रिया तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी की लगातार मेहनत और प्रयास अब रंग लाते दिखाई दे रहे हैं। नगर में लंबे समय से बस स्टैंड की मांग को लेकर सक्रिय अध्यक्ष ने परिवहन मंत्री से मुलाकात कर झालू में बस स्टैंड निर्माण का प्रस्ताव रखा था। इसके लिए बिजलीघर के पास उपयुक्त भूमि भी उपलब्ध कराई गई, जिसके बाद प्रस्ताव को माननीय जिलाधिकारी के माध्यम से परिवहन विभाग को भेज दिया गया।



सूत्रों के अनुसार परिवहन विभाग द्वारा स्थायी बस स्टैंड निर्माण की प्रक्रिया पर कार्य किया जा रहा है। इसी बीच विभागीय अधिकारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष से वर्तमान में कुछ बसों का संचालन प्रारंभ कराने का आग्रह किया, ताकि यात्रियों की संख्या, सुविधा और संभावित राजस्व की स्थिति का आकलन किया जा सके। इसी क्रम में कुछ बसों का संचालन भी शुरू कर दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में राहत मिलने लगी है।

नगर में यह भी चर्चा है कि कुछ लोग इस पहल का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बस स्टैंड की मांग को शासन स्तर तक पहुंचाने और भूमि उपलब्ध कराने में नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

वहीं, नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए टीन शेड, शीतल जल और प्रकाश व्यवस्था का कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। इसके अलावा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शौचालय निर्माण का प्रस्ताव भी प्रक्रिया में है।

नगरवासियों का कहना है कि यदि इसी प्रकार विकास कार्य आगे बढ़ते रहे तो झालू नगर में यातायात और सार्वजनिक सुविधाओं के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

# सनातन मंदिर समिति ने बांटा शरबत

**बिजनौर।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच शक्ति नगर साईं विहार कॉलोनी स्थित सनातन मंदिर ने राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया। यह सेवा कार्य बड़े मंगलवार के अवसर पर पहली बार आयोजित किया गया। मंदिर समिति और कॉलोनीवासियों ने मिलकर राहगीरों, वाहन चालकों, मजदूरों और जरूरतमंदों को शरबत वितरित किया। दोपहर में जब गर्मी अपने चरम पर थी, तब मंदिर समिति के सदस्यों ने कॉलोनी के मुख्य गेट के बाहर शिविर लगाया। राह चलते लोगों को रोककर शरबत पिलाया गया, जिससे उन्हें गर्मी से काफी राहत मिली। भीषण गर्मी और लू के बीच इस सेवा कार्य की लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के जयकारों के साथ सेवा कार्य में हिस्सा लिया। युवाओं और महिलाओं ने भी शरबत वितरण में सक्रिय सहयोग दिया। कुछ लोग व्यवस्था संभालते दिखे, तो कुछ आने-जाने वालों को शरबत पिलाने में जुटे रहे। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि यह सेवा कार्य बड़े मंगलवार और एकादशी के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। गर्मी को देखते हुए लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से छबील लगाने का निर्णय लिया गया था।

# यूपी में फर्जी एनकाउंटर कराती है बीजेपी सरकार



■ जाति देखकर चलता है बुलडोजर: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बीजेपी के बुलडोजर एक्शन से लेकर फर्जी एनकाउंटर तक के मुद्दों पर अपनी बात रखी। अखिलेश ने कहा कि इस सरकार में न्याय मिलना मुश्किल है। यूपी में बुलडोजर जाति देखकर चलता है, बीजेपी सरकार फर्जी एनकाउंटर कराती है।

इस दौरान अखिलेश ने हाथरस की बेटी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उसके साथ 2020 में जो हुआ, उसी तरह का लगभग 2026 में भी देखने को मिल रहा है। आंकड़े बताते हैं कि सरकार हर चीज को छिपाना भी चाहती है और अपने संसाधनों की ताकत से वो जनता तक अपनी सच्चाई भी नहीं पहुंचने देना चाहती है। सपा मुखिया अखिलेश ने कहा कि फेक एनकाउंटर को लेकर कोई पहली बार बात नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि कल भी जो देखने को मिला, परिवार के लोग कहते हैं और जो खबरें आ रही है, उनसे लगता है कि फेक एनकाउंटर करने की साजिश यह सरकार लगातार करती रहती है। यूपी में मर्जी के हिसाब से फर्जी एनकाउंटर हो रहा है, यहां एनकाउंटर वर्चस्व की धाक जमाने के लिए किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि एक एनकाउंटर को सामान्य रूप से मुठभेड़ कहते हैं। हिंसक और आपराधिक गतिविधियों के लिए तब तक कोई जगह नहीं, जब तक कोई अपने स्वार्थ के लिए इसका दुरुपयोग ना करे। फर्जी एनकाउंटर के माध्यम से मेंटल सॉफ्टवेयर को सेट किया जाता है, लेकिन अपडेट या अपग्रेड नहीं किया जाता। एनकाउंटर से मानस में हिंसा को भरा जाता है, हत्या को जायज ठहराया जाता है और जेंडर के जमाने की उस रूढ़िवादी मानसिकता को वापस लाया जाता है ,जो कहती है कि शक्ति ही अधिकार है। अखिलेश ने कहा कि फर्जी एनकाउंटर लोकतांत्रितक व्यवस्था के विरुद्ध एक बहुत बड़ा षड्यंत्र है। फर्जी एनकाउंटर संविधान में दिए गए न्याय के राज और सामा. जिक न्याय के राज को सिरे से नकारता है. सरकार में लोग अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। फर्जी एनकाउंटर करने वाले सरकार नहीं, गुनहगार हैं। जिस एनकाउंटर के पीछे मर्जी चले, समझो वो फर्जी है, यूपी में मर्जी के हिसाब से एनकाउंटर हो रहा है।

# एनआईए ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से 14 लोगों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगे न्यायिक अधिका. रियों को कथित तौर पर बंधक बनाने, हिंसक विरोध प्रदर्शन और रास्ता जाम करने के मामले में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से 14 और लोगों को गिरफ्तार किया है। यह मामला एक अप्रैल को मालदा के कालियाचक-द्वितीय ब्लॉक के मोथाबारी में हुई घटना से जुड़ा है। वहां मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का विरा. ेध कर रही एक उग्र भीड़ ने तीन महिला अधिकारियों सहित सात न्यायिक अधिकारियों को कई घंटों तक कथित तौर पर बंधक बना लिया था। एनआईए की टीमों ने सोमवार देर रात मालदा के कालियाचक और मोथाबारी में कई ठिकानों पर छापेमारी कर ए गिरफ्तारियां कीं। इन गिरफ्तारियों के बाद इस घटना के सिलसिले में पकड़े गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 68 हो गई है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जब ए न्यायिक अधिकारी मतदाता सूची के सत्यापन कार्य की निगरानी के लिए तैनात थे, तब सैकड़ों निवासी ब्लॉक विकास कार्यालय (बीडीओ) के बाहर जमा हो गए।

# किसानों की आत्महत्याएं नहीं रुकेंगी

## कीटनाशक पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर बोली क्रॉपलाइफ इंडिया कंपनी

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्र सरकार के तेलंगाना में प्रतिबंध और जहर से होने वाली मौतों पर चिंता के बाद फसल सुरक्षा उत्पादों 'पैराक्वाट डाइक्लोराइड' और 'कार्बोसल्फान' की बिक्री की समीक्षा किए जाने के बीच, क्रॉपलाइफ इंडिया ने आग्रह किया है कि कोई भी निर्णय किसानों की आत्महत्या के वास्तविक कारणों की स्पष्ट समझ और गंभीर तनाव से जूझ रहे किसानों पर इस प्रतिबंध के पड़ने वाले व्यावहारिक असर को ध्यान में रखकर ही लिया जाना चाहिए।

संगठन का कहना है कि किसी उत्पाद पर प्रतिबंध लगाने से साधन तो हट जाता है, लेकिन समस्या का मूल कारण खत्म नहीं होता। वास्तव में, किसी उत्पाद को प्रतिबंधित करने से वह संकट और गहरा सकता है, जो किसी किसान को अपनी जान लेने के लिए मजबूर करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों और साक्ष्यों से यह स्पष्ट है कि किसानों की आत्महत्या के पीछे कर्ज, फसल की बर्बादी, वैकल्पिक आजीविका का अभाव और फसल खराब होने पर ऋण चुकाने में असमर्थता जैसे

■ पैराक्वाट डाइक्लोराइड व कार्बोसल्फान की समीक्षा हो

निरंतर बने रहने वाले मुख्य कारण हैं। उदाहरण के लिए, 'इंडियन जर्नल ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन' में प्रकाशित वर्ष 2024 के एक गुणात्मक अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में किसानों की आत्महत्या के मुख्य कारण मानसिक स्वास्थ्य के बजाय आर्थिक हैं, जिसमें कर्ज और उसके कारण पैदा हुआ ऋण-जाल सबसे प्रमुख कारक है। इसी तरह 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट एंड डेवलपमेंट' के एक अन्य अध्ययन के अनुसार किसानों की आत्महत्या का सीधा संबंध वर्षा की स्थिति से है। पांच अत्यधिक प्रभावित राज्यों के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि वर्षा में पांच प्रतिशत के बदलाव पर जहां प्रतिवर्ष औसतन 810 किसानों की आत्महत्या के मामले दर्ज किए गए, वहीं वर्षा में 25 प्रतिशत की कमी होने पर यह संख्या बढ़कर 1,188 तक पहुंचने का अनुमान है। इसी अध्ययन में पाया गया कि जिन क्षेत्रों में गारंटीकृत रोजगार और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध थी, वहां फसल खराब होने के बाद भी आत्महत्या के मामलों में कमी देखी गई। इन साक्ष्यों से साफ है कि आत्महत्या एक गहरे संकट का लक्षण है, और महत्वपूर्ण फसल सुरक्षा उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से यह संकट और बढ़ सकता है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने सभी हितधारकों और उद्योग जगत से आग्रह किया है कि वे सरकार द्वारा आय सहायता, फसल बीमा, संस्थागत ऋण और ग्रामीण रोजगार गारंटी के माध्यम से तैयार किए गए सुरक्षा चक्र को और मजबूत करें ताकि किसानों को इस संकट से उबारा जा सके। खरीफ बुवाई के सीजन की शुरुआत को देखते हुए यह मामला बेहद संवेदनशील और जरूरी हो जाता है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने सरकार से खेतों की व्यावहारिक आवश्यकताओं पर विचार करने का अनुरोध किया है, क्योंकि किसान इस साल के लिए अपनी लागत की योजना और प्रतिबद्धता पहले ही तय कर चुके हैं। सीजन के बीच में किफायती और स्थापित खरपतवार एवं कीट नियंत्रण विकल्पों को अचानक रोकने से किसानों की लागत बढ़ेगी ।

## एक नजर

### अकीदत से मनाए ईद : डॉ. आयुष



**राजा का ताजपुर।** समाजसेवी डॉ. आयुष दिवाकर ने सभी का आह्वान किया है कि वह ईद उल अजहा का त्यौहार अकीदत के साथ मनाए। कुर्बानी के अवशेषों को गहरे गड्ढे में दबा दें। कुर्बानी के दौरान वीडियो न बनाए। जिन जानवरों की कुर्बानी पर पाबंदी है, उनकी कुर्बानी न की जाए। सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे के त्यौहारों का मान-सम्मान करें। ऐसा कोई काम न करें, जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे। सभी धर्मों के त्यौहार इंसानियत भाईचारे का संदेश देते हैं। ताजपुर के हिन्दुओं व मुसलमानों के बीच भाईचारे की मिसाल दी जाती है।

### अफजलगढ़ में साढ़े सात बजे नमाज

**अफजलगढ़।** नगर की ईदगाह में सुबह साढ़े सात बजे ईद उल अजहा की नमाज होगी। जबकि जामा मस्जिद में आठ बजे नमाज होगी। ग्राम मानियावाला की ईदगाह में 7:30 बजे नमाज होगी। रेहड़ ईदगाह में सवा सात बजे नमाज होगी।

### पुलिस ने राहगीरों को शरबत बांटा



**नगीना।** पुलिस ने भीषण गर्मी और हीट वेव के बीच राहगीरों को शरबत वितरित किया। यह पहल तहसील परिसर में की गई। इस अभियान का नेतृत्व सीओ नगीना राजेश सिंह सोलंकी ने किया। पश्चिमी उ.प्र. के कई जनपदों में पिछले कई दिनों से तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। इससे राहगीरों और आम जनता को असहनीय गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। इसी स्थिति को देखते हुए नगीना पुलिस ने यह मानवीय कदम उठाया, ताकि सड़क पर चलने वाले लोगों को अस्थायी राहत मिल सके। शरबत वितरण में पुलिसकर्मियों और होमगार्डस ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उनकी भागीदारी से हजारों लोगों तक शरबत पहुंचाई गई। थाना नगीना के प्रभारी, उप निरीक्षक, कांस्टेबल और होमगार्ड ने भी कार्यक्रम को सुचारु ढंग से संचालित करने में सहयोग दिया। इस पहल के दौरान मौजूद लोगों ने पुलिस के इस कदम की सराहना की। उन्होंने इसे जनहित में उठाया गया एक सराहनीय कार्य बताया।

### बीसीए प्रथम सेमेस्टर में अज़का प्रथम

**नजीबाबाद।** नार्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेज के बीसीए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा के बीसीए प्रथम सेमेस्टर में अजका अजमल ने 77.71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम, हर्षलता ने 75.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा नियति ने 73.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों टॉपर छात्रों ने अपनी इस सफलता के पीछे कड़ी मेहनत, अपने माता-पिता तथा अपने शिक्षकों का योगदान बताया। नार्थ इंडिया कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन की प्राचार्या डॉ० नीलावती, डॉ० नवनीत राजपूत एवं क्लास कोऑर्डिनेटर विवेक राजपूतसहित सभी शिक्षको ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुये कहा कि तीनो लड़कियों का कक्षा में उच्च स्थान गर्व का विषय हैं। बीसीए की विभागाध्यक्ष डॉ. शिवानी चौहान ने बताया कि कंप्यूटर शिक्षा वर्तमान समय में असीम संभावनाओं का क्षेत्र बनकर उभर रही है। नार्थइण्डिया ग्रुप आफ कालेजेस के प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल एवं कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल एवं टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान सहित सभी शिक्षकों ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बढ़ापुर क्षेत्र में पीडीए को जोड़ रही राधा

## ग्राम की चौपालों पर सपा की चर्चा

राकेश कुमार

**बिजनौर।** सपा की वरिष्ठ नेत्री एवं बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट की प्रबल दावेदार राधा सैनी पीडीए को पार्टी से जोड़ने के लिए गंभीरता के साथ काम कर रही हैं।



प्राप्त समाचार के अनुसार सपा की पूर्व जिला उपाध्यक्ष राधा सैनी ने बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में पीडीए को पार्टी से जोड़ने के वास्ते अभियान चला रखा है। वह भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में भी ग्रामों में जा रही हैं। ग्रामीणों के बीच बैठ कर वह भाजपा सरकार की नाकामियां गिना रहीं हैं। साथ ही प्रदेश में सपा की सरकार बनने के बाद होने वाले बदलाव व फायदे के बारे में भी मतदाताओं को जागरूक कर रही हैं। उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों को सफलता मिलती दिखाई दे रही है। वह क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। बयानबाजी से दूर राधा सैनी खामोशी के साथ पार्टी के मिशन को पूरा करने में लगी हुई हैं। राधा सैनी का कहना है कि भाजपा ने पिछड़े वर्ग का सबसे ज्यादा शोषण किया है। जब पिछड़े वर्ग के नेता का मुख्यमंत्री बनने का नम्बर आया, तो उन्हें स्टूल पर बैठा कर हक मार लिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सैनी समाज का भी सबसे ज्यादा शोषण हुआ है। अल्पसंख्यक समाज तो शुरू से ही भाजपा के निशाने पर रहा है। लेकिन पिछड़ा हिन्दू समाज व दलित समाज पर भी अत्याचार कम नहीं हुए हैं। किसानों की अनदेखी की गई है। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान करते हुए कहा कि वह भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति के चक्कर में न आए और भाईचारा कायम करते हुए सपा का साथ थे।

इस दौरान राधा सैनी का कई जगह स्वागत हुआ। उनके साथ ज्ञानचंद सैनी, रघुवीर सैनी, अजय सैनी, छत्रपाल सैनी, महेन्द्र सैनी, टिंकू सैनी, नरेश सैनी, मौहम्मद असलम, मौहम्मद जुबैर, मुकीम अहमद, मौहम्मद इकबाल, फरीद अहमद, शिव कुमार कश्यप, मंजीत कश्यप, आशाराम कश्यप, लईक अहमद आदि भी मौजूद थे।

# गर्मी से लोग परेशान, बिजली कटौती ने बढ़ाई मुश्किल

## 41 डिग्री पार तापमान, सड़कें सूनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। आज तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिसके कारण दोपहर में शहर की सड़कें सूनी रहीं। तेज धूप और तपिश के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर हुए।

गर्मी से राहत पाने के लिए लोग विभिन्न उपाय करते दिखे। कई स्थानों पर वाटर कूलर पर पानी के लिए भीड़ उमड़ी, जबकि कुछ लोग सिर पर छाता या कपड़ा रखकर धूप से बचाव करते नजर आए। अनावश्यक रूप से घरों से निकलने से लोग परहेज कर रहे हैं। कुछ इलाकों में बिजली कटौती ने भी लोगों की परेशानी बढ़ाई है।

मई की शुरुआत से ही बिजनौर जिले में गर्मी का असर महसूस किया जा रहा है। हालांकि, बीच-बीच में हुई हल्की बारिश और हवा से कुछ दिनों तक थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी लगातार पड़ रही है। दोपहर में सूरज की तपिश और गर्म हवाएं लोगों को झुलसा रही हैं। अत्यधिक गर्मी और उमस के कारण लोग दिनभर परेशान रहते हैं। शाम के समय तापमान में कुछ गिरावट आने से थोड़ी राहत मिलती है। लोग आइसक्रीम, नींबू पानी, जूस और ठंडे पेय पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। गर्मी का असर कारोबार पर भी दिख रहा है, जिससे दुकानदार खाली बैठे नजर आ रहे हैं।

तपती धूप में काम करने वाले मजदूरों पर इसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ रहा है। गर्मी के कारण सार्वजनिक स्थानों जैसे जिला अस्पताल, कलेक्ट्रेट, कोर्ट और बस स्टैंड पर लगे वाटर कूलर और हैंडपंप पर लोगों की खासी भीड़ देखी गई। लोग वहां से पानी लेकर पीते हुए नजर आए। कुछ जगहों पर छबील लगाकर भी लोगों ने सेवा की।

# मेजर दानिश फारूकी राम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** नगर निवासी एवं भारतीय सेना में विधि अधिकारी के पद पर कार्यरत मेजर दानिश फारूकी को राजस्थान के बालोतरा में आयोजित शैक्षिक कॉन्फ्रेंस एवं जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन इकरा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा किया गया, जिसमें शिक्षा, समाजसेवा एवं प्रतिभा सम्मान को लेकर विभिन्न गति. विधियां आयोजित की गई। अपने संबोधन में मेजर दानिश फारूकी ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, आत्मसम्मान व राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान, कौशल, अनुशासन व चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान देने का आह्वान करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में वही समाज आगे बढ़ेगा जो शिक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएगा। मेजर फारूकी ने छात्राओं की शिक्षा को समाज की प्रगति की कुंजी बताते हुए कहा कि अगर मां शिक्षित होगी तो पूरासमाज शिक्षित होगा। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों की उच्च शिक्षा सुनिश्चित करने तथा शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना बनाए रखने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं तथा समा. जसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। उपस्थितलोगों ने मेजर दानिश फारूकी के प्रेरणादायी विचारों की सराहना करते हुए उन्हें युवाओं के लिए एक सकारात्मक रोल मॉडल बताया।

कार्यक्रम के समापन पर इकरा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा मेजर दानिश फारूकी सहित सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया तथा शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे प्रयास निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया गया।

# नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा बैठक

## राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर के निर्देशों के क्रम में एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकायों के कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

एडीएम अंशिका दीक्षित ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गजेटियर से संबंधित सूचनाएं एवं अभिलेख आवश्यक जानकारी एवं तथ्यात्मक रूप में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में तेजी लाई जाए तथा नगर निकायों की आय में वृद्धि के लिए उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी नगर निकायों में संचालित नाला सफाई अभियान की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए नाला सफाई कार्य में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी सफाई कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, जिससे जलभराव जैसी समस्याओं से आमजन को राहत मिल सके।

उन्होंने नगर क्षेत्रों में मच्छरों एवं संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से स्मोक गन चलाने के निर्देश भी दिए, ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

उन्होंने सभी ईओ को विशेष अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित रूप से गौशालाओं में संरक्षित कराने तथा स्ट्रीट डॉग की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि गोशालाओं में साफ-सफाई, स्वास्थ्य परीक्षण एवं समुचित देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा नगर क्षेत्रों में व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी की जाए।

उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पात्र रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए प्रत्येक नगर निकाय में विशेष कैंप आयोजित करें तथा प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पहुंचना चाहिए। नगर निकायों में संचालित विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस मौके पर समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत के प्रति. निधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**नजीबाबाद।** गंगा दशहरा के पर्व पर नांगल सोती कुछ ही दूर पर स्थित प्राचीन सिद्ध कुटी स्थल पर पहुंच कर घाट पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मां गंगा के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से ही प्राचीन सिद्ध कुटी मंदिर वह गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने मां गंगा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने गंगा तट पर ब्राह्मणों को दान भी दिया और अपने परिवार के कष्टों को दूर करने तथा सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद, श्रद्धालुओं ने जंगल के बीच बने सिद्धकुटी मंदिर प्रांगण में भी दर्शन किए और प्रसाद चढ़ाया। यहां उन्होंने परिवार की शांति, कष्ट हरण के लिए प्रार्थना की।

## एक नजर

### एकादशी पर्व पर ठंडा शरबत पिलाया



**नजीबाबाद।** रायपुर मार्ग स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता अजय माहेश्वरी के प्रतिष्ठान पर एकादशी के पावन पर्व और ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी पर राहगीरों को राहत देने के लिए लगाए गए इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस मौके पर प्रतिष्ठान के सामने से गुजरने वाले हर राहगीर, रिक्शा चालकों को रोक कर ठंडा शरबत पिलाया गया। शरबत वितरण कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वरिष्ठ भाजपा नेता अजय माहेश्वरी ने कहा कि सनातन धर्म में एकादशी के अवसर पर जल और शरबत पिलाना बड़ा पुण्य का कार्य माना गया है। इस मौके पर संगीता माहेश्वरी, दिव्यकृष्ण माहेश्वरी, अर्पिता महेश्वरी, डीपी सिंह, प्रीतम राहुल अनिल कुमार, जॉनी, तारे सिंह, वीरेंद्र कुमार, राम अवतार आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पति समेत 10 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**नगीना।** पुलिस ने महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करने, तीन तलाक देकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पति, सास, जेठ और देवर सहित 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मौहल्ला काजीसराय प्रथम, नगीना निवासी शगुफ्ता परवीन की शादी 16 मई 2022 को ग्राम मिर्जापुर पल्लावाला (थाना धामपुर) निवासी तालिब के साथ मुस्लिम शरीयत के अनुसार हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति तालिब, सास सायरा, जेठ मोबीन, देवर इस्माईल व इसराईल, ननद कमर जहां, कौसर, सैफीना और नन्दोई मौसीन व आरिफ कम दहेज का ताना देकर प्रताड़ित करने लगे। वे मायके से एक कार और 5 लाख रुपये नकद लाने का लगातार दबाव बना रहे थे और मना करने पर मारपीट करते थे। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति शादी के कुछ समय बाद सऊदी अरब चला गया था। उसके पीछे जेठ इस्माईल और ननदों ने उसके सारे सोने-चांदी के जेवर जबरदस्ती छीन लिए। यही नहीं, देवर इस्माईल और इसराईल ने पीड़िता को अकेला पाकर कई बार उसे गलत तरीके से पकड़ा और अश्लील हरकतें करते हुए जबरन संबंध बनाने की कोशिश की। जब पीड़िता ने जनवरी 2025 में सऊदी से लौटे पति को यह बात बताई, तो उसने भी अपनी पत्नी को ही झूठा ठहरा दिया। 31 दिसंबर 2025 को पीड़िता ने एक बेटे (ओरहान) को जन्म दिया, जिसके सवा महीने बाद ही ससुराल वाले उसे मायके छोड़ गए। 10 मई 2026 को जब शगुफ्ता खुद अपने बच्चे को लेकर ससुराल पहुंची, तो उसे गालियां देकर भगा दिया गया। इसके बाद 19 मई 2026 को शाम करीब 7:30 बजे पति तालिब ने फोन कर शगुफ्ता को एक ही बार में तीन बार 'तलाक-तलाक-तलाक' कहकर रिश्ता तोड़ दिया साथ ही कानूनी कार्रवाई करने पर बच्चे समेत जान से मारने की धमकी भी दी। थाना पुलिस द्वारा सुनवाई न होने पर पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नगीना पुलिस ने 26 मई 2026 को बीएनएस की धारा 85, 74, 115(2), 352, 351(3), दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 और मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा) अधिनियम की धारा 3/4 के तहत केस दर्ज किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक सोहन सिंह पुंडीर को सौंपी गई है।

**कन्या इण्टर कॉलेज, धामपुर**
(बिजनौर) पिन कोड-246761

**सूचना**

अवगत कराना है कि विद्यालय प्रबन्ध समिति का चुनाव जो दि. 28.06.2026 को होना था वह पीठासीन अधिकारी द्वारा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। चुनाव का नया कार्यक्रम आने पर शीघ्र प्रकाशित किया जाएगा।

**प्रधानाचार्या**
**कन्या इण्टर कॉलेज**
**धामपुर (बिजनौर)**

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसायटीज एवं चिट्स, मुरादाबाद मंडल, मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आलम द्वारा संस्था सदर मस्जिद कमेटी ग्राम रसूलपुर मौ. कुली उर्फ बुडेरन, तह. धामपुर, जिला बिजनौर का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. आलम अध्यक्ष/सदर, 2. माजिद अली उपाध्यक्ष/नायब सदर, 3. सलीम अहमद प्रबन्धक/मुतवल्ली, 4. नसीम उप प्रबन्धक, 5. तसलीम कोषाध्यक्ष, 6. मौहम्मद इमरान, 7. रईस अहमद- सदस्य दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो. रजि. एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**(आनन्द विक्रम सिंह)**
**सहायक निबन्धक**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 12 के सम्पत्ति संख्या 183 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में जगदीश सिंह पुत्र परवीन सिंह के नाम दर्ज है। अत: जगदीश सिंह पुत्र परवीन सिंह का नाम निरस्त कर देवेन्द्र पुत्र जगदीश सिंह का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 03 के सम्पत्ति संख्या 232 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में सतवन्त सिंह सलूजा पुत्र जगत सिंह के नाम दर्ज है। अत: सतवन्त सिंह सलूजा पुत्र जगत सिंह का नाम निरस्त कर रोहित अग्रवाल पुत्र अनिल कुमार का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 19 के सम्पत्ति संख्या 356 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में राकेश चमोली पुत्र बी.एम. चमोली के नाम दर्ज है। अत: राकेश चमोली पुत्र बी.एम. चमोली का नाम निरस्त कर रचना रानी, कमलेश देवी, बाला देवी का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. के यहां गजेन्द्र पुत्र जगराम सिंह निवासी ग्राम अजदेव खानपुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर ने अपने भवन निर्मित 164.15 वर्ग मी. स्थित खसरा नं. 100 ग्राम खानपुर, परगना बास्टा, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है, जिसे श्री जगराम सिंह पुत्र गंगाराम ने दान किया था। उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, उत्तराधिकारी, बैंक, वित्तीय संस्था या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो, तो 7 दिन के भीतर निम्न पते पर सम्पर्क सूत्र पर दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. के यहां श्रीमती सरोज पत्नी सुधीर, निवासी ग्राम हसन अलीपुर हीरा, तहसील नगीना, जिला बिजनौर ने अपने भवन निर्मित 81.67 वर्ग मी. स्थित खसरा नं. 72 ग्राम हसन अलीपुर हीरा के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। उक्त सम्पत्ति को अनिता पत्नी नीरज कुमार ने विक्रय किया था जो बही सं. 1, जिल्द सं. 6948, पृष्ठ 381/394, क्रमांक 4959 दिनांक 13.08.2020 पर दर्ज है। उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, उत्तराधिकारी, बैंक, वित्तीय संस्था या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो, तो 7 दिन के भीतर निम्न पते पर सम्पर्क सूत्र पर दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. के यहां सतपाल सिंह पुत्र हरस्वरूप सिंह निवासी ग्राम शेरपुर मुस्त, तहसील धनौरा, जिला अमरोहा ने अपने भवन निर्मित 119.60 वर्ग मी. स्थित खसरा नं. 491ख ग्राम शेरपुर मुस्त, धनौरा, जिला अमरोहा के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। जिसे हरस्वरूप पुत्र कालिया ने दान किया था। उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, उत्तराधिकारी, बैंक, वित्तीय संस्था या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो, तो 7 दिन के भीतर निम्न पते पर सम्पर्क सूत्र पर दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शिवम कुमार व उसकी पत्नी मनीषा मेरे कहने-सुनने में नहीं है तथा मेरा पुत्र गलत संगत में पड़ गया है। मेरे साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट करते है। मेरा पुत्र लोगों से कर्जा लेता है तथा लौटाता नहीं है, जो बाद में मुझे अदा करना पड़ता है। मनीषा मुझसे अपने नाम मकान कराने का दबाव बनाती है। इस कारण मैं अपने पुत्र शिवम कुमार व उसकी पत्नी मनीषा को अपनी चल व अचल सम्पत्ति तथा अन्य किसी भी प्रकार की सम्पत्ति से अपने पूरे होश-हवाश में तथा स्वस्थ मस्तिष्क की दशा में बेदखल कर रहा हूं। इन दोनों के किसी भी लेन-देन से तथा किसी भी प्रकार के कार्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक, मतलब व वास्ता तथा किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं रहेगी। **सुशील कुमार पुत्र धन सिंह निवासी हरवंशपुर धारम, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर उ.प्र.**-246762

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ. अकरम अपनी पत्नी शमीना व अपनी ससुराल वालों के बहकाये सिखाये में है। वह मुझे व मेरे पति, मेरी लड़कियों व लड़के को परेशान व आये दिन गाली-गलौच एवं मारपीट करते है। जान से मारने की धमकी देते है। शमीना दहेज व अन्य झूंठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है। मैंने इन्हे बहुत समझाया, परन्तु वह अपनी आदतों में सुधार नहीं लाये। इनसे तंग आकर मैंने अपने सामाजिक व पारिवारिक सम्बंध समाप्त कर लिए है तथा मैंने अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से अकरम व शमीना को बेदखल कर दिया है। मौ. अकरम व शमीना से मेरा व मेरे परिवार का कोई संबंध वास्ता नहीं रहा। अकरम व शमीना का मेरी किसी चल व अचल सम्पत्ति में कोई हक नहीं रहेगा। **-संजीदा पत्नी मौ. असलम, निवासी मौहल्ला शेखान, वार्ड नम्बर-21, कस्बा व थाना स्योहारा, जिला बिजनौर।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना पुराना नाम यासमीन हफीज (Yasmeen Hafeez) से बदल कर यासमीन (Yasmeen) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **यासमीन पत्नी शफक्कत हुसन निवासी मौहल्ला कोटला, पोस्ट व थाना किरतपुर, जिला बिजनौर (यू.पी.)**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ. अंसार व उसकी पत्नी फरजाना आये दिन मेरे ऊपर मकान के बटवारे का दबाव बनाते है। मेरे इन्कार करने पर मेरे व मेरे बच्चों के साथ मारपीट, अभद्र व्यवहार व गाली-गलौच करते है। दोनों कहते है कि यदि तुमने जल्द ही मकान का बटवारा नहीं किया, तो हम तुम्हे जान से मारकर मकान का बटवारा कर लेंगे या तुम्हे मुकदमे में फसवाकर बर्बाद कर देंगे। परेशान होकर मैंने अपने लड़के अंसार व उसके परिवार को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल (आंक) कर दिया है और अपने तमाम संबंध विच्छेद कर लिये है। **हाफिज इसरार पुत्र अब्दुल हमीद निवासी मौहल्ला अंसारियान, कस्बा व थाना किरतपुर, जिला बिजनौर मो.नं. 8126837098**

# शव दफनाने को लेकर विवाद

## पैमाइश के बाद देवस्थल की भूमि पर बंद कराई कब्र





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम नकीबपुर खजूरी में देवस्थल की भूमि पर शव दफनाने को लेकर ग्रामीणों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। कब्रिस्तान के बजाय देवस्थल की जमीन पर कब्र खोदे जाने के कारण यह स्थिति बनी। सूचना मिलते ही राजस्व विभाग और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले का समाधान किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज गांव निवासी रशीद की मृत्यु के बाद उनके शव को दफनाने के लिए देवस्थल की भूमि पर खुदाई की जा रही थी। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। विवाद की सूचना मिलते ही धामपुर सीओ अभय कुमार पांडे, नायब तहसीलदार विजय कुमार सिंह और कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने तत्काल विवादित स्थल का मुआयना किया और मौके पर ही भूमि की पैमाइश (माप) करवाई। राजस्व विभाग की पैमाइश में यह स्पष्ट हो गया कि खुदाई वास्तव में देवस्थल की भूमि पर ही की जा रही थी। प्रशासन के निर्देश पर पहले खोदी गई कब्र को बंद करवा दिया गया। इसके बाद, निर्धारित भूमि की निशानदेही की गई और शव को दफनाने के लिए दूसरी उपयुक्त जगह पर कब्र खोदी गई। प्रशासन की सक्रियता से यह विवाद समय रहते सुलझ गया और अंतिम संस्कार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राजस्व विभाग ने पैमाइश कर विवाद का निपटारा करा दिया है।

# ग्राम प्रधानों ने अपने कार्यकाल में छह महीने की वृद्धि पर खुशी मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में आज दोपहर को ग्राम प्रधानों ने अपने कार्यकाल में छह महीने की वृद्धि पर खुशी मनाई। प्रदेश सरकार ने ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया है, जिसके बाद वे अब प्रशासक के रूप में ग्राम पंचायतों का प्रबंधन करेंगे।

प्राप्त समाचार के अनुसार अखिल भारतीय प्रधान संगठन के नेतृत्व में एकत्र हुए प्रधानों ने इस निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने ब्लॉक परिसर में आतिशबाजी कर और नारे लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया।एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई गई। इस अवसर पर प्रधानों ने सरकार की इस पहल को श्बहुत अच्छीश बताया। उन्होंने कहा कि इस विस्तार से वे अपनी पंचायतों में और अधिक कार्य कराकर जनता को लाभ दिला सकेंगे। प्रशासक के रूप में ग्राम प्रधान कार्य करेंगे।सरकार से अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने यह मांग पूर्व में रखी थी।सरकार ने ग्राम प्रधान की मांग को पूरा किया है। इस मौके पर यशपाल सिंह, प्रशांत कुमार, अशोक कुमार, खलील अहमद, अजहर अली, योगेश कुमार, फरमान अहमद, सतवीर सिंह सहित कई अन्य ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# आरओबी निर्माण में सुधार की जरूरत

## क्षेत्रीय लोगों ने उठाई जनहित की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के नूरपुर मार्ग पर निर्माणाधीन आरओबी संख्या-446 को लेकर क्षेत्र में जनहित से जुड़ी चर्चाएं तेज हो गई हैं। क्षेत्रीय लोगों का मानना है कि यदि समय रहते पुल की संरचना में आवश्यक सुधार कर दिए जाएं, तो भविष्य में बढ़ते यातायात दबाव और समस्याओं से बचा जा सकता है। लोगों ने आरओबी की चौड़ाई और लंबाई बढ़ाने, दीवारों की ऊंचाई कम करने तथा छोटे वाहनों के लिए अलग अंडरपास बनाए जाने की जरूरत बताई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन लगातार बढ़ रहा है। आसपास स्थित शुगर मिल और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के कारण दिनभर ट्रकों और बड़े वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में केवल दो लेन का आरओबी आने वाले समय में यातायात दबाव को संभालने में पर्याप्त साबित नहीं होगा। लोगों का मानना है कि पुल को कम से कम चार लेन चौड़ाई के हिसाब से तैयार किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में जाम जैसी समस्याओं से राहत मिल सके और यातायात सुचारु बना रहे क्षेत्र के लोगों ने यह भी कहा कि आरओबी की वर्तमान लंबाई आसपास के रिहायशी क्षेत्रों और संपर्क मार्गों को प्रभावित कर सकती है। उनका सुझाव है कि पुल का विस्तार दोनों दिशाओं में बढ़ाया जाए, जिससे स्थानीय कॉलोनियों और बाजार क्षेत्र की कनेक्टिविटी बनी रहे तथा लोगों को अनावश्यक लंबा रास्ता तय न करना पड़े।

वहीं पुल के दोनों तरफ प्रस्तावित करीब 7.5 मीटर ऊंची दीवारों को लेकर भी लोगों में चिंता दिखाई दे रही है। नागरिकों का कहना है कि इतनी ऊंची दीवारें व्यापारिक गतिविधियों और स्थानीय आवागमन पर असर डाल सकती हैं। नागरिकों ने सुझाव दिया है कि दीवारों की जगह अधिक खुली और आधुनिक संरचना अपनाई जाए। जिससे क्षेत्र का विकास और स्थानीय कारोबार प्रभावित न हो। इसके अलावा छोटे वाहनों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए अंडरपास बनाए जाने की मांग भी सामने आ रही है। नागरिकों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य में जनहित से जुड़े इन पहलुओं पर ध्यान दिया गया, तो आने वाले वर्षों में यह आरओबी क्षेत्र के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

# पुरानी रंजिश में फायरिंग

**धामपुर।** ग्राम कन्दखेड़ी निवासी फईमुद्दीन पुत्र जमालुद्दीन ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह रविवार की रात अपने पुत्र नोमान के साथ अपनी कपड़े की दुकान बंद कर कार से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे रास्ते में एक स्थान पर पहुंचे, तभी बाइक सवार कुछ लोगों ने उनकी कार के सामने बाइक लगा दी। इस दौरान आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए कथित रूप से हवाई फायरिंग की। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद उनका पुत्र कार तेजी से लेकर गांव पहुंच गया, लेकिन वहां भी पीछा करते हुए पहुंचे लोगों ने उनकी कार पर फायरिंग की, जिससे कार का पिछला शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया कि इसके बाद परिवार ने घर का मुख्य गेट बंद कर लिया, लेकिन गेट के बाहर गाली-गलौच, धमकी और फायरिंग की गई। तहरीर बताया कि कुछ देर बाद दूसरे पक्ष का एक व्यक्ति भी घर पहुंचा और कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया। गांव के लोगों ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। पीड़ित पक्ष ने मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# देशहित में कांग्रेस की नीतियां हमेशा रही जनकल्याणकारी: आदिल चौधरी

## महंगाई और बेरोजगारी पर कांग्रेस सरकार ही लगा सकती है अंकुश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** लगातार बढ़ती महंगाई, डीजल-पेट्रोल के आसमान छूते दाम और बेरोजगारी को लेकर पूर्व प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने गहरी चिंता जताई है।

उन्होंने कहा कि आज देश का आम आदमी महंगाई की दोहरी मार झेलने को मजबूर है। रोजमर्रा की जरूरत से लेकर बच्चों की पढ़ाई, इलाज और घरेलू खर्च तक हर चीज का बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियां हमेशा देशहित और जनहित पर आधारित रही हैं। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी और युवाओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। कांग्रेस सरकारों ने रोजगार सृजन, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू कर देश को मजबूत करने का काम किया।

नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने कहा कि डीजल और पेट्रोल के बढ़ते दामों का असर केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका सीधा प्रभाव पूरे बाजार और आम जनता की जिंदगी पर पड़ता है। देश में अधिकांश माल ढुलाई डीजल वाहनों के जरिए होती है। ऐसे में ईंधन महंगा होने से ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ जाता है और फल-सब्जियां, दूध, दवाइयां सहित रोजमर्रा की सभी जरूरी वस्तुएं महंगी हो जाती हैं। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने कहा कि एक तरफमहंगाई लगातार बढ़ रही है, तो दूसरी तरफ बेरोजगारी ने युवाओं के सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। शिक्षित युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं और परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा युवाओं को रोजगार और आम जनता को राहत देने की पक्षधर रही है।

मनरेगा जैसी योजनाओं ने गांवों में रोजगार उपलब्ध कराया और गरीब परिवारों को सहारा देने का काम किया। कांग्रेस पार्टी देश में सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करती रही है।

उन्होंने कहा कि आज जरूरत ऐसी सरकार और ऐसी सोच की है, जो जनता की समस्याओं को समझे और जमीनी स्तर पर समाधान करने का कार्य करे। देश की जनता फिर से कांग्रेस पार्टी की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है, यदि जनता कांग्रेस को समर्थन देती है, तो बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश को ऐसी नीतियों की जरूरत है, जो आम आदमी की जेब किसानों की खेती और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित कर सकें।

# भैंसे की जगह खुद बुग्गी खींच रहा किसान

## बढ़ते डीजल के दामों के चलते छोटे कामों के लिए ट्रैक्टर के उपयोग से परहेज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम मटौरा मान से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया। यहां एक किसान भैंसे की जगह खुद बुग्गी खींचकर पशुओं के लिए चारा लाते हुए दिखाई दिया। यह दृश्य क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मटौरा मान निवासी भारतीय किसान यूनियन जिला प्रवक्ता चौधरी राजेंद्र सिंह आज अपने खेतों से पशुओं के लिए चारा लेकर घर लौट रहे थे। खास बात यह रही कि उनकी बुग्गी में भैंसे की जगह वह स्वयं उसे खींचते नजर आए। जब लोगों ने इसका कारण पूछा, तो उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने अपना भैंसा बेच दिया था और उससे मिली धनराशि गन्ने की खेती में लगा दी थी। लेकिन बीमारी और अन्य कारणों से गन्ने की फसल खराब हो गई, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा और लागत तक वापस नहीं आ सकी।

उन्होंने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण फिलहाल नया भैंसा खरीद पाना संभव नहीं है। हालांकि उनके पास ट्रैक्टर मौजूद है, लेकिन लगातार बढ़ते डीजल के दामों के चलते छोटे कामों के लिए ट्रैक्टर का उपयोग करना भारी पड़ रहा है। ऐसे में वह खुद ही बुग्गी खींचकर पशुओं के लिए चारा लाने को मजबूर हैं।

चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा कि यह सिर्फ उनकी मजबूरी नहीं, बल्कि बढ़ती महंगाई और खेती-किसानी की चुनौतियों का भी प्रतीक है। उन्होंने लोगों से प्राकृतिक संसाधनों के सीमित उपयोग और ईंधन की बचत करने की अपील भी की।

गांव में यह दृश्य देखने वालों का कहना है कि यह तस्वीर किसानों की वर्तमान स्थिति को बयां करती है, जहां बढ़ती लागत, महंगा डीजल और फसल नुकसान जैसी समस्याओं ने किसानों की कमर तोड़ दी है। यह घटना अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# महिलाओं से मारपीट का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम कुंवर मिठन प्रताप सिंह में महिलाओं के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। जांच के उपरांत पुलिस ने एक दंपती सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जबकि पति-पत्नी का शांतिभंग की आशंका में चालान भी किया गया है।

बताया गया कि करीब तीन दिन पूर्व गांव में किसी बात को लेकर कुछ लोगों और महिलाओं के बीच विवाद हो गया था। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि महिलाओं के साथ लात-घूंसों से हमला किया गया। इस दौरान किसी ग्रामीण ने घटना का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू की। जांच के आधार पर पुलिस ने गांव निवासी रानी, उसके पति सुरेंद्र सिंह तथा उनके रिश्तेदार गौतम निवासी गांव सतवई, थाना स्योहारा के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना पुलिस के अनुसार गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पति-पत्नी का शांतिभंग में चालान किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अग्रवाल संस्थान ने पिलाया शरबत




**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान द्वारा रोडवेज बस स्टैंड पर भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडा शरबत पिलाया गया। इस दौरान भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वैश्य समाज उ.प्र. के नगर महामंत्री मुकेश अग्रवाल एवं राजवर्धन भटनागर द्वारा राहगिरों को शरबत देकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संस्थान संस्थापिका सविता अग्रवाल ने बताया सुबह दस बजे से चार बजे तक शरबत पिलाया गया। संस्थान सदस्यों ने सभी बसों के अंदर जा-जाकर राहगिरों को शरबत वितरित किया। वरिष्ठ नागरिक राजवर्धन भटनागर ने कहा कि कमला एकादशी के दिन जल पिलाने का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इस मौके पर संस्थान की शशि शर्मा एवं नीना शर्मा, ममता शर्मा, सर्वेश कुमार गुप्ता, हरीश गुप्ता, उपाध्यक्ष आशा अग्रवाल, अलका अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, ममता शर्मा, अंजू शर्मा, शारदा अग्रवाल मौजूद रही। रोडवेज कर्मियों मुकेश कुमार वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी, अरविंद शर्मा, प्रदीप कुमार स्टेशन प्रभारी, दीपक कुमार, आकाश शर्मा के अतिरिक्त देवेश अग्रवाल, रमेश महेश्वरी आदि का योगदान रहा।

# पैजनिया बिजलीघर पर धरना-प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** विद्युत समस्याओं को लेकर आज ग्राम पैजनियां स्थित बिजलीघर पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया।

धरने का नेतृत्व संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार उर्फ बिट्टू चौधरी ने किया। बड़ी संख्या में किसान और संगठन पदाधिकारी सुबह से ही बिजलीघर परिसर में एकत्र होने लगे। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित समय के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है, जिससे फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संगठन के पश्चिमी उ.प्र. महासचिव कैलाश लांबा ने कहा कि कई गांवों में मात्र तीन से चार घंटे ही विद्युत आपूर्ति दी जा रही है, जो किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मुख्य मंडल महासचिव वेदप्रकाश चौधरी ने अधिकारियों को 18 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में डबल ग्रुप सप्लाई सुचारु कराने, जर्जर विद्युत लाइनों को बदलने, टूटे विद्युत खंभों की मरम्मत कराने, खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल चालू कराने तथा बिजलीघरों पर 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने जैसी प्रमुख मांगें शामिल रहीं।

धरने की सूचना पर नूरपुर के अधिशासी अभियंता गोपाल चतुर्वेदी, मदारीपुर एसडीओ गौरव कुमार तथा हल्दौर एसडीओ अभयपाल सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों के साथ करीब दो घंटे तक वार्ता की और समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। अधिशासी अभियंता गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि मदारीपुर बिजलीघर की क्षमता वृद्धि की प्रक्रिया चल रही है, जिससे कीकर खजूरी समेत आसपास के गांवों को राहत मिलेगी।

उन्होंने जर्जर लाइनों के सुधार, खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र चालू कराने तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने का आश्वासन दिया। साथ ही गांव अम्हेड़ा में प्रस्तावित भूमि आवंटन उपलब्ध होने पर समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज करने की बात कही। अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य मौहम्मद अनवार, राजपाल भगत, सुजान सिंह, ठाकुर नरेंद्र सिंह, ब्रजपाल सिंह, शकील अहमद, राकेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## एक नजर

### पानी की बर्बादी पर लगेगा जुर्माना

**धामपुर।** भीषण गर्मी के बीच जल संरक्षण को लेकर नगर पालि. का प्रशासन सख्त हो गया है। नगर पालिका ने स्पष्ट चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यदि कोई व्यक्ति या प्रतिष्ठान स्वामी पालिका की टंकी अथवा समरसेबिल (समरसेबल) से पानी व्यर्थ बहाता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही पानी की बर्बादी की सूचना वीडियो के माध्यम से देने वालों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित भी किया जाएगा। पालिका ने चेतावनी दी है कि पानी की बर्बादी करते पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति या प्रतिष्ठान स्वामी पर 500 रुपए से लेकर 5000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। नगर पालिका ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि कोई नागरिक किसी व्यक्ति को पानी व्यर्थ बहाते हुए देखता है तो उसका वीडियो बनाकर पालिका को भेज सकता है। पालिका प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पता पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। साथ ही जनहित में सहयोग करने वाले नागरिक को उचित इनाम भी दिया जाएगा। इसके अलावा नगर पालिका ने स्वच्छता को लेकर भी सख्त रुख अपनाया है। भवन स्वामियों, प्रतिष्ठान संचालकों और ठेला चालकों से अपील की गई है कि सड़क पर कूड़ा न फेंकें और कूड़ा केवल नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी को ही दें। सड़क पर कूड़ा डालते पाए जाने पर भी नियमानुसार जुर्माना वसूला जाएगा।

### राहगीरों को पिलाया शरबत



**धामपुर।** भीषण गर्मी के बीच ब्लॉक परिसर के मुख्य द्वार पर राहगीरों और ब्लॉक में आने वाले लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ठंडे शरबत का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण कर राहत महसूस की। कार्यक्रम का उद्देश्य तेज गर्मी और तपती धूप में आने-जाने वाले लोगों को राहत पहुंचाना रहा। ब्लॉक मुख्य द्वार पर लगाए गए शरबत वितरण केंद्र पर राहगीरों, कर्मचारियों और क्षेत्रीय लोगों को ठंडा शरबत पिलाया गया। इस दौरान लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनसेवा का सराहनीय कार्य बताया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, बीडीओ त्रिलोक चंद, सचिव विनीत कुमार, नसीम अहमद, हिमांशु कुमार, अंकुश कुमार, अमित कुमार, विवेक कुमार, अभिषेक, ओमपाल, पंकज, वैभव, रविंद्र सहित ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि भीषण गर्मी में इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने का माध्यम बनते हैं।

### ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी में राहत पहुंचाई




**धामपुर।** बड़े मंगलवार के अवसर पर एसडीएम कार्यालय परिसर के बाहर श्रद्धा और सेवा भाव के साथ शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में राहगीरों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और आम नागरिकों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व विनियमित क्षेत्र के लिपिक योगेंद्र कुमार (सिंह) ने किया। उन्होंने बताया कि बड़े मंगल के अवसर पर यह सेवा कार्य पिछले कई वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। इस दिन श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरण की परंपरा निभाते हुए राहगीरों और जरूरतमंदों को शरबत वितरित किया जाता है, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके। शरबत वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर इस सेवा कार्य की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा और सामाजिक सेवा का भाव देखने को मिला। इस अवसर पर उपजिला ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, पेशकार पुनीत कुमार, स्टेनो कुलदीप कुमार, लेखपाल अंजलि, बार एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद सैनी, राजपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, विनय कुमार गुप्ता, उमाशंकर शर्मा, सत्येंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह एड., सुरेंद्र सिंह सहित अनेक अधिवक्ता, कर्मचारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### अश्लील छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



**चांदपुर।** एक महिला द्वारा 06 मई को तहरीर देते हुए कहा गया कि ग्राम तांगरोला निवासी खुर्शीद पुत्र पालू खान पीड़िता के फोन पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर उसे लगातार परेशान कर रहा है और कहता है कि उक्त संबंध में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी देता है। इस संबंध मे थाना चांदपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 175/26 धारा 79 351 (2) बीएनएस दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान साक्ष्यो के आधार पर धारा 69 बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। 25 मई को चांदपुर पुलिस ने आरोपी खुर्शीद पुत्र पालू खा निवासी ग्राम तगरोला को गिरफ्तार कर लिया गया।

### चांदपुर में ईद की नमाज 6:45 बजे



**चांदपुर।** शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद आमिर ने मुसलमानों से कहा है कि 28 मई बरोज जुमेरात को ईद उल अजहा की नमाज ईदगाह में 6:45 बजे अदा की जाएगी। जबकि जमा मस्जिद में 7:15 बजे अदा की जाएगी। उन्होंने मुसलमानों से अनुरोध करते हुए कहा कि मुस्लिम भाई प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी से बचें। शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद आमिर ने कहा कि कुर्बानी पर्दे में करें, साथ ही साफ सफाई का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी की वीडियो, फोटो सोशल मीडिया पर वायरल न करें और शासन प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए एक अच्छे नागरिक होने का फर्ज निभाएं।

# विपरीत दिशा से आई कार बनी काल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गंगा एक्सप्रेस-वे पर मौत की रफतार का कहर जारी है। अब तक कई हादसे हो चुके है। जिनमें कई की मौत भी हो चुकी है। एक ओर हादसे में विपरीत दिशा से एक्सप्रेसवे पर चढ़ी कार की सामने से आ रही मर्सिडीज कार में टक्कर मार दी। आमने-सामने की टक्कर में पिता-पुत्री की मौत हो गयी। दूसरी बेटी घायल हो गयी।

**○ मर्सिडीज में हुई आमने-सामने की भिड़ंत, पिता-पुत्री की मौत**

मंगलवार की सुबह सात बजे चंदौसी से मेरठ की ओर जा रही पोलो कार विपरीत दिशा से गंगा एक्सप्रेस-वे पर चढ़ गई, तभी नोएडा से लखनऊ जा रही मर्सिडीज तेज रफ्तार में आ गयी। उसकी मर्सिडीज से भिड़ंत हो गयी। आमने-सामने की भिड़ंत में चंदौसी निवासी डा. अरविंद कुमार (55) और उनकी बेटी यामिनी (30)की मौत हो गई। वहीं डा. अरविंद की पत्नी मोना, प्रिया और डेढ़ वर्षीय मासूम सुक्छरिता गंभीर रूप से घायल हो गईं। तीनों घायलों को एंबुलेंस से जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के बाद डा. अरविंद कुमार करीब आधे घंटे तक गाड़ी में फंसे रहे। पुलिस और राहत टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिला संयुक्त चिकित्सालय के आपाताकलीन चिकित्सक चमन प्रकाश ने बताया कि तीनों घायल महिलाओं और मासूम बच्ची की हालत गंभीर है। परिजनों के पहुंचने के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर किया जाएगा।

## आसमान से बराबर बरस रही आग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आसमान से बरस रही आग का प्रकोप निरंतर बढ़ता जा रहा है। भयंकर गर्मी से कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। दोपहर को हर ओर सूनापन छाया रहता है।



सम्भल। ईदे अदहा पर व्यवस्थायें चाक चौबंद रखने को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते सपाई।

# लू और गर्मी का प्रकोप लगातार जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को तापमान अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते जनजीवन प्रभावित नजर आया। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पूरी तरह पसरा रहा और लोग केवल जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। हालांकि मौसम विभाग की ओर से अगले दो दिनों तक लू और तेज गर्म हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। साथ ही आने वाले दिनों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की सम्भावनायें हैं।

**○तापमान में नहीं आ रही गिरावट सड़के हुई सूनी, गर्व हवाएं चलने से जन-जीवन बुरी तरह हुआ प्रभावित**

जिला संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्स डा. अजफर कमाल ने बताया कि लगातार गर्म हवाओं के संपर्क में रहने से डिहाइड्रेशन, कमजोरी और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने बच्चों, बुजुर्गों और बाहर काम करने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। मौसम विभाग के अनुसार 27, 28 29, 30 मई तक भी लू का असर बना रहेगा। जबकि दो जून के बाद मौसम में मामूली बदलाव देखने हो सकता है। गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। हालांकि मंगलवार की देर रात्रि मामूली बारिश ने गर्माहट को ओर भी बढ़ा दिया। सड़कों पर गर्म भपके उठते रहे, जबकि घरों की दीवारों से गर्मी ने रात को सोना दूभर कर दिया।

# ईदे अदहा पर व्यवस्थाएं रहें चाक चौबंद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ईद-उल-अदहा पर तैयारियां चाक चौबंद रखने की मांग पांच सूत्रीय ज्ञापन देकर की गई।

**○सपा के जिला सचिव ने ज्ञापन सौंपकर की एसडीएम से मांग**

सपा के जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा ईदे अदहा का त्योहार तीन दिन तक चलता है, इसलिए लगातार बिजली, पानी और सफाई की व्यवस्था बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि मिलेगी तो पैयजलापूर्ति होगी और पैयजलापूर्ति भरपूर मिलेगी तो सफाई भी चाक चौबंद रहेगी। उन्होने नगर वासियों से भी त्यौहार को भाईचारे के साथ मनाने और साम्प्रदायिक सदभावना को भी कायम रखने की अपील की। साथ ही ऐंसा कोई कार्य नहीं करें जिससे दूसरे समुदाय की भावनाएं आहत हों। इसके अलावा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं करने पर ज़ोर दिया। साथ ही कहा कि मुसलमान हमेशा कानून का पालन करता आया है और आगे भी करता रहेगा। ज्ञापन में ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई, अतिरिक्त पुलिस बल तैनाती, खराब बिजली लाइनों की मरम्मत और पर्याप्त जलापूर्ति की मांग की।

# पेट्रोल-डीजल के बढ़े दाम वापस हों

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर बढ़ोतरी की गई। तेल कंपनियों ने पेट्रोल के दाम में 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 2.71 रुपये प्रति लीटर तक इजाफा किया है। यह पिछले 10 दिनों में यह चौथी बार है जब ईंधन की कीमतें बढ़ी हैं। लोगों ने इसको वापस लेने की मांग की है। विशेषज्ञों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, कमजोर रुपया और बढ़ती आयात लागत के कारण ईंधन महंगा हो रहा है। लोगो ने कहा कि डीजल की कीमत बढ़ने से ट्रांसपोर्ट और माल ढुलाई महंगी होने की आशंका है, जिससे रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम भी बढ़ सकते हैं। नगर के रामौतार, सुरेश कुमार, मोनू, आनन्द प्रकाश, अनुराग, किशनपाल आदि ने वृद्धि वापस लेने की मांग की है।

**○कीमत बढ़ने से माल ढुलाई भी होगी महंगी**

## पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि बुधावार को प्रातः 11:00 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय, चंदौसी रोड, सम्भल में मनाई जाएगी। जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, फ्रंटल संगठनों के जिला अध्यक्ष व उनकी पूरी कमेटी, वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमामय बनाने में अपना सहयोग प्रदान करने का आहवान किया।


# मक्के से कर्बला का सफर करते हैं हुसैन

## वारिसे काबा ने हज को उमरे में बदला

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** नवास-ए-रसूल हजरत इमाम हुसैन (अ.) के मक्के से कर्बला के सफर की याद में अमारी का जुलजुनाह व अलमें मुबारक का जुलूस निकाला गया। जिसकी ज्यारत को अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। जुलूस निर्धारित रास्तों से होता हुआ मौहल्ला शर्की कर्बला पर बढ़ा दिया गया। जुलूस में अन्जुमने हाश्मी ने नौहा पढ़ा।

जुलूस बरामद होने से पहले स्टेशन रोड पर मरहूम नवाब हसन के मकान पर मजलिस बरपास की गई। जिसमें असद अब्बास ने साथियों के सञ्चथ मर्सिया पढ़ा और मौलाना अथर अब्बास जैदी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि अब से चौदह सौ साल पहले मदीने के जालिम शाक यजीद ने हजरत इमाम हुसैनप से बैअत तलब की थी, इमाम हुसैन के बैअत करने का मतलब था कि वे यजीद के इस्लाम मुखालिफ कामों को सही ठहरा दें।, लेकिन फातेमा जहरा जैसी मां की गोद में परवरिश पाने वाले हुसैन से यह मुमकिन नहीं था और यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि मुझ जैसा तुम जैसे की बैअत नहीं कर सकता। इन्कार करने से बौखलाया यजीद इमाम हुसैन के कत्ल पर आमादा हो गया। मौलाना ने आगे कहा कि इमाम हुसैन मदीने में खून-खराबा नहीं चाहते थे। इसलिए उन्होने अपने नाना, माँ व भाई हसन की कब्रों पर जाकर आखिरी सलाम कर मदीना छोड़ दिया और आठ जिलहिज्जा को मक्का पहुंचे, लेकिन यहां भी यजीद के सिपाही हाजियों के वेश में तलवारे छुपाए हुए थे और इमाम हुसैन को कत्ल करना चाहते थे, लेकिन खाना-ए-काबा की हुरतम को बचाए रखने के लिए वारिसे काबा इमाम हुसैन ने हज को उमरे में बदला और हसरत भरी निगाहों से देखते हुए कर्बला का सफर किया। इमाम हुसैन अपने अजीजों अन्सरों के छोटे से काफिले के साथ दो मौहर्रम को कर्बला पहुंचे। मौलाना ने इमाम हुसैन के मदीने से मक्का व मक्के से कर्बला के सफर का बयान किया। तब हाय हुसैन-हाय हुसैन की सदाएं आने लगीं। इसी के साथ मरहूम हाजी मुर्तजा हसन के मकान से ऊंटों पर सजी अमारियो, जुलजुनाह व अलमें मुबारक का जुलूस बरामद किया गया। जुलूस शर्की कर्बला पहुंचकर बढ़ा दिया गया।



सम्भल- इमाम हुसैन के मक्के से कर्बला के सफल का जुलूस में शामिल अलमे मुबारक

# सुबह-सवेरे किराना दुकान में भीषण आग में सारा माल जलकर राख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मंगलवार की सुबह-सवेरे दुकान में आग लग गई। आग का विकराल रूप इतना प्रचंड था कि दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। थाना हयात नगर पुलिस चौकी सराय तरीन क्षेत्र के मोहल्ला घास मंडी निवासीं मनोज गुप्ता पुत्र मिथिलेश गुप्ता की बाजारगंज में किराना की दुकान है। बकरा ईद के चलते दुकान में लाखों रुपए का माल किराना व्यापारी कुछ दिन पहले लाया था। बीती रात तड़के सुबह 5:00 बजे के आसपास दुकान में भीषण आग लग गई जिससे दुकान में रखा लाखों रुपए का माल जल कर राख हो गया सुबह तड़के में दुकान में से धुआँ उठते देख चलते राहगीरों ने किराना व्यापारी को सूचना दी। सूचना पाकर व्यापारी घबराकर एकदम दुकान पर आ गया और आस पास के लोगों की मदद से बाल्टियों से पानी डालना शुरू कर दिया। जबकि आग की सूचना तुरंत पुलिस चौकी सरायतरीन और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पाकर तत्काल सराय तरीन पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल दल बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंच गए। बाजार तंग होने की वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़े और आधा घंटा लग गया। दमकल की पांच गाड़ियों ने बामुश्किल आग पर काबू पाया लेकिन बाजार में अतिक्रमण अधिक होने से दमकल की गाड़ियों का एक दूसरे की गाड़ी में पाइप को जोड़कर आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी तब कहीं जाकर 2 घंटे में आग पर काबू पाया गया। किराना व्यापारी मनोज कुमार गुप्ता ने 40-50 लाख रुपए का अनुमानित नुकसान होना बताया लेकिन आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया व्यापारी का अनुमान है की दुकान के बाहर केबल में स्पार्किंग होने से पन्नी जल गई और उसने भयंकर आग पकड़ ली।

**○शॉर्ट सर्किट से आग की सम्भावना**

## प्रोजेक्ट नेत्र बसंत के तहत मोतियाबिंद जनित अंधत्व कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कलक्ट्रेट सभागार, बहजोई में प्रोजेक्ट नेत्र वसंत के अंतर्गत सामुदायिक नेत्र स्वास्थ्य एवं मोतियाबिंद जनित अंधत्व उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने की। इस अवसर पर सत्य प्रिय सिंह, डा. तरुण पाठक, डा. पंकज बिश्नोई जुनावई ब्लॉक के ग्राम प्रधान, आशा कार्यकर्ता एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। लाईटसेवर्स इंडिया सी एल गुप्ता आई इंस्टीटयूट द्वारा संचालित इस परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रें में नेत्र जांच, मोतियाबिंद पहचान एवं निःशुल्क सर्जरी सेवाएं प्रदान की गईं। परियोजना के माध्यम से जुनावई ब्लॉक की 72 ग्राम पंचायतों को बिलेटेरल बिल्डिंग कैटारेक्ट घोषित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरखनाथ भट ने सी एल गुप्ता नेत्र संस्थान, साइट सेवर्स एवं चोलामंडलम को बधाई देते हुए कहा कि नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में ऐसे प्रयास सराहनीय हैं,

# नग्नावस्था में शव मिलने पर फैली सनसनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** खेत में युवक का नग्नावस्था में जला शव मिलने पर सनसनी फैल गयी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में ले लिया। शव की पहचान गांव के ही युवक के रूप में हुई।

नखासा थाना क्षेत्र के सलारपुर कला निवासी 35 वर्षीय फुरकान पुत्र शनिवार शाम करीब 4 बजे गांव के ही एक युवक के साथ घर से निकला था। वह ईंट भट्टों पर चिमनी बनाने का काम करता था और मजदूरी करके बाहर से लौटा था। घर आने के बाद उसने अपनी भाभी को 8 हजार रुपये रखने के लिए दिए थे, लेकिन बाद में वापस लेकर शराब पीने जाने की बात कहकर निकल गया। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। मृतक की भाभी ने बताया कि फुरकान शराब पीने का आदी था और कई बार नशे में घर लौट आता था, लेकिन इस बार पूरी रात और अगले दिन तक कोई जानकारी नहीं मिली। परिवार ने गांव और रिश्तेदारों में तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। सुबह परिवार के ही एक रिश्तेदार घास लेने खेत की तरफ गए थे। वहां कुत्तों के भौंकने और बदबू आने पर उन्होंने देखा कि खेत में एक शव पड़ा है। सूचना मिलते ही परिवार मौके पर पहुंचा तो फुरकान का शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला। शरीर के बाल और कपड़े जले हुए थे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और फील्ड यूनिट ने जांच शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सम्भल कुलदीप सिंह ने बताया कि नखासा थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव में चरी के खेत में शव मिलने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान फुरकान पुत्र कल्लू के रूप में हुई है। वह शराब पीने का आदी था और उसके खिलाफ चोरी के मुकदमे भी दर्ज रहे हैं। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है कि किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई।

**○शरीर के बाल और कपड़े जले हुए थे, आठ हज़ार लेकर शनिवार को घर से निकला था मृतक**

# प्रधान जी की कुर्सी सुरक्षित खुद सम्भालेंगे प्रशासक का जिम्मा

**○ग्राम प्रधानों में खुशी की लहर सरकार के निर्णय की सराहना**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** प्रदेश की ग्रामीण राजनीति ग्राम पंचायतों का कार्यकाल आज यानी 26 मई को समाप्त हो रहा है, लेकिन इस बार गांवों की सत्ता में कोई शून्य पैदा नहीं होगा। राज्य सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए मौजूदा ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त करने का ऐलान कर दिया है। इसका सीधा मतलब यह है कि चुनाव टलने के बावजूद प्रधान जी की कुर्सी और पावर, दोनों सुरक्षित रहेंगे। इससे क्षेत्र के प्रधानों में खुशी है। इस निर्णय की सराहना की है।

## अब एडीओ पंचायत नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आमतौर पर ग्राम पंचायतों का कार्यकाल खत्म होने के बाद गांवों का कार्यभार एडीओ पंचायत या सरकारी अफसरों को सौंप दिया जाता था। लेकिन इस बार सरकार ने प्रधान संघ की पुरानी मांग को हरी झंडी दे दी है। अब 26 मई से सूबे के गांवों में पुराने प्रधान, नई पावर वाला फॉर्मूला लागू हो जाएगा। इस फैसले से अफसरशाही के दखल के बिना गांवों के विकास कार्य निर्बाध रूप से चलते रहेंगे। इससे क्षेत्र के प्रधानों में हर्ष की लहर है।

## डा. हरिसिंह ढिल्लों को फिर प्रत्याशी बनाने पर हर्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा जारी सूची में बरेली-मुरादाबाद शिक्षक क्षेत्र से डा. हरि सिंह ढिल्लो को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा द्वारा फिर टिकट दिए जाने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी ने इस बार स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में संगठन और शिक्षाविदों से जुड़े चेहरों पर भरोसा जताया है। यह सीट राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जाती है। हर्ष व्यक्त करने वालों में भाजपा सभासद अंजू वार्ष्णेय, कुमोद वार्ष्णेय, विनय वार्ष्णेय, विनोद वार्ष्णेय, धर्मेन्द्र प्रजापति, इंदीवर सिंह, महीपाल सिंह, हर्षित वार्ष्णेय आदि रहे।

# बकराईद से पहले पशुओं से गुलज़ार हुए बाज़ार

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) नजदीक आते ही गुन्नौर क्षेत्र के पशु बाजारों में रौनक बढ़ गई है। रंग-बिरंगे बकरे लोगों को आकर्षित कर रहे हैं और बच्चे उनके साथ तस्वीरें खिंचवाते नजर आ रहे हैं। हालांकि इस बार त्योहार की खुशियों पर महंगाई का असर साफ दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार, पिछले साल 14 हजार रुपये में बिकने वाले बकरे इस बार करीब 20 हजार रुपये तक पहुंच गए हैं। वहीं खड़े बकरे का दाम 700 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर लगभग 1000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। झोटे के दाम भी 300 रुपये प्रति किलो से बढ़कर करीब 400 रुपये प्रति किलो तक पहुंच चुके हैं। बड़े जानवरों में सात हिस्से किए जाते हैं, लेकिन बढ़ती कीमतों के कारण इस बार एक हिस्सेदार को 4000 से 4200 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं, जबकि पिछले साल यही खर्च 3500 से 3800 रुपये के बीच था। निहाल व जाहिद ने बताया कि इस बार बकरों की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। वहीं कम दाम में पशु खरीदने के लिए कई लोग शहर छोड़ गांवों की ओर रुख कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस बार मेंहगाई इतनी अधिक क्यों है इसका माजरा समझ में नहीं आया है। कुछ लोग मांस की निर्यात होने और पशुओं के अधिकतर फैक्ट्रियों में जाने से मेंहगाई अधिक होना मान रहे हैं।

**○तिरपाल व काली पन्नी से ढांककर ले जाये जाएंगे अवशेष**

# ईदे अदहा पर सफाई के रहेंगे पुख्ता इंतेज़ाम

**○तिरपाल व काली पन्नी से ढांककर ले जाए जाएंगे अवशेष**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** ईदे अदहा पर सफाई और कुर्बानी के अवशेषों के निस्तारण की तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी डा. मणि



भूषण तिवारी ने बताया कि इस बार पिछले वर्षों से भी बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं। सभी कर्मचारियों की डयूटी तय कर दी गई है। जबकि संक्रमण रोकथाम को चूना, मैलाथियान, डस्ट और बायो-कल्चर समेत जरूरी कीटनाशक सामग्री की खरीद ली गई है। इसके अलावा नगर पालिका ने अलग से वाहनों की व्यवस्था की है, जिससे कि कुर्बानी के अवशेषों का समय से निस्तारण कराया जा सके। सभी वाहनों को त्रिपाल से ढांककर चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कंट्रोल रूम और तत्काल रिस्पॉंस (क्यूआरटी)टीम का भी गठन कर लिया गया है।जो लगातार निगरानी करेगी। ई ओ ने बताया कि सभी 37 वार्डों में वार्डवार वाहन और सुपरवाइजर तैनात कर दिए गए हैं। प्रत्येक थाना और प्रभारी धार्मिक स्थलों पर भी अलग से वाहन लगाए जाएंगे। सभी अधिकारी लगातार फील्ड में मूवमेंट करते रहेंगे और यह विशेष व्यवस्था तीनों दिनों तक लागू रहेगी। कुर्बानी के अवशेषों के निस्तारण के लिए वाजिदपुरम और तुर्तीपुर इल्हा स्थित डम्पिंग ग्राउंड तैयार कर दिए गए हैं। दोनों स्थानों पर गडढों की खुदाई पूरी हो चुकी है और वहां कर्मचारियों के साथ वाहनों की भी तैनाती कर दी गई है। ईदगाहों की सफाई भी पूरी करा दी गई है। नगर पालिका का दावा है कि इस बार ईद-उल-अजहा पर सफाई और स्वास्थ्य व्यवस्था पहले से ज्यादा मजबूत रहेगी।

# 39 बीघा भूमि कराई कब्जा मुक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिलाधिकारी के आदेश पर चक मार्गों एवं सरकारी तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने के आदेशों पर 39 बीघा भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराया गया।

जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने 20 मई को जनपद में चक मार्गों एवं तालाबों पर से अवैध कब्जे हटाने को लेकर सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा बैठक आयोजित की थी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को, चक मार्गों एवं सरकारी तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए गए थे। जिलाधिकारी ने जनपद में 2 हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर उनकी सूची तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम के आदेश पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकासचन्द्र के नेतृत्व में टीम द्वारा गुन्नौर तहसील के अन्तर्गत तालाबों का चिन्हिकरण करते हुए ग्राम सैंजना एवं ग्राम झुकैरा में लगभग 39 बीघा भूमि पर से अवैध कब्जा को कराया कब्जा मुक्त। उपजिलाधिकारी गुन्नौर एवं राजस्व निरीक्षक जाहरी सिंह तथा नदीम अहमद एवं लेखपाल राजवीर सिंह तथा सचिन मित्तल, एवं सुधीर सिंह द्वारा पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से ग्राम सैंजना में तालाब भूमि गाटा संख्या 602 रकबा 0.240 हेक्टेयर जिसपर अस्थायी रूप से कब्जा हुआ पाया गया के अवैध कब्जा को कब्जा मुक्त कराया। इसी प्रकार उप जिलाधिकारी गुन्नौर के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक बृजपाल सिंह एवं रनवीर सिंह तथा लेखपाल दुर्गेश त्रिपाठी, अनुज दुबे, तथा अखिलेश एवं विनीत कुमार द्वारा पुलिस बल के साथ ग्राम झुकैरा की तालाब भूमि गाटा संख्या 1 कमि. रकबा 2.290 हेक्टेयर को चिन्हांकित करते हुए अवैध कब्जा को कब्जा मुक्त कराया। उप जिलाधिकारी विकासचन्द्र ने बताया कि आज तालाबों से कब्जा मुक्त करने की कार्यवाही करते हुए लगभग 39 बीघा भूमि को मुक्त कराया गया। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# क्षेत्र में भी मकान गणना बनी सरदर्द

**○प्रगणकों के छूट रहे पसीने,सवाल और असहयोग से टीमें परेशान**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** भीषण गर्मी के बीच नगर व गुन्नौर क्षेत्र में चल रही मकान गणना में प्रगणकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 22 मई से शुरू हुई गणना में लोगों के सवाल और असहयोग से टीमें परेशान हैं।

नगर और देहात में तैनात प्रगणकों ने बताया कि सुबह 7 बजे से घर-घर दस्तक दे रहे हैं, लेकिन एक दिन में 25-28 घर ही कवर हो पा रहे हैं। दोपहर में ज्यादातर घरों के दरवाजे बंद मिलते हैं। उन्होंने बताया कि जब लोगों से परिवार की जानकारी करो तो लोगों के यह सवाल पहले होते हैं। 'यह सब पूछकर सरकार हमें क्या देगी?, 'पहले गली में नाली बनवाओ, फिर जानकारी देंगे, मकान कच्चा है या पक्का बताने से हाउस टैक्स तो नहीं बढ़ेगा?, ओटीपी क्यों मांग रहे हो, कहीं फ्रॉड तो नहीं?

## उसमें भी तकनीकी रोढ़े

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गांवों में नेटवर्क की समस्या से ऐप पर डेटा अपलोड नहीं हो पा रहा। कई जगह जीपीएस गलत लोकेशन दिखा रहा है, जिससे एक ही मकान को खोजने में 20-25 मिनट लग रहे हैं। कुछ परिवार जानकारी देने के बजाय कह देते हैं 'प्रधान से पूछ लो' तहसील स्तर के नोडल अधिकारी ने कहा कि लोगों से सहयोग की अपील की जा रही है। यह गणना सिर्फ आंकड़ों के लिए है, इसका टैक्स या किसी योजना से सीधा संबंध नहीं है। फिलहाल जागरूक लोगों के सहयोग से काम आगे बढ़ रहा है, लेकिन गर्मी और सवालों की दोहरी मार प्रगणकों पर भारी पड़ रही है।


**कार्यालय शाह टाइम्स सम्भल**

Mob. 9837240139

नगर पालिका गेट के ऊपर तहसील रोड सम्भल


# सीडीपीओ ने फोन किया बंद

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** असमोली विकास खंड के ग्राम बिलालपत में गरीबों के मुंह का निवाला कालाबाजारी को रखा मिलने की चर्चायें तेजी से फैल रही है। जबकि मौके पर सी डी पीओ के पहुंचने की चर्चायें हैं। इस बाबत जानकारी करने पर सी डी पी ओ फोन नम्बर बंद मिलने पर कार्रवाई की जानकारी नहीं हो सकी।

सूत्रों के अनुसार असमोली विकास खंड के गांव बिलालपत में गरीबों को वितरित करने आयी खाद्य सामग्री एक घर में रखा होने की जानकारी मिलने पर हड़कम्प मच गया। सूत्रों का का कहना है कि सूचना मिलने पर आनन-फानन में वहां सी डी पी ओ के पहुंचे गई और कालाबाजारी के लिए रखी गरीबों को वितरित करने वाली सामग्री को बरामद कर लिया। लेकिन क्या कार्रवाई की गई और खाद्य सामग्री आंगनबाड़ी केन्द्र के अलावा घर में क्यों और किसी उददेश्य से रखी थी इसकी जानकारी करने के लिए सी डी पी ओ कई बार फोन से सर्म्पक करने का प्रयास किया गया। किन्तु उनका मोबाईल नम्बर स्विच ऑफ था।

## सम्बंध-विच्छेद

मेरा पुत्र अरबाज व उसकी पत्नी गुड़िया रानी गलत संगत में पड़ गए हैं। वह दोनो मुझसे व मेरी पत्नी शबनम से लड़ते-झगड़ते रहते हैं। इस कारण मैंने व मेरी पत्नी शबनम ने अरबाज और उसकी पत्नी गुड़िया रानी से अपने सम्पूर्ण सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब अरबाज व गुड़िया रानी अपने अच्छे व बुरे के स्वयं जिममेदार होंगे। मैं व मेरी पत्नी शबनम का कोई सम्बंध नहीं होगा।

**तसलीम पुत्र पुत्र शराफत**
निवासी ग्राम मंसूरपुर माफी थाना असमोली तह. व जिला सम्भल।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी आराजी काश्त स्थित ग्राम शेरखां सराय, बाहर चुंगी सम्भल तहसील व जिला सम्भल के गाटा सं. 95 रकबई 0.5630 है. व गाटा सं. 96 रकबई 0.1170 है. गाटा सं. 112 रकबई 1.1290 है. व गाटा सं. 114 रकबई 0.2270 गाटा सं. 116 रकबा 0.3720 है. गाटा सं. 101 रकबई 0.3280 है. गाटा सं. 136 रकबई 0.0320 है. गाटा सं. 154 रकबई 0.4370 है के सम्बंध में वाद मा. न्यायालय सिविल जज (जू. डि.) सम्भल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन है। उक्त आराजी काश्त विवादित होने के कारण कोई भी उक्त सम्पत्ति को क्रय न करे। यदि वह उक्त सम्पत्ति को या उसके किसी भाग को क्रय करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा और उसके विरूद्व कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

**अनुपम गुप्ता पुत्र स्व. रघुनन्दन सरन गुप्ता**
नि. फ्लैट नं. 11 मैरी गोल्ड, टॉवर बी-2 सैक्टर-ए महानगर लखनऊ हाल नि. मौहल्ला ठेर, सम्भल जनपद सम्भल।

# नशे के अवैध इंजेक्शन के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार, 50 इंजेक्शन और 15 सिरिंज बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइन्स पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 50 अवैध नशीले इंजेक्शन और 15 सिरिंज बरामद की हैं। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक नगर तथा क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के निकट पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस के अनुसार मंगलवार को थाना सिविल लाइन्स पुलिस टीम ने चक्कर की मिलक स्थित टंकी के पास चौकी क्षेत्र कैंप से तस्कर आशु शर्मा पुत्र आदेश शर्मा, निवासी चिड़िया टोला लाइनपार थाना मझोला को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी के दौरान उसके पास से 50 इंजेक्शन तथा 15 सिरिंज बरामद हुईं। इस संबंध में थाना सिविल लाइन्स में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए तस्कर ने पुलिस को बताया कि अवैध नशीले इंजेक्शनों के कारोबार में अच्छा मुनाफा होने के कारण वह लालच में आकर इस धंधे से जुड़ गया था। उसने अपने किए पर पछतावा जताते हुए भविष्य में ऐसा कार्य न करने की बात कही।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आशु शर्मा पर पहले से भी चोरी, गैंगस्टर एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित कई मुकदमे दर्ज हैं।




पुलिस उसके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटा रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना, उपनिरीक्षक मदन कुमार, कांस्टेबल वसीम, सुधीर कुमार तथा हेड कांस्टेबल दीपक नैन शामिल रहे।

## बस की टक्कर से ऑटो चालक की इलाज के दौरान मौत

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के लखनऊ दिल्ली हाईवे जीरो प्वाइंट के पास सोमबार रात रॉन्ग साइड आ रही बैटरी रिक्शा मे सामने से आ रही टूरिस्ट बस ने टक्कर मार दी हादसे से रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था, उसकी देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के मुता. बिक मृतक मझोला थाना क्षेत्र के सूर्या नगर निवासी राहुल सैनी (30)सोमबार रात करीब 10.30 बजे दलपतपुर की ओर रिक्शा को मुरादाबाद से आने वाली रोड पर आ रहा था जीरो प्वाइंट लक्ष्मीपुर कट्टई अपनी हवेली के पास सामने से आ रही टूरिस्ट बस ने उसमें टक्कर मार दी इस हादसे में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया था।

सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया था, जंहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी,इस पर एसएच शओ मोहित चौधरी ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवारजनों को सौंप दिया था, बस चालक बस छोडकर भाग गया है, बस को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया है,और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# दहेज की बलि चढ़ी विवाहिता हत्या के बाद परिजनों को बताए बिना कर दिया अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव खाता में दहेज हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। विवाहिता की हत्या करने के बाद ससुराल पक्ष द्वारा बिना मायके पक्ष को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर देने का आरोप लगा है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के बाजपुर निवासी विजय सिंह ने बिलारी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उनकी 21 वर्षीय पुत्री कोमल की शादी गांव खाता निवासी नरेश उर्फ सुरेश के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर कोमल को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। आरोप है कि कई बार समझौते के प्रयास भी किए गए, लेकिन उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। वादी का आरोप है कि 30 मार्च 2026 की रात ससुराल पक्ष ने उनकी पुत्री की हत्या कर दी और घटना की जानकारी दिए बिना जल्दबाजी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जब मायके पक्ष को मामले की सूचना मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। इसके बाद पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस जांच के दौरान मामले में साक्ष्य जुटाए गए और फरार चल रहे आरोपी पति नरेश उर्फ सुरेश को गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर


### दबंगों के चंगुल से प्रशासन ने कब्जा मुक्त कराई किसान की 67 बीघा जमीन



**मूंढापांडे।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव थाना कटघर देवापुर के एतमाली में मंगलवार को तहसील सदर प्रशासनिक अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ पहुँच कर खेती की 67 बीघा जमीन पर पिछले कई दिनों से विबाद चला आ रहा था, जिस पर कुछ लोगो ने चकबंदी के बाद अपना कब्जा कर लिया था, जिसको मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम ने कब्जा मुक्त करा दिया है,वादी बृहम सिंह पुत्र स्व: रामचरन निवासी भैसोड़ा थाना असमोली की गांव देवापुर के मझरे एहतमाली में 67 बीघा जमीन खेती की थी, जिसे गांव के किसान लंबे समय से फर्जी तरीके से कब्जा कर जोत बो रहे थे, जिसकी शिकायत वादी ने जिलाधिकारी से की थी,जिस पर कार्रवाई करते हुए, जिलाधिकारी ने एक राजस्व टीम जिसमे चकबंदी सीओ जुबैर अहमद, केपी सिंह एसीओ ,एव कानून गो, ने बताया कि देवा. पुर के खेतो में चंकबदी चल रही है, एक किसान ब्रहम सिंह ने शिकायत की थी कि कुछ लोगों ने उसकी जमीन पर कब्जा कर रखा है, जमीन की नापतोल कर किसान की 67 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त करा कर किसान की उस भुमि को किसान का कब्जा काबिज करा दिया गया है, विजय बहादुर कानून गौ, लेखपाल रोहित चौहान ने बताया कि किसान ने पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में सीमेंट के पिलर से खेत के चारों और बाढ़बंदी कर दी है, और किसान ने अपनी जमीन पर पूर्ण रूप से कब्जा पा लिया है।

### ईतना पानी नहरों में किसानों के लिए किसी काम का नहीं

**कांठ( शाह टाइम्स )** महमूदपुर रजवाहा में पानी आते ही किसानों में खुशी छा गई और उनके चेहरे खिल उठे मगर यह खुशी दो दिन भी नहीं रह सकी नहर में जल का स्तर नीचे पहुंच गया जिससे किसानों को सिंचाई के



लिए पानी मिलना भी बंद हो गया किसानों का कहना है कि नहर में छोड़े जा रहे इतने पानी से किसानों को कोई लाभ नहीं है। बतादे की नहर के आसपास बसे गांव के लोगों की ज्यादातर सिंचाई नहर के पानी से की जाती है फसल से पहले की सिंचाई हो या फसल उगाने के बाद की किसानों का काफी बड़ा क्षेत्र महमूदपुर और उमरी राजवाहे पर निर्भर है। इस वक्त कड़ाके की गर्मी पड़ रही है किसानों के खेतों को पानी की जरूरत है ऐसे वक्त में महमूदपुर रजवाहा में पानी आया तो किसानों के चेहरे खिल उठे लेकिन दो दिन बाद ही जल का स्तर बिल्कुल नीचे पहुंच गया इससे किसानों में मायूसी छा गई किसान अपनी बात संबंधित अधिकारियों से रखकर जल का स्तर बढ़ाए जाने की मांग रहे हैं लेकिन कोई इस बारे में सुनने को तैयार नहीं है। किसानों का कहना है कि इतने पानी का नहर में आना ना आना किसानों के लिए किसी काम का नहीं है।

### जिलाधिकारी ने 27 की जगह 28 का किया अवकाश घोषित

**कांठ( शाह टाइम्स )** ईदुल अजहा के लिए पहले से घोषित 27 मई के अवकाश को अब ईद उल अजहा 28 को मनाए जाने के चलते 28 का ही अवकाश घोषित किया है।

बताया गया कि राजपत्रित अवकाश की सूची में 27 मई 2026 को ईद उल अजहा का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था लेकिन चंद्र दर्शन के अनुसार यह त्यौहार 28 मई 2026 को मनाया जा रहा है इसलिए अब डीएम ने विज्ञप्ति जारी कर 28 में का सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की घोषणा की है।

### शिकायत से नाराज व्यक्ति ने छात्र पर तमंचे से किया फायर मामला दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** शिकायत करने पर नाराज व्यक्ति ने छात्र पर जानलेवा हमला कर दिया पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया है। ध्यानपुरा निवासी सौरभ पुत्र धर्मपाल का आरोप था कि करीब डेढ़ माह पहले रविराज निवासी खलीलपुर से उसकी जान पहचान हुई थी आरोप है कि वह उसे गलत आदतों में डालना चाहता था जिसकी शिकायत उसने अपने घर वालों से की उसके पिता ने रविराज को अपने बेटे से दूर रहने को कह दिया।

इससे बह नाराज हो गया 25 मई को वह लाइब्रेरी से पढ़कर साइकिल से अपने गांव जा रहा था रास्ते में शेरपुर ध्यानपुरा मोड पर रविराज मिल गया और उसने तमंचे से उसके ऊपर फायर कर दिया जिससे वह बाल बाल बच गया साइकिल गिर गई फायर की आवाज सुनकर आसपास के लोग आए तो वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

पीड़ित थाने पहुंचा और अपनी परेशानी बताई पुलिस ने हमलावर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# हीट वेव से बचाव को पुलिस ने पोस्टर लगाकर किया जागरूक

**कांठ ( शाह टाइम्स )** हीट वेव्स से बचाव के लिए पुलिस ने जगह-जगह पोस्टर लगाकर लोगों को जागरूक करने का काम शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने थाना परिसर पुलिस चौकी कांठ पुलिस चौकी सलेमपुर आदि सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगवा कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए हीट वेव से बचाव के उपायो को जन मानस तक पहुंचाने की व्यवस्था की है। अपनी समस्या लेकर थाने आने वाले लोगों के लिए ठंडा पानी पीने की भी व्यवस्था की गई है। पुलिस चौकी पर भी ठंडे पानी की व्यवस्था की गई प्रभारी निरीक्षक का कहना है की थाना या चौकी पर आने वालों को सबसे पहले ठंडा पानी पिलाया जाएगा उसके बाद उनकी समस्याएं सुनकर समाधान कराया जाएगा।



# टिमिट के छात्र का 6 लाख वार्षिक के पैकेज पर चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बडे हर्ष का विषय है कि टिमिट-कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के सफलतम प्रयासों के फलस्वरूप टिमिट में लगातार कम्पनियों का रिक्रूटमेंट के लिये आना जारी है इसी के चलते बैंगलोर स्थित प्रतिष्ठित पिंक्लिक प्रोपर्टी मेनेजमेंट प्रा0 लि0 ने टिमिट में बीबीए फाइनल ईयर की आनलाइन रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया।

इस रिक्रूटमेंट ड्राइव में बीबीए के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कम्पनी ने आयुष जैन को प्रोपर्टी एडवाइजर की पोस्ट पर 6 लाख वार्षिक पर जॉब प्रदान की है। चयन प्रक्रिया की टीम ने कंपनी की प्रेजेन्टेशन व जॉब के बारे में सम्पूर्ण जानकारी आनलाइन बताई व प्रेजेन्टेशन के साथ-साथ विद्यार्थियों से साक्षात्कार हुये व उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। सभी कठिन चयन प्रक्रिया के बाद अंतिम रूप से बीबीए फाइनल ईयर के भाग्यशाली विद्यार्थी आयुष जैन का



आयुष जैन

नाम घोषित कर ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि वैश्विक स्तर की कंपनियों में कार्य करते हुये उंचाइयों को प्राप्त करना ही व्यवसायिक बीबीए कोर्स का उद्देश्य होता है और टिमिट अपने विद्यार्थियों को रोजगार परक ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिवद्ध है।

विद्यार्थियों को हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और उन्हे पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये। इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स संेटर के डायरेक्टर श्री अरुण कुमार व डिप्टी डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित छात्रा को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व कहा कि टिमिट पूरे मंडल में सर्वोत्तम है

व हमारे छात्रों को उच्चतम स्तर का प्लेसमेंट दिया जा रहा है।


## बड़े मंगलवार पर दिल्ली रोड पर होटल पार्क स्क्वायर के बाहर हुआ शर्बत वितरण

**मुरादाबाद।** पार्क स्क्वायर के बाहर बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर श्रद्धा और सेवा भाव के साथ शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्य में राहगीरों, वाहन चाल. कों और स्थानीय लोगों को ठंडा शर्बत वितरित कर राहत पहुंचाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर सेवा कार्य में सहयोग किया।आयोजकों ने बताया कि बड़े मंगलवार का धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर लोगों की सेवा करना पुण्य का कार्य माना जाता है। इसी भावना के तहत दिल्ली रोड से गुजरने वाले लोगों के लिए ठंडे शर्बत की व्यवस्था की गई, ताकि गर्मी से परेशान लोगों को कुछ राहत मिल सके।दोपहर तक चले इस सेवा अभियान में सैकड़ों लोगों ने शर्बत ग्रहण किया और आयोजकों के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा तथा लोगों में उत्साह देखने को मिला।

# वानर समाधि पर मंगलवार को हनुमान चालीसा के उपरांत भंडारे का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मंगलवार को कूड़ा मीरपुर में बनी वानर समाधि के पास आज श्री सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान के संस्थापक गुरु अरविंद चौधरी के सौजन्य से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि पत्रकार एकता समन्वय समिति के मंडल अध्यक्ष अवनीश त्यागी के गांव में दो बंदरों की अचानक मृत्यु हो गई थी जिनका उनके खेत में अंतिम संस्कार किया गया वानर समाधि पर उनकी आत्मा शांति के लिए आज पहले हवन का आयोजन हुआ।

उसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ करने के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी को देश प्रेम की भावना से जोड़ने और धर्म प्रेम की भावना से जोड़ने का आहवान किया। इस मौके पर अवनीश त्यागी संजीव चौधरी विपिन चौधरी आर्य मिश्रा जी उदय चौधरी रामकिशोर जग्गू बोरा एवं काफी संख्या में बच्चे महिला और ग्रामीण मौजूद रहे।



# बड़े मंगल व भीषण गर्मी में अधिवक्ताओं ने बांटा शरबत, एडीजे व बार अध्यक्ष ने किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बड़े मंगलवार एवं जेठ माह की प्रचंड गर्मी को देखते हुए मंगलवार को कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा शरबत वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एसएसपी कार्यालय के सामने आयोजित हुआ। शरबत वितरण का शुभारंभ अपर जनपद न्यायाधीश के.के. सिंह द्वितीय एवं दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। सेवा कार्य का आयोजन एडवोकेट शिवानी शर्मा व एडवोकेट प्रशांत निम द्वारा संयुक्त रूप से कराया गया। इस मौके पर पुष्प यादव, जयप्रकाश, मोहित चौहान, रवि कुमार, प्रत्यूष यादव, हरिओम शर्मा, राम पांडे, काजल सिंह, सुनीत अग्रवाल, संजय, विवेक शुक्ला सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों, वादकारियों व जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने का यह छोटा सा प्रयास समाज को भाईचारे और जनसेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने संदेश दिया कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। "जहां सेवा का भाव होता है, वहीं सच्चे समाज निर्माण की नींव मजबूत होती है।"

# दुनिया में अस्थमा से हर साल साढ़े चार लाख से अधिक मौतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में बाल रोग विभाग की ओर से फैकल्टीज और पोस्ट ग्रेजुएट स्टुडेंट्स के लिए अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत कलरिंग प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर, लेमन एंड स्पून रेस और डांस प्रतियोगिता हुई। ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा- जीआईएनए की ओर से विश्व अस्थमा दिवस 2026 की थीम अस्थमा से पीड़ित हर व्यक्ति के लिए एंटी-इन्फ्लेमेटरी इनहेलर्स तक पहुंच-अभी भी एक गंभीर आवश्यकता रही। मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल और फार्माकोलॉजी विभाग के एचओडी प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा ने अस्थमा के इलाज में इनहेल्ड ब्रोन्कोडायलेटर्स के साथ इनहेल्ड कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। इनहेल्ड ब्रोन्कोडायलेटर्स सिकुड़ चुके छोटे एयरवे को फैलाते हैं। अस्थमा एक पुरानी सूजन संबंधी बीमारी है, इसलिए केवल ब्रोन्कोडायलेटर्स से इलाज करने से सूजन पूरी तरह ठीक नहीं होती है। यही कारण है कि ब्रोन्कोडायलेटर्स के साथ इनहेल्ड कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स को जोड़ने से बीमारी नियंत्रित होती है, इसका दोबारा होना रुकता है और वायुमार्ग को स्थायी नुकसान पहुंचने से बचाया जा सकता है। अंत में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बाल रोग विभाग की एचओडी डॉ. रूपा राज भंडारी सिंह ने भी बचपन के अस्थमा पर विचार साझा करते हुए कहा, यह एक गलतफहमी है, बच्चों में अस्थमा दुर्लभ होता है, लेकिन यह सच नहीं है। पूरी दुनिया में विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बच्चे अस्थमा से पीड़ित पाए जाते हैं। बचपन में होने वाले अस्थमा के कई जोखिम कारक होते हैं। अस्थमा कई पुरानी गैर-संचारी बीमारियों में से एक है, जो दुनिया भर में 26 करोड़ लोगों को प्रभावित करती है और इसके कारण हर साल साढ़े चार लाख से अधिक मौतें होती हैं। बाल रोग विभाग के प्रो. एनएस





चिदंबरम ने लंग ऑसिलोमेट्री टेस्ट पर विशेष जोर देते हुए कहा, निम्न और मध्यम आय वाले देशों में इनहेल्ड दवाओं की अनुपलब्धता या उनकी भारी लागत के कारण अस्थमा से होने वाली 96 प्रतिशत मौतें इन्हीं देशों में होती हैं। यहां तक कि उच्च आय वाले देशों में भी अस्थमा से पीड़ित कई लोगों की आवश्यक इनहेल्ड दवाओं तक पहुंच सीमित है और ऐसी मौतें होती हैं जिन्हें आसानी से रोका जा सकता था। अंत में सिप्ला की टीम ने ऑफिस स्पाइरोमेट्री की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया, जिसे ओपीडी में एक पोर्टेबल टेस्ट के रूप में आसानी से किया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ. बबलू के गौर, डॉ. विवेक त्यागी, डॉ. अरीबा सैफी, डॉ. नव्या जैन आदि मौजूद रहे।

# बुधवार से ग्राम प्रधान कहलाएंगे प्रधान प्रशासक

**कांठ( शाह टाइम्स )।** मुरादाबाद जिले की 643 ग्राम पंचायतों में निवर्तमान प्रधान अपनी पंचायतों में बुधवार को प्रशासक की भूमिका में नजर आएंगे। प्रदेश सरकार ने पहली बार पंचायत चुनाव से पहले यह फैसला लिया है, जिसमें ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी निवर्तमान प्रधानों को अधिकतम छह माह या नई पंचायतों के गठन तक प्रशासक नियुक्त किया गया है।शासन के आदेश के अनुसार 27 मई से डीएम ग्राम प्रधानों को प्रशासक के रूप में नामित करेंगे हालांकि उन्हें केवल सामान्य और रूटीन कार्यों की अनुमति होगी। किसी भी बड़े नीति संबंधी निर्णय के लिए डीएम की अनुमति जरूरी होगी।

फैसले के बाद गांवों की सियासत में नई हलचल शुरू हो गई है।जिन प्रधानों को लग रहा था कि कार्यकाल समाप्त होते ही उनका प्रभाव खत्म हो जाएगा, अब वे चुनाव तक पंचायत की प्रशासनिक कमान संभालते रहेंगे। प्रदेश में पहली बार लागू हुई इस व्यवस्था ने पंचायत चुनाव से पहले गांवों की राजनीति को नई दिशा दे दी है। जिले की ग्राम पंचायतों के खातों में इस समय करीब 9.21 करोड़ रुपये की विकास राशि शेष है। इसमें 15 वें वित्त आयोग की लगभग 6.408 करोड़ और पांचवें वित्त आयोग की करीब 2.803 करोड़ रुपये की धनराशि शामिल है। पिछले कुछ दिनों से प्रधान इस राशि को तेजी से खर्च कराने में जुटे थे।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र मौ0 दानिश व उसकी पत्नी (पुत्रवधू ) नसरीन के गलत व्यवहार व गलत संगत में पड़ जाने और मुझे व मेरी पत्नी एवं मेरे दूसरे पुत्रो के खिलाफ झूठे मुकमदें करने की धमकी देने पर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेर कर लिये है। मेरे पुत्र व पुत्रवधू के किसी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगें। **मौ० मुस्तफा पुत्र अ० जब्बार निवासी ग्राम शरीफनगर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू.डि. ) महोदय, मुरादाबाद।**
**एस.एम. नम्बर:** 65/2026
**तारीख पेशी:** 29.05.2026
नरेश चन्द गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री कैलाश चन्द्र गुप्ता नि० मकान नम्बर 2/1120 आवास विकास कालोनी बुद्धि बिहार, मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
**जनता जाम**
इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा नरेश चन्द्र गुप्ता हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा नरेन्द्र चन्द्र गुप्ता मुसबफा सरोज बंसल अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1878 ई. बकत रू. 2,86,641/-हरगाह मुसम्मा निर्भय शुक्ला ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 29 मास 05 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू. डि. ) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।
दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू० डि० ) मुरादाबाद।**

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू० डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**सिविल वाद संख्या:** 364/2025
**तारीख पेशी:** 10.08.2026
**मौ० हनीफ बनाम वाहिद हुसैन**
मौहम्मद हनीफ आयु लगभग 56 वर्ष पुत्र साबिर हुसैन निवासी मौहल्ला किसरौल निकट अब्बासी मस्जिद थाना नागफनी शहर व जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
वाहिद हुसनै आयु करीब 50 वर्ष पुत्र आबिद हुसैन निवासी मौहल्ला किसरौल निकट अब्बासी मस्जिद थाना नागफनी शहर व जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादी।**
चूंकि उपर्रिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 08 के दिवस 10 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 26 को निकाली गयी है।
**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू० डि० ), मुरादाबाद।**

# दर्दनाक हादसा: मंदिर में रामायण पाठ कर रहे लोगों पर चढ़ा डम्पर, कई की मौत और आधा दर्जन घायल





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कांठ/अमरोहा।** मंगलवार को कांठ रोड पर एक बड़ा दुखद हादसा हुआ। जब सड़क किनारे स्थित हनुमान मन्दिर में सुन्दरकांड का पाठ हो रहा था, जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु सुन्दरकांड पाठ सुन रहे थे। इस दौरान तेज गति से दौड़ रहा बजरी लदा डम्पर दीवार तोड़कर श्रद्धालुओं के पंडाल में जा घुसा। हादसे में दो श्रद्धालु व एक मासूम बालक की मौत हो गयी। जबकि दर्जनों श्रद्धालु घायल हो गये। हादसे की चीख पुकार सुन आसपास के लोग घटना स्थल पर पहुंच गये जबकि पुलिस ने घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भर्ती कराया। उधर घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। जिससे पुलिस के हाथ पैर फूल गये। किसी तरह लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। डीएम नितिन गौड़, एसपी लखन सिंह यादव तुरन्त घटना स्थल पहुंचे तथा घायलों को हरसंभव मद्द का भरोसा दिलाया। बजरी लदा डम्पर कैसे दीवार तोड़कर पंडाल में घुसा, इसकी जांच बैठा दी गयी है। जानकारी के मुताबिक गांव में सड़क किनारे एक प्राचीन हनुमान मंदिर है। जहां हर सप्ताह कुछ न कुछ धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। मंगलवार शाम भी मंदिर परिसर में सुंदरकांड का पाठ चल रहा था। जिसमें कोठीं ऽदमतपुर के अलावा मिलक छावी, नारायपुर व चाऊपुरा समेत आसपास गांवों के श्रदालु शामिल थे। पुलिस के मुताबिक पंडाल में महिलाओं और बच्चों समेत करीब 20-25 श्रद्धालु पाठ सुन रहे थे। उसी दौरान बजरी से भरा एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरते हुए श्रद्धालुओं के पंडाल में जा घुसा। डंपर की चपेट में आकर से कई लोग घायल हो गए। मौके पर चीऽ-पुकार मच गई। हादसे में डंपर से कुचलकर गांव मिलक छावी निवासी 70 वर्षीय परम सिंह, गांव नारायणपुर निवासी वर्षीय 42 महिपाल तथा रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर पट्टी निवासी पांच वर्षीय आर्यवीर की मौके पर ही मौत हो गई। आर्यवीर अपने ननिहाल मिलक छावी आया हुआ था। भीषण सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासनिक अफसरों में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने तुरंत घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद डीएम डॉ-नितिन गौड़ व एसपी लऽन सिंह यादव मौके पर पहुंचे। उधर, हादसे पर गुस्साए ग्रामीणों ने महिपाल का शव कांठ रोड पर रऽते हुए जाम लगा दिया।

## पूर्व हल्का लेखपाल पर पैसे लेकर काम न करने का आरोप

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव खबड़िया घाट में वर्ष 2023 में तैनात रहे हल्का लेखपाल हरिराज सिंह पर ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लेखपाल ने काम कराने के नाम पर प्रधान से 38 हजार रुपये लिए, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्य नहीं किया। आरोप है कि बाद में लेखपाल ने 1 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग भी की। प्रधान का कहना है कि इतनी बड़ी रकम देने से इंकार करने पर उन्होंने वकील के माध्यम से अपना कार्य कराया। वहीं जब लेखपाल हरिराज सिंह से दिए गए पैसे वापस मांगे गए तब से लेकर अभीतक टहला रहा है ओर अब धमकी देने लगा। ग्रामीणों के अनुसार लेखपाल ने कहा कि उसकी पहुंच बड़े-बड़े अधिकारियों तक है और उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इसी मामले को लेकर ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने एकत्र होकर लेखपाल के खिलाफ प्रदर्शन कर प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच और कार्यवाही की मांग उठाई।

अब देखना होगा कि प्रसासन की तरफ से ऐसे लेखपाल की जांच कर क्या कार्यवाही होती है या ऐसे ही खाना पूर्ति होती रहेगी।

## एक नजर

### नौतपा की तपिश में सेवा का संकल्प: चौथे बड़े मंगल पर यप परिवार ने लगाया भंडारा



**मुरादाबाद।** यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल (यप) परिवार के धार्मिक प्रकोष्ठ द्वारा सेवा परमो धर्म के सिद्धांत पर चलते हुए गंज गुरहट्टी स्थित सिद्ध दुर्गा मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।पावन ज्येष्ठ माह के फलदायक चौथे बड़े मंगल के शुभ अवसर पर वीर हनुमान जी के समक्ष भोग प्रसाद चढ़ाकर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। हनुमान चालीसा पाठ व आरती के बाद भोग प्रसाद वितरण आरंभ किया गया। नौतपा की भीषण गर्मी में सभी भक्तों एवं राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।सभी ग्रुप सदस्यों ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने आह्वान किया कि श्सेवा परमो धर्मश के अंतर्गत पूरे ज्येष्ठ माह के सभी आठ बड़े मंगलवार को इसी तरह धार्मिक कार्य एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।इस दौरान प्रेमबाला, दीपा, निधि गोयल, पूनम, सारिका, संजना, सोनिया, अंशु, भावना गुप्ता, पूजा गोयल, रजनी मित्तल, रुचि गुप्ता, जूही, गीता, सोनिया पंवार, नेहा, चांदनी, अना. मिका, श्वेता, कविता, पूनम आदि मौजूद रहीं।

### गुरु कृपा और 29 नियमों का जम्भवाणी हरिकथा में दिया सन्देश

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** रसूलपुर गांव में चल रही जम्भवाणी हरिकथा के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचन आचार्य गोविन्दशरणानन्द महाराज ने 29 नियमों की भावपूर्ण और प्रेरणादायी व्याख्या करते हुए कहा कि "मनुष्य का जीवन तभी सफल हो सकता है जब वह गुरु के बताए मार्ग पर चलते हुए सदाचार, सेवा और संयम को अपनाए। उन्होंने कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान जांभोजी के 29 नियम मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने का आधार हैं, जिनमें प्रकृति संरक्षण, जीव दया, सत्य, शुद्ध आचरण और सत्संग का विशेष महत्व है। समराथल धोरा से पधारे पूज्य महंत स्वामी रामकृष्ण जी महाराज की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। कथा में स्वामी प्रवणानंद महाराज विश्वात्मानंद महाराज, स्वामी सर्वानंद महाराज सहित काफी संख्या में महिला पुरूष मौजूद रहे।




### शादी में 15 लाख खर्च करने के बाद कार की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट

**ठाकुरद्वारा।** विवाह में 15 लख रुपए खर्च करने के बाद ससुराल वालो ने कार की मांग को लेकर विवाहिता का उत्पीड़न शुरू कर दिया । पति में ससुराल वालों की यात्राओं से तंग आकर विवाहिता ने पुलिस को तेरी देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की पुलिस ने महिला सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के गांव लालपुर गोसाई निवासी काजल पुत्री हरकेश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 23 जून 2023 को थाना डिलारी क्षेत्र के गांव दौलतपुर तिगरी निवासी प्रमोद कुमार पुत्र कल्लू सिंह पुत्र के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह में उसके मायके पक्ष ने करीब 15 लाख रुपये खर्च कर बाइक, फर्नीचर, वाशिंग मशीन, डबल बेड और अन्य घरेलू सामान दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति प्रमोद सिंह, जेठ चमन प्रकाश, जेठानी पूजा, ननद प्रिया, देवर अजय कुमार, निपेन्द्र और अन्य परिजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। महिला का कहना है कि आरोपियों ने कई बार उसके साथ मारपीट की और मायके से कार लाने का दबाव बनाया। पीड़िता ने बताया कि पंचायत और समझौते के बावजूद ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला। जिसके बाद उसकी जान बच सकी। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद उसे घर से निकाल दिया गया। पीड़िता का कहना है कि उसने पहले भी थाना पुलिस को शिकायत दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### शांतिभंग करने के आरोप में तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**कुंदरकी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना कुंदरकी पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जाने आलम पुत्र बाबू, नुरे आलम पुत्र बाबू एवं नौशाद पुत्र भूरे हुसैन निवासी ग्राम कमालपुर फतेहाबाद थाना कुंदरकी जनपद मुरादाबाद शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर कम करने को पुलिस लाइंस में आयोजित हुई ट्रॉमा केयर कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** यातायात पुलिस मुरादाबाद द्वारा मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइंस सभागार में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने और घायलों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश में संचालित जेड एफ डी कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रॉमा केयर एवं इमरजेंसी रिस्पॉन्स योजना के तहत आयोजित हुआ।कार्यशाला की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने की।



इसमें जनपद के सभी थानों के वरिष्ठ उपनि. रीक्षक, सड़क दुर्घटना नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी तथा सीसी टीम के कर्मियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय से डॉ. प्रवीन कुमार, डॉ. आर.के. शर्मा तथा एनआईसी के रोलआउट मैनेजर साजेब भी मौजूद रहे। अधिकारियों को सड़क दुर्घटना के मामलों में पीएम राहत योजना, राहवीर योजना, सोलेशियम स्कीम तथा ᑭ-ताक/ᒣ-कात पोर्टल की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि दुर्घटना पीड़ित का अस्पताल द्वारा टीएमएस पोर्टल पर विवरण दर्ज किए जाने के बाद स्थानीय पुलिस तत्काल मौके का निरीक्षण कर I-RAD/E-DAR पोर्टल पर एक्सीडेंट आईडी बनाएगी, जिससे घायल को 1.50 लाख रुपये तक का मुफ्त उपचार मिल सकेगा। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि गोल्डन आवर में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को राहवीर योजना के तहत 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वहीं हिट एंड रन मामलों में सोले. शियम स्कीम के तहत घायल को 50 हजार रुपये तथा मृतक के आश्रितों को दो लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

अधिकारियों ने योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए पुलिस और अस्पतालों में बैनर लगाने तथा आमजन को जागरूक करने के निर्देश भी दिए।

## दो दिवसीय अभियान में पुलिस ने किए 409 वाहनों के चालान शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर की गई सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस और थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से दो दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान चलाया।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में 23 और 24 मई को संचालित इस अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई।

अभियान के तहत शहर के प्रमुख चौराहों, टोल प्लाजा, मुख्य मार्गों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग की गई। पुलिस ने विशेष रूप से शराब पीकर वाहन चलाने, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने, दोषपूर्ण अथवा बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों तथा मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों पर कार्रवाई की।मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कुल 409 वाहनों का चालान किया गया। इनमें शराब पीकर वाहन चलाने के 90, प्रेशर हॉर्न के 150, दोषपूर्ण नंबर प्लेट के 139 तथा मॉडिफाइड साइलेंसर के 30 चालान शामिल हैं। अभियान के दौरान कई वाहन चाल. कों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया गया।यातायात पुलिस ने कहा कि मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न से ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है, जिससे बुजुर्गों, मरीजों और आम नागरिकों को परेशानी होती है। वहीं शराब पीकर वाहन चलाना गंभीर अपराध है, जो चालक समेत अन्य लोगों की जान के लिए भी खतरा बन सकता है।मुरादाबाद पुलिस ने आमजन से यातायात नियमों कापालन करने की अपील करते हुए स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे औचक और सघन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## ईद के त्यौहार को लेकर एसडीएम ने तैनात किया मजिस्ट्रेट

**बिलारी।** इस बार बकरीद का त्यौहार 28 मई को ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जाएगा। लोग कुर्बान पर पहुंचेंगे। इसी को लेकर अराजक तत्वों पर निगाह रखने को मजिस्ट्रेट की तैनाती की है। जिसके चलते बिलारी थाना क्षेत्र में तहसीलदार बिलारी आदित्य कुमार, थाना मैनाठेर क्षेत्र में खंड विकास परियोजना अधिकारी बिलारी, थाना कुंदरकी क्षेत्र में नायब तहसीलदार कुंद. रकी अभिनय सिंह, थाना सोनकपुर क्षेत्र में तहसीलदार न्यायिक बिलारी प्रवीण कुमार की तैनाती की गई है,

साथ ही सभी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे तथा क्षेत्र में घूम कर हर गतिविधि पर निगाह रखेंगे।

**बेदखल सूचना**

मैंने अपने पुत्र आदिल हुसैन व पुत्रवधू श्रीमती शबीना परवीन को गलत संगत/गलत आचरण व दुव्यर्वहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती खुर्शीद जहां पत्नी स्वर्गीय जाहिद हुसैन निवासी इमामबाड़े वाली मस्जिद डहरिया तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने पर प्रधानों ने जताई खुशी

### मिठाई बांटकर मुख्यमंत्री का जताया आभार

**ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद आगामी पंचायत चुनाव तक वर्तमान प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के निर्णय पर ग्राम प्रधानों में खुशी की लहर दौड़ गई। अखिल भारतीय प्रधान संघ की ब्लॉक ठाकुरद्वारा इकाई के अध्यक्ष वीर सिंह उर्फ वीरू के नेतृत्व में प्रधानों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की तथा प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।मंगलवार को उत्तर प्रदेश में ग्राम प्रधानों का पांच वर्षीय कार्यकाल समाप्त हो गया। इसके बाद अखिल भारतीय प्रधान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी के नेतृत्व में ग्राम प्रधान लगातार आगामी पंचायत चुनाव तक वर्तमान प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने की मांग कर रहे थे। प्रधानों की मांग को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्तमान ग्राम प्रधानों को चुनाव होने तक प्रशासक बनाए जाने के आदेश जारी किए। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से ग्राम प्रधानों में उत्साह का माहौल बन गया। मंगलवार को भारी संख्या में ग्राम प्रधान ब्लॉक परिसर में एकत्र हुए, जहां उन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस दौरान प्रधानों ने भाजपा सरकार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा अखिल भारतीय प्रधान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बहापुर ग्राम प्रधान, पानूवाला ग्राम प्रधान दिलशाद अंसारी, रामनगर खागूवाला ग्राम प्रधान पति साजिद मंसूरी, लाला. पुर पीपलसाना के पूर्व प्रधान इरफान अहमद, पसियापुरा पदार्थ ग्राम प्रधान शरीफ अहमद, अहमद अली, रितिक यादव सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

हमने अपने सगा भाई मेराज पुत्र अबरार हुसैन को गलत संगत/गलत आचरण व दुव्यर्वहार करने के कारण सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मेराज के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **अय्यूब हुसैन, खैराती, मौहम्मद सरताज, नौशाद हुसैन, सफाक अहमद, मौहम्मद इमरान पुत्रगण अबरार हुसैन निवासीगण भीमाठेर उर्फ बिशनपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखल सूचना**

मैंने अपनी पुत्री कोमल पुत्री स्वर्गीय विजय को गलत संगत/गलत आचरण व दुव्यर्वहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में कोमल के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से मेरी पुत्री कोमल का कोई ताल्लुक व मतलब वास्ता नहीं होगा। **श्रीमति सुनीता पत्नी स्वर्गीय विजय निवासी जीरो ज्ञानी वाली बस्ती लाइनपार, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**मूलवाद सं० :** 630/2025
**तारीख पेशी:** 11.08.2026

श्रीमती चमेली पत्नी जगराम उर्फ गजराम निवासी ग्राम मछरिया तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादनी।**

**बनाम**

1. कु. सुमन पुत्री भूरा (2), 2. टोडरमल पुत्र झण्डू (3), 3. बिजेन्द्र पुत्र झण्डू (6), 4. भागवती पत्नी झण्डू (7) निवासीगण ग्राम मछरिया तह. व जिला मुरादाबाद -**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपरिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवे. दन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 08 के दिवस 11 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 09 को निकाली गयी है।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

## ईदुल अजहा को लेकर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न

**ठाकुरद्वारा।** ईदुल अजहा को लेकर पीस कमेटी की बैठक मंगलवार को एसडीएम प्रीति सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नई परम्परा न डालने की अपील की गई। बैठक में निर्धारित स्थानों पर ही कुर्बानी करे और अवशेष करीब 12 फिट गहरे गडढे में दफन किए जाए। रास्तों पर टैंट लगाकर कुर्बानी नही की जानी चाहिए। समय से नमाज अदा कर कुर्बानी करे। पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने कहा कि ईद की नमाज के बाद कुर्बानी निर्धारित स्थानों पर ही करे, नई परम्परा न डाले, अवशेषो का करीब 12 फिट गहरे गडढ़े में दफन करे, ताकि कोई जानवर उन्हे निकाल न सके। क्योंकि कभी कभी ऐसा हो जाता जब कुर्बानी गहरे गडढे में दफन की जाती तो जानवर निकाल एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाकर डाल देते है। इससे माहौल खबर होने का खतरा बन जाता है। साथ ही कुर्बानी के बाद युवाओं को बाइक न दे, यदि वह बाइक ले जाते तो उन्हे तेजी से बाइक न चलाने की हिदायत दे, पिछले वर्ष बाइको से पटके छोड़ने के मामले में करीब 47 बाइकें सीज की गई थी। इसलिए बाइकों द्वारा पटके न छोड़े, शासनादेश है कि किसी प्रकार की नई परम्परा न डाली जाए। कोतवाली प्रभारी मनोज परमार ने कहा कि क्षेत्र के गांव शरीफनगर में टेंट लगाकर कुर्बानी न की जाए । कुर्बानी निर्धारित स्थानों पर की जाए और अवशेषो को तीनों दिन गहरे गडढे में दफन कराया जाए। बैठक में नगर दरोगा ओमपाल सिंह, उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार मीना, विनय कुमार, बारए एसोसिएशन अध्यक्ष आबिद चौधरी, सभासद बसीम अहमद, अबरार सैफी, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल, मुख्त्यार सैफी, शहनवाज खान, पूर्व प्रधान इल्यास अंसारी, पंकज गुप्ता आदि शामिल रहे।

## ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ने पर खुशी की लहर

**ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेश में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने पर ग्राम पंचायत रामनगर खागूबाला में खुशी का माहौल देखने को मिला। ग्राम पंचायत रामनगर खागूबाला के ग्राम प्रधान साजिद मंसूरी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ल्वहप ।कपजलंदंजी को शुभकामनाएं देते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया। इस दौरान गांव की जनता ने ग्राम प्रधान साजिद मंसूरी का फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। ग्राम प्रधान साजिद मंस. ूरी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिट्टू यादव, रामस्वरूप शर्मा मास्टर साहब, धर्मेंद्र कश्यप, बिजेंद्र कश्यप, पप्पू कश्यप, राजेंद्र सिंह यादव, विष्णु शर्मा, विनोद शर्मा, अजगर सैफी, वसीम सैफी, अहमद नेता, रमजानी अंसारी, आमिर अंसारी, चुन्नू प्रजापति, गौतम प्रजापति, सलीम सैफी, अब्दुल सलाम सैफी, यासीन धोबी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**
**उ.रे., मंडल रेलवे चिकित्सालय, चिकित्सा विभाग, मुरादाबाद मंडल**
सूचना सं. 139-Med/C2C/DH/MB-25 दिनांक: 25.05.2026

**शुद्धि पत्र**

**मंडल रेलवे अस्पताल, मुरादाबाद में केस-टू-केस आधार पर मेडिकल कंसल्टेंटों की संविदा पर नियुक्ति हेतु**

इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 19.05.2026 तथा दिनांक 23.05.2026 को समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन के क्रम में यह सूचित किया जाता है कि कुछ विशेषताओं में वृद्धि / संशोधन किया गया है। संशोधित विज्ञापन निम्नानुसार है:-

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे अस्पताल, मुरादाबाद में निम्नलिखित विशेषताओं में एक वर्ष या अस्पताल की आवश्यकता रहने तक, जो भी पहले हो, केस-टू-केस आधार पर मेडिकल कन्सल्टेंट/विशेषज्ञ की संविदा नियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करते हैं:-

| क्र. सं. | विशेषता का नाम | विशेष रूचि/उप-विशेषता का क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | ई.एन.टी. | सामान्य ई.एन.टी. एवं जटिल ई.एन.टी. मामले |
| 2 | जनरल सर्जरी | सामान्य सर्जरी एवं जटिल शल्य चिकित्सा मामले |
| 3 | ऑर्थोपेडिक्स | ऑर्थोपेडिक शल्य चिकित्सा एवं अन्य जटिल ऑर्थोपेडिक्स मामले |
| 4 | गाइनी सर्जरी | जटिल गाइनकोलोजिकल शल्य चिकित्सा मामले |
| 5 | एनेस्थीसिया | गाइनकोलोजिकल, जनरल तथा ऑर्थोपेडिक्स शल्य चिकित्सा हेतु तथा नियमित एनेस्थीटिस की अनुपस्थिति या जटिल/उच्च जोखिम वाले मामले |
| 6 | नेफ्रोलॉजी | जटिल नेफ्रोलॉजी मामले |
| 7 | यूरोलॉजी | यूरोलॉजिकल शल्य चिकित्सा एवं जटिल यूरोलॉजी मामले |
| 8 | डॉर्मेटोलॉजी | त्वचा रोगों एवं जटिल त्वचा मामलों का उपचार |
| 9 | डेन्टल सर्जन | पी.टी.डी.एस. की अनुपस्थिति में दांत मामलों का उपचार |
| 10 | पल्मोनोलॉजी | श्वसन तंत्र एवं फेफड़ों से संबंधित रोगों का उपचार |
| 11 | रूमेटोलॉजी | ऑटोमयून रोग, अर्थराइटिस एवं मस्कुलोस्केलटल विकारों का उपचार |
| 12 | ऑप्थैल्मोलॉजी | नेत्र शल्य चिकित्सा एवं जटिल नेत्र शल्य चिकित्सा मामले |

आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में A4 साइज पेपर पर भरकर सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियों सहित जमा किया जाए।
विस्तृत विज्ञापन, आवेदन पत्र तथा अन्य विवरण उत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं: https://nr.indianrailways.gov.in/recruitmentinfo
अभ्यर्थी अपना पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं हस्ताक्षरित आवेदन पत्र, आवश्यक दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियों सहित निम्नलिखित पते पर जमा करें:- मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मंडल रेलवे अस्पताल, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश 244001.
**आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि:** 10.06.2026 को 13:00 बजे तक या उससे पहले।
**मूल विज्ञापन जो इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 19.05.2026 के द्वारा प्रकाशित किया गया था, उसके अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत लागू रहेंगी।**
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल
1760/26 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 66-DRM-MB-26-27 dt. 25.05.2026 |
| Name of Work | Construction of LHS in lieu of LC Nos. 12 & 17 (MB-CH) and LC No. 51 (CH-HGJ) under ADEN/CH. |
| Tender Closing Date, Time | 18.06.2026 |
| Advertised Value (Rs.) | 14,47,84,046.90 |
| Earnest Money (Rs.) | 28,95,700.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 0.00 |
| Bidding Start Date | 04.06.2026 |
| Period of Completion | 10 Months |

पत्रांक: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 25.05.2026 1771/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## ईद-उल-अजहा को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

कुंदरकी। आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को कस्बा कुंदरकी में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों ने पूरे कस्बे में भ्रमण कर लोगों से भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। पुलिस प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि कुर्बानी की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित न करें तथा ईद के दौरान किसी भी प्रकार का झगड़ा, विवाद या शांति भंग करने का प्रयास न किया जाए। अधिकारियों ने सभी समुदायों से भाईचारे एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्योरिटी | कार्य के पूरा करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2026:- हरिद्वार में क्रू और ट्रेन मैनेजर के लिए नए रनिंग रूम के निर्माण हेतु विद्युत कार्य और लक्सर में स्वास्थ्य इकाई के सुधार हेतु विद्युत कार्य तथा अन्य विविध संबंधित कार्य। | 5731794.68 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद | 114600.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 17.06.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/मुरादाबाद। |
| 2 | 16/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2026:- देहरादून स्टेशन के उन्नयन के लिए विद्युत कार्य। | 6954488.69 (जीएसटी सहित) | | 139100.00 | | | |

निविदा सूचना सं0: 18/2026 दिनांक :- 26.05.2026 1779/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संवेदना स्कूल के समर कैंप में बच्चों ने सीखे संस्कार और अनुशासन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडी चौक रोड स्थित संवेदना स्कूल में आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का समापन हर्षोल्लास और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ किया गया। समापन समारोह में जूनियर कक्षाओं के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का दिल जीत लिया।कैंप के दौरान बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और जीवनोपयोगी शिक्षाओं से भी परिचित कराया गया। बच्चों ने गीत, नृत्य, अभिनय, कविता पाठ तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में बच्चों का आत्मविश्वास और उत्साह देखने लायक था।विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रुति गुप्ता ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ उनमें अच्छे संस्कार विकसित करना है। कैंप में बच्चों को गुड मैनर्स, स्वच्छता, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और टीम भावना की शिक्षा दी गई। साथ ही दैनिक जीवन में इन आदतों के महत्व को भी व्यवहारिक गति. विधियों के जरिए समझाया गया।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों की रचनात्मक क्षमता को निखारने के साथ उन्हें आत्मविश्वासी बनाने में भी सहायक होते हैं।

समापन अवसर पर शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम का वातावरण पूरे समय उत्साह और उमंग से भरा रहा।

# प्रेमिका से विवाद के बाद युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास, पुलिस ने बचाई जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के थाना नागफनी क्षेत्र स्थित शिव विहार कॉलोनी में मंगलवार को एक युवक ने प्रेमिका से विवाद के बाद आत्मदाह का प्रयास कर लिया। समय रहते पुलिस के पहुंचने से युवक की जान बच गई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार विशाल पुत्र हरपाल निवासी बंगला गांव, शिव विहार कॉलोनी थाना नागफनी का क्षेत्र की ही रहने वाली एक युवती से पिछले कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच अक्सर किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। मंगलवार को भी दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद विशाल मानसिक तनाव में आ गया।आरोप है कि विवाद से



परेशान होकर विशाल ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया और आत्मदाह करने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही बंगला गांव चौकी इंचार्ज नरेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल युवक को समझाकर शांत किया और किसी तरह उसे आत्महत्या करने से रोक लिया।इसके बाद पुलिस ने युवक को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार युवक की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।घटना के बाद इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा युवक और उसके परिजनों से भी बातचीत की जा रही है।

## ईद-उल-अजहा को लेकर तैयारियां पूरी, प्रशासन अलर्ट

**मुरादाबाद।** ईद उल अजहा का पर्व 28 मई को पूरे जिले में अकीदत, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शहर से लेकर देहात क्षेत्रों तक तैयारियां तेज हो गई हैं। मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं विभिन्न स्थानों पर नमाज के समय भी तय किए जा रहे हैं ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।त्योहार के मद्देनजर बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। लोग खरीदारी में जुटे हैं और घरों में तैयारियां चल रही हैं। सुरक्षा और साफ-सफाई को लेकर प्रशासन तथा नगर निगम पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और कूड़ा उठान की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा पुलिस प्रशासन भी संवे. दनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा रहा है अधिकारियों द्वारा लगातार व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

## एक नजर

### 25 लाभार्थियों को मिलेंगे 5-5 मधुमक्खी बॉक्स व टूलकिट, 15 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वर्ष 2026-27 में जनपद मुरादाबाद के 25 लाभार्थियों को 5-5 हनी बॉक्स मधुमक्खी सहित एवं संबंधित टूल-किट्स निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। इसका लक्ष्य मुख्यालय से प्राप्त हुआ है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि हनी बॉक्स वितरण के लिए आवे. दक का ग्रामीण क्षेत्र का स्थायी निवासी होना जरूरी है। आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। एक ही गांव या नजदीकी गांव के समूह में आर्थिक रूप से कमजोर, बेरोजगार या कार्य में रुचि रखने वाले व्यक्तियों/महिलाओं को वरीयता दी जाएगी। लाभार्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया ऑनलाइन है। बोर्ड की वेबसाइट दबींअपइ.हवअ.पद पर ऑनलाइन सेवाओं के अंतर्गत ऑनलाइन टूलकिट पंजीकरण एवं आबंटन के नाम से पोर्टल उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक 15 जून 2026 तक अपना आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों का चयन जनपद में गठित निर्धारित चयन समिति द्वारा लक्ष्य के अनुरूप किया जाएगा। इसके बाद चालू वित्तीय वर्ष में मुख्यालय स्तर से हनी बॉक्स की आपूर्ति मिलने पर चयनित लाभार्थियों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण के उपरांत प्रति व्यक्ति 5 हनी बॉक्स मधुमक्खी सहित एवं टूल-किट निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। आवश्यक दस्तावेज: फोटो, आधार कार्ड, जाति/निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, मुरादाबाद से संपर्क करें।

### आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई अभियान ना चलाना बना लोगो की मुशीबत



**कांठ ( शाह टाइम्स )** आवारा कुत्तों और बंदरों ने पिछले 6 महीने में 1000 से ज्यादा बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों को काटकर घायल कर दिया। नागरिकों की मांग के बाद भी आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिम्मेदार अधिकारी शांत बैठे हैं स आवारा कुत्तों एवं बंदरों ने कल 33 लोगों को अपना शिकार बनाया सभी घायलों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर एंटी रैबीज वैक्सीन की पहली डोज लगवाई है। नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक कम नहीं हो रहा है। महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों पर हमला कर उन्हें काटकर घायल कर रहे हैं। कांठ नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के झुंड भी घूम रहे हैं। यह बच्चों को काटकर उन्हें घायल कर रहे हैं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित 33 ऐसे घायल कांठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जिन्हें स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा एंटी रैबीज वैक्सीन की पहली डोज लगाई गई।सीएचसी के चीफ फार्मेसिस्ट नरेंद्र सिंह पंवार के अनुसार 33 लोगों को एंटी रैबीज वैक्सीन की पहली डोज लगाई है। इसके अलावा 15 लोगों को दूसरी, 12 को तीसरी और 20 को चौथी डोज लगाई गई है। लोगों ने आवारा कुत्तों और बंदरों को पकड़वाने की मांग की लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई है जिम्मेदार अधिकारी शांत बैठे हैं।

### विकास खंडो में साप्ताहिक चौपाल लगाने की तैयारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )**मुख्यमंत्री ने जनता की शिकायतों के समाधान के लिए प्रत्येक विकास खंड स्तर पर साप्ताहिक चौपाल लगाने का निर्णय लिया। इनमें राजस्व वाद, घरेलू हिंसा, अवैध वसूली तथा स्थानीय स्तर पर पुलिस द्वारा दर्ज न की जाने वाली शिकायतों जैसी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। सरकारी योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को चौपालों के माध्यम से लाभांवित किया जाए। चौपालों के संचालन के लिए शासन एसओपी जारी करेगा। जिले के अधिकारियों की उपस्थिति इन चौपालों में अनिवार्य रहेगी।



# कैथल क्षेत्र में अवैध खनन से ग्रामीणों में रोष, कार्रवाई की मांग

**चन्दौसी।** नगर से सटे कैथल, नरौली और कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कृषि योग्य भूमि से मिट्टी खनन किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बुल्डोजर, डंपर और ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से दिन-रात मिट्टी खोदकर प्लॉटों और तालाबों को पाटने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कैथल ग्राम पंचायत क्षेत्र में लंबे समय से उपजाऊ जमीन का सीना चीरकर मिट्टी अन्य स्थानों पर पहुंचाई जा रही है। इससे क्षेत्र की कृषि भूमि प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि खनन कार्य में लगे लोगों के प्रभाव के चलते प्रशासन भी कार्रवाई करने से बच रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खनन के लिए निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। वहीं भारी वाहनों के लगातार आवागमन से कैथल-बुद्धनगर-खण्डुवा मार्ग की स्थिति और खराब हो गई है। पहले से जर्जर सड़क पर डंपर और ट्रैक्टरों के कारण पूरे दिन धूल उड़ती रहती है, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि रातभर जेसीबी मशीनें चलती हैं और ट्रैक्टर-ट्रालियां तेज गति से मिट्टी ढोती नजर आती हैं। कई वाहन बिना सुरक्षा मानकों के चलते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि खनन अधिकारी को मौके पर भेजकर क्षेत्र का निरीक्षण कराया जाए तथा खनन नियमों के उल्लंघन की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। क्षेत्र में बढ़ते अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों में लगातार रोष व्याप्त है।



# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति फेज-5.0' (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जनपद संभल पुलिस की एंटी रोमियो टीमों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों एवं चौपालों के माध्यम से महिलाओं और बालिक. ाओं को जागरूक किया। इस दौरान महिला संबंधी समस्याओं के समाधान, सुरक्षा उपायों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में



जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए। इस दौरान वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सीएम हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाइन-181 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 सहित अन्य सेवाओं की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने मोबाइल पर इमरज. ेंसी कॉल एवं पैनिक बटन का डेमो भी दिखाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# प्रेरणा दिवस पर व्यापारियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा एबीसी मॉन्टेसरी स्कूल में जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर की अध्यक्षता में प्रेरणा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में लखनऊ के हजरतगंज में पुलिस गोलीकांड में बलिदान हुए स्वर्गीय हरीश चंद्र अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए गए। जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा कि प्रेरणा दिवस संगठन के पदाधिकारियों को अनुशासन, ईमानदारी और संघर्ष का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व्यापारियों के हितों एवं उनके उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। संगठन वर्तमान में देश के 18 राज्यों में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान संगठन के प्रति निष्ठा एवं अनुशासन बनाए रखने वाले 12 व्यापारियों को सम्मानित किया गया। सभा का शुभारंभ व्यापार मंडल की प्रार्थना से हुआ। इस दौरान संगठन के पूर्व युवा जिला अध्यक्ष स्वर्गीय आशुतोष मिश्रा को भी श्रद्धांजलि देते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। प्रेरणा दिवस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रा. ेवर, जिला उपाध्यक्ष उमेश वार्ष्णेय, जिला संगठन मंत्री रमेश ग्रेवाल, अनुराग भार्गव, विपुल महाजन, सुशील अग्रवाल, चिंटू शर्मा, सुभाष पाल, वसीम अख्तर, अनुज आहूजा, जयशंकर दुबे, प्रभात कृष्णा, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता भार्गव, शाह आलम मंसूरी, अनुज वार्ष्णेय, गोविंद, युवा जिला संयोजक डॉ. परितोष मिश्रा समेत अनेक पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनता एवं व्यापारियों की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाकर समाधान कराने का कार्य करता है।

कार्यक्रम का संचालन उमेश वार्ष्णेय ने किया। वहीं सुभाष मित्तल ने 12 व्यापारियों को फूलमाला पहनाकर एवं गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया।

# सिहारी लददा के ग्रामीणों को नहीं मिली घरौनी

## नागरिक एकता परिषद ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सिहारी लद्दा के ग्रामीणों को स्वामित्व योजना के तहत अभी तक डिजिटल घरौनी नहीं मिली है। ग्रामीणों की आवाज उठाते हुए नागरिक एकता परिषद ने उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह को को ज्ञापन सौंपा। परिषद के अध्यक्ष प्रेमकुमार,कपिल राज, विधिक सलाहकार मोहम्मद आसिफ कमल एडवोकेट आदि ने ज्ञापन में कहा है कि काफी समय बीत जाने के बाद भी सिहारी लद्दा गाँव के निवासियों को उनकी डिजिटल घरौनी प्राप्त नहीं हुई है। ग्रामीणों को इसकी भी जानकारी नहीं है कि उनके मकानों की घरौनी बनकर तैयार हुई है या नहीं, अथवा यह प्रक्रिया किस स्तर पर लंबित है। सही जानकारी न होने के कारण ग्रामीण लगातार तहसील के चक्कर काटने को मजबूर हैं। मांग उठाई है हल्का लेखपाल को आदेशित किया जाए कि गाँव में जाकर घरौनी की वर्तमान स्थिति से ग्रामीणों को अवगत कराए। यदि घरौनी तैयार हो चुकी है, तो गाँव में शिविर लगवाकर इसे ग्रामीणों को वितरित किया जाए। यदि कोई तकनीकी कमी है, तो उसका शीघ्र निवारण कर घरौनी बनाने की प्रक्रिया को तेज किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजवीर सिंह, जगपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, भूदेव शर्मा, लल्लू सिंह, रामपाल, मिश्रीलाल, ठाकुर पाल, पूरन सिंह, चंद्रपाल सिंह, अमरपाल सिंह, हरपाल सिंह, नेपाल सिंह, सूरजपाल, फकीरचंद,अमित कुमार, बनवारी लाल निरपत, ओम प्रकाश, विजेंद्र हरवीर सिंह नरेश शर्मा आदि रहे।



## फर्जी वीडियो वायरल करने वालो पर सरकार से करवाई करने की मांग

**कुंदरकी।** पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव का फर्जी विडिओ वायरल करने वालो पर सरकार से करवाई करने की मांग। आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के कार्यसमिति सदस्य कमर रजा दानिश ने आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव /प्रवक्ता धर्मगुरु फखरे मिल्लत मौलाना यासूब अब्बास का कुछ धर्मविरोधी व राष्ट्रविरोधी लोगो ने एक फर्जी विडिओ बना कर वायरल कर उनकी कौमी यकजेहती की छवि को नुकसान पोहचाने की कोशिश हम सरकार से ऐसे लोगो के खिलाफ करवाई की मांग करते है। दानिश ने कहा की कुछ लोग यासूब अब्बास सा.की समाज के हर वर्ग में बढ़ती मकबुलियत के चलते इस तरह की कयराना हरकते कर रहे है लेकिन इन समाज विरोधिओ को यह नहीं मालूम की उनकी यह हरकते कभी सफल नहीँ हो सकती क्यूँकी सब जानते है की मौलाना यासूब अब्बास जी हिन्दू मुस्लिम एकता के हमेशा बढ़ावा देते आए है।

### भीषण गर्मी में जगह-जगह शरबत वितरण, राहगीरों को मिली राहत

**चन्दौसी।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच शहर में विभिन्न स्थानों पर समाजसेवियों एवं बैंकर्स द्वारा ठंडे शरबत और कोल्ड ड्रिंक का वितरण कर लोगों को राहत पहुंचाई जा रही है। नौतपा के चलते तापमान 47 डिग्री के पार पहुंचने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोग गर्मी से बेहाल हैं। ऐसे में सामाजिक संगठनों एवं व्यापारियों द्वारा शीतल पेय पदार्थों का वितरण कर राहगीरों का गला तर कराया जा रहा है। चन्दौसी धार्मिक कार्यक्रमों एवं मंदिरों की अधिक संख्या के कारण मिनी वृंदावन के रूप में प्रसिद्ध है। यहां विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक अवसरों पर भंडारे और शरबत वितरण का आयोजन होता रहता है। मई और जून की प्रचंड गर्मी में पानी और शीतल पेय की आवश्यकता बढ़ जाती है। इसी क्रम में दशहरा पर्व पर सोमवार को शहर के कई स्थानों पर शरबत वितरण किया गया। मंगलवार को नौतपा के दूसरे दिन महाजन होटल के सामने बैंकर्स द्वारा ठंडी फैंटा कोल्ड ड्रिंक का वितरण किया गया।



इस दौरान अनमोल अग्रवाल, अन्नू, सुमित सर्राफ, चंदन रस्तोगी, अजय सर्राफ एवं केशव सर्राफ मौजूद रहे। वहीं बापजार क्षेत्र में पीके सर्राफ द्वारा स्टॉल लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत वितरित किया गया। इसके अलावा सर्राफ धीरज कुमार अग्रवाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों को मीठा एवं शीतल शरबत पिलाया।

### भीषण गर्मी में पेयजल को लेकर दुकानदारों ने की पानी की टंकी की मांग

**चन्दौसी।** भीषण गर्मी के चलते शहर में पानी की किल्लत लगातार बढ़ती जा रही है। तापमान बढ़ने के साथ ही पेयजल की मांग भी बढ़ गई है। एस.एम. महाविद्यालय परिसर की दुकानों पर किराये पर रह रहे दुक. ानदारों ने नगरपालिका से पानी की टंकी लगवाने की मांग की है। बताया जाता है कि वर्ष 2016 में नगरपालिका द्वारा शीतल पेयजल की व्यवस्था के लिए कोतवाली के समीप एक वाटर कूलर लगाया गया था, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध हो जाता था। लेकिन काफी समय से वाटर कूलर खराब पड़ा है, जिसके कारण क्षेत्र में पेयजल की समस्या बनी हुई है। वहीं नगरपालिका की ओर से अब तक पानी की टंकी की व्यवस्था भी नहीं की गई है।

क्षेत्र में मालवीय चौक पर लगा इंडिया मार्का हैंडपंप भी लगभग खराब स्थिति में पहुंच चुका है। ऐसे में मई-जून की भीषण गर्मी के दौरान दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को दुकानदार एकत्रित होकर अधिशासी अधिकारी कार्यालय पहुंचे और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। इस पर अधिशासी अधिकारी ने जल्द ही पानी की टंकी लगवाने का आश्वासन दिया।

# सरकारी अस्पताल में महिला डॉक्टर की तबीयत बिगड़ने से मची हलचल, डॉक्टरों की तत्परता से हालत सामान्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सरकारी अस्पताल में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब आरबीएस टीम में तैनात डॉक्टर सीमा जिलानी की अचानक तबीयत खराब हो गई। बताया गया कि तेज गर्मी और पहले से उल्टी-दस्त की शिकायत होने के कारण उनका दिल घबराने लगा, जिसके बाद अस्पताल स्टाफ ने तुरंत उन्हें इमरजेंसी में भर्ती कराया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू कर दिया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल ने स्वयं निगरानी करते हुए अस्पताल परिसर में ही उनका इलाज कराया। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल डॉ. सीमा जिलानी की हालत सामान्य और स्थिर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार बिलारी सरकारी अस्पताल में इस समय उल्टी-दस्त के तीन तथा बुखार के दो मरीज पहले से भर्ती हैं। भीषण गर्मी और बदलते मौसम के कारण अस्पताल में ऐसे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अस्पताल प्रशासन लोगों से साफ पानी पीने, बाहर के खुले खाद्य पदार्थों से बचने और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील कर रहा है। इस दौरान चीफ फार्मासिस्ट आरपी वर्मा, स्टाफ नर्स नीति एलिस और जयंती मेहता सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे और सभी ने तत्परता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई। स्थानीय लोगों ने बिलारी सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की कार्यशैली की सराहना की। लोगों का कहना है कि चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल स्वयं ओपीडी में बैठकर मरीजों को देखते हैं और मरीजों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं। बताया गया कि मंगलवार को भी अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे, जिनका उपचार डॉक्टरों द्वारा किया गया। अस्पताल में मरीजों को समय पर इलाज और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने से आम जनता राहत महसूस कर रही है।



# बाजार में खरीदारी के दौरान पत्नी हुई लापता, पति ने पुलिस से लगाई गुहार

**चन्दौसी।** नौ माह पूर्व हुई शादी के बाद खुशहाल पारिवारिक जीवन जी रहे एक युवक की पत्नी मंगलवार को बाजार में खरीदारी के दौरान अचानक लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी पत्नी का कोई पता नहीं चलने पर पति ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना फैजगंज, जनपद बदायूं निवासी देवेन्द्र पुत्र रामकुमार की शादी करीब नौ माह पूर्व जनपद बरेली के आंवला क्षेत्र स्थित गांव खड़गपुर निवासी युवती से धूमधाम के साथ हुई थी। युवती के पिता का निधन हो चुका है, जिसके बाद उसके भाई ने विवाह संपन्न कराया था। देवेन्द्र के अनुसार वह मंगलवार को अपनी पत्नी के साथ चन्दौसी बाजार खरीदारी करने आया था। दोनों सुपर मार्केट क्षेत्र में सामान खरीद रहे थे। इसी दौरान पत्नी ने सिर चकराने की बात कही। इस पर वह उसके लिए पानी लेने चला गया। वापस लौटने पर पत्नी वहां मौजूद नहीं मिली। पति ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन पत्नी का कोई सुराग नहीं लग सका। परेशान होकर देवेन्द्र चन्दौसी कोतवाली पहुंचा और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी देते हुए पत्नी के लापता होने की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



## एक नजर

### प्यासे भटक रहे वन्य जीव

**कालागढ़।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वन्य जीव बढ़ती गर्मी के कारण प्यास की वजह से भटक रहे हैं। क्षेत्र में वन्यजीवों की चहलक. दमी बढ़ गई है। पानी की तलाश में हाथी, बाघ, गुलदार और हिरण जैसे वन्यजीव रामगंगा नदी की ओर रुख कर रहे हैं। इन गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग ने गश्ती दल सक्रिय कर दिया है। शिवालिक पहाड़ियों से निकलने वाली रामगंगा नदी का ठंडा पानी वन्यजीवों को आकर्षित कर रहा है। शाम होते ही स्थानीय लोग भी टहलने के लिए रामगंगा स्टील ब्रिज की ओर जाते हैं, जहां उन्हें अक्सर वन्यजीवों के दीदार होते हैं। आए दिन कोई न कोई वन्यजीव सड़क पार कर नदी की ओर जाता या पानी में अठखेलियां करता नजर आता है। नदी में पहले से मौजूद मगरमच्छ भी समय-समय पर किनारे दिखाई देते हैं। स्थानीय नागरिक शाम को घुमने के लिए स्टील ब्रिज पर गए थे, वहां उन्हें हाथी और गुलदार दोनों देखने को मिले। उन्होंने इस अनुभव को सुखद के साथ-साथ थोड़ा डरावना भी बताया। पहले लकड़घाट के पास एक हाथी मुख्य मार्ग पार कर गंगा की तरफ जाता दिखा। स्टील ब्रिज से लौटते समय सेंडिल बांध मार्ग से थोड़ा पहले पहाड़ियों से उतरकर एक गुलदार गंगा की ओर गया। सेंडिल बांध तिराहे पर गुलदार को मुख्य मार्ग पार कर नदी की तरफ जाते देखा। वन्यजीवों की बढ़ती चहलकदमी को देखते हुए वन विभाग ने लकड़घाट और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में गश्ती दल को सक्रिय कर दिया है, ताकि मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोका जा सके।

### मंडावली में साहिल गिरफ्तार

**बिजनौर।** मंडावली पुलिस ने ग्राम भागूवाला निवासी साहिल पुत्र अहसान को ग्राम के ही निवासी नरेश कुमार पुत्र हरपाल सिंह के घर से चोरी किए गए दो गैस सिलेंडरों, केबिल व ट्यूबवैल के सामान के साथ गिरफ्तार किया है।

### चार दिवसीय सालाना मजलिसों का समापन

**नजीबाबाद।** विश्व प्रसिद्ध दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से चार दिवसीय सालाना मजलिसों का समापन हो गया। सालाना मजालिसों का देर रात दरगाह प्रशासक मौलाना शबाब हुसैन नकवी ने समापन का ऐलान किया। इस मौके पर उन्होंने दूर दराज व देश के कोने-कोने से आयें जायरीनों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि अगर किसी जायरीन को कोई परेशानी हुई हो तो इसके लिए वह उनसे माजरत चाहते है। प्रशासक मौलाना शबाब नकवी ने दरगाह परिसर में ड्यूटी दे रहे शासन-प्रशासन के अधिकारियो का भी सालाना मजलिसों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि ऊपर वाले की मेहरबानी से सालाना मजलिसों के दौरान मौसम बिल्कुल साफरहा, इस साल श्मजलिसों के चलते ना कोई आंधी ना ही बारिश पड़ी, जायरीन अपने सामान व परिवार के साथ टैंटों में पूरी तरह से सुरक्षित रहे। दरगाह कमेटी के सदस्य पानी, बिजली, साफ सफाई, टॉयलेट की धुलाई आदि के कार्य में लगे रहे। शिया धर्म गुरु अल्लामा कल्बे जव्वाद की सरपरस्ती एवं शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश केचेयरमैन अली जैदी के निर्देशन में सालाना मजलिसो का कार्यक्रम पूरी तरह से चौन के साथ सम्पन्न हुआ। प्रोग्राम को सफलता पूर्वक कराने के लिये प्रशासक शबाब हुसैन नकवी, पूर्व दरगाह अध्यक्ष चौधरी उरूज आलम, मौलाना फिरोज नकवी, मौलाना सलमान, चौधरी फैजान, चौधरी सीरत, जिया अब्बास, मोमीन रजा, नय्यर जैदी, ताबिश मिर्जा, मीर सादिक, प्रबंधक हुसैन मेहंदी, नजमी नकवी, सईद नकवी, शब्बन प्रधान, अब्बास नकवी, मोहम्मद मिया, मौहम्मद नकवी, शावेज नकवी, नवाब आब्दी, जौन आब्दी, जाफर मेहंदी, पप्पू जैदी, राजा जैदी, नदीम अब्बास आदि का योगदान रहा।

# मंडावली पुलिस गुंडों पर मेहरबान

## छात्रा से छेड़छाड़ का विरोध करने पर हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावली पुलिस सीएम योगी के आदेश नहीं मानती है। छात्रा से छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगई दिखाने वाले हमलावरों के खिलाफ न तो रिपोर्ट दर्ज की गई और न ही उन्हें गिरफ्तार किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार थाना मंडावली क्षेत्र के ग्राम सिकरौड़ा नवादा निवासी महिला ने मुख्यमंत्री के शिकायत पोर्टल पर प्रार्थना पत्र दर्ज कराकर आरो. पियों की गिरफ्तारी एवं परिवार की सुरक्षा की मांग की है। पीड़ित महिला का आरोप है कि थाना मंडावली पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय समझौते का दबाव बना रही है। महिला ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री मंतशा सेंट मैरी स्कूल मंडावली में कक्षा 12 की छात्रा है। आरोप है कि गांव निवासी देव और शेखर स्कूल आते-जाते समय उसकी पुत्री का पीछा करते थे। अश्लील फब्तियां कसकर छेड़छाड़ करते थे। इस संबंध में दोनों युवकों के परिजनों से शिकायत की गई थी, जिन्होंने भविष्य में ऐसी हरकत न होने का आश्वासन दिया था। पीड़िता के अनुसार 23 मई को शाम लगभग साढ़े पांच बजे उसकी पुत्री घर में खाना बना रही थी। तभी दोनों आरोपी उसे परेशान करने के उद्देश्य से घर के पास आ गए। छात्रा ने इसकी जानकारी अपने भाई तालीम को दी। तालीम ने छत पर जाकर देखा, तो दोनों युवक वहां मौजूद थे और उसे देखकर चले गए। कुछ देर बाद जब तालीम मोटरसाइकिल से जंगल की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में देव पुत्र प्रमोद और शेखर पुत्र बेदू ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने मोबाइल फोन से अपने परिजनों अमित, लख्खी, प्रमोद, यशोदा और बेबी को बुला लिया, जो लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंचे और तालीम पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में तालीम के सिर, नाक, पीठ और हाथ में गंभीर चोटें आई तथा दाहिने हाथ में फ्रैक्चर बताया गया है। इसी दौरान पीड़िता का छोटा पुत्र जुनैद मौके पर पहुंचा और अपने भाई को बचाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। हमलावरों ने मोटरसाइकिल और स्कूटी को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा जुनैद का मोबाइल फोन भी छीन लिया। जाते समय आरोपियों ने रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

पीड़ित परिवार के अनुसार घायल तालीम को थाना मंडावली ले जाया गया। जहां पुलिस ने जुनैद से तहरीर लेकर तालीम का मेडिकल परीक्षण कराया। फ्रैक्चर की आशंका पर उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। आरोप है कि मेडिकल एवं एक्स-रे रिपोर्ट पुलिस ने अपने पास रख ली, लेकिन घटना के तीन दिन बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। महिला का आरा. ेप है कि पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहन तक कब्जे में नहीं लिए और उल्टा परिवार पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। वहीं आरोपी पक्ष खुलेआम धमकियां दे रहा है। पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री से आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, निष्पक्ष कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## भाजपा नेता पर शारीरिक उत्पीड़न का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** महिला चिकित्सक ने भाजपा के जिला मंत्री पर खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके अश्लील फोटो व वीडियो बना लेने तथा उन फोटो व वीडियो को दिखा कर उसका शारीरिक उत्पीड़न करने, धन की मांग करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। थाने में दी गई तहरीर में नगर निवासी एक महिला चिकित्सक ने बताया कि उसके पति की मृत्यु पिछले वर्ष हो गई थी। ग्राम रोनिया निवासी प्रभात यादव उसके यहां आता जाता था। महिला चिकित्सक का आरोप है कि प्रभात ने उसे खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर दे दिया तथा बेहोशी की हालत में उसके कुछ अश्लील फोटो व वीडियो बना ली तथा बाद में फोटो व वीडियो दिखाकर धन की मांग की व जान से मारने की धमकी दी। महिला चिकित्सक का आरोप है कि बाद में उसने उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किया। महिला चिकित्सक ने यह बात अपनी ससुराल व मायके वालों को बताई।

## पत्नी मायके से नहीं लौटी तो पति ने फांसी लगा ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंज।** पत्नी के मायके से वापस सुसराल न लौटने पर पति ने फांसी लगाकर जान गंवा दी।

ग्राम दारानगर निवासी इंतजार (28 वर्ष) पुत्र अब्दुल खालिक की शादी आठ वर्ष पूर्व मौहल्ले में ही रहने वाली रेशमा से हुई थी। इंतजार कश्मीर में सैलून चलाता है। डेढ़ माह पूर्व इंतजार के ससुर अन्नू की मृत्यु हो गई थी, जिसमें इंतजार और रेशमा दोनों अपने बच्चों के साथ अपने घर आए थे। इंतजार की पत्नी रेशमा पिता की मृत्यु के बाद अपनी मां के पास ही रह रही थी, जिसको इंतजार घर ले जाने की लिए कई दिनों से लगातार कह रहा था, लेकिन पत्नी ससुराल जाने को तैयार नहीं थी। सोमवार को इंतजार रेशमा को लेने अपनी ससुराल गया, तो दोनों में कुछ कहासुनी हो गई, जिससे क्षुब्ध होकर इंतजार ने अपने घर आकर कमरे में फांसी लगा ली और जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं ग्रामीणों व रेशमा के परिजनों का कहना है कि इंतजार सूखे नशे का आदी हो चुका था तथा कारोबार पर भी ध्यान नहीं देता था। जिसको लेकर रेशमा व उसके तीन बच्चे आर्थिक तंगी से परेशान थे। जबकि इंतजार नशे की आदत को छोड़ना नहीं चाहता था, जिस कारण रेशमा इंतजार के साथ नहीं जाना चाहती थी तथा मायके में ही रुकी हुई थी। इंतजार की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

### बच्चों ने समर कैम्प का लुत्फ उठाया

**नजीबाबाद।** मूलचंद अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 18 मई से समर कैम्प का आयोजन किया गया। 23 मई को कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 01 तक के बच्चों को कहानी के माध्यम से मनोरंजन कराया गया। जिसमें बच्चे बहुत खुश हुए तथा कक्षा दो से नवीं तक के बच्चों ने अध्यापको के संज्ञान मे अग्नि रहित खाद्य सामग्री बनाई, जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभागिता की। बच्चो को रेन डांस भी कराया गया। जिसका बच्चों ने बहुत लुत्फ उठाया। इस अवसर पर सभी अध्यापक वर्ग ने भी बच्चों के साथ अपना मनोरंजन किया। विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान एडवोकेट, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह व उप प्रधानाचार्या सुनिता सिंह के सांनिध्य में बच्चों को प्रतिदिन जलपान की व्यवस्था भी कराई गई।

## एक नजर

### स्मृति द्वार का उद्घाटन



**राजा का ताजपुर।** बस स्टैंड पर ग्राम प्रधान फरहाना परवीन व अखिल भारतीय प्रधान संघ उपाध्यक्ष हाजी शमशाद फरीदी द्वारा स्व. मास्टर होरी सिंह की याद में स्मृति द्वारा बनवाया गया है। जिसका उद्घाटन धामपुर के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने फीता काट कर किया। विधायक ने कहा कि यह ग्राम पंचायत ताजपुर के प्रधान पति हाजी शमशाद फरीदी का बहुत सराहनीय कदम है। उनके इस कार्य के लिए में उनको बधाई देता हूं। उन्होंने बगैर किसी भेदभाव के ग्राम पंचायत में विकास की गंगा बहाते हुए विकास कराया है। उन्होंने कहा कि कभी भी ग्राम पंचायत ताजपुर में इतना विकास नहीं हुआ, जितना इन पांच सालों में हुआ है। ग्राम प्रधान की जितनी भी तारीफ की जाए, वह कम है। ग्राम प्रधान पति फरहाना परवीन के प्रति. निधि शाहरुख फरीदी ने विधायक अशोक कुमार राणा को गदा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रियंकर राणा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख उदित चौहान, सोनू राणा, विकास खंड अधिकारी दिनेश शर्मा, ग्राम प्रधान आफताब इदरीसी, हाजी सुलेमान फरीदी, शाहरूख फरीदी, हाफिज कमरूल, ग्राम प्रधान फुरकान अहमद अंसारी, ग्राम प्रधान दिलशाद अंसारी, डॉ. राजपाल सिंह, होरी सिंह त्यागी, जितेंद्र चौहान, शुभम वालिया, राशिद फारुकी, ग्राम पंचायत सदस्य अफजाल फरीदी आदि मौजूद थे।

### शेरकोट में पेलू गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना बढ़ापुर के ग्राम शाहनगर कुराली निवासी शिवकांत पुत्र संजीव कुमार ने थाना शेरकोट पर 15 मई को तहरीर दी थी कि रात्रि लगभग सवा बजे वह अपने साथ सोराम पुत्र जयपाल के साथ बाइक से हरेवली के अस्पताल में खाना देकर वापस घर जा रहे थे। रास्ते में गिरीराज इंटर कॉलेज, हरेवली के पास कार संख्या यूके 18 टीए 0636 में सवार अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी बाइक रोक कर तमंचे के बल पर बाइक व मोबाइल लूट लिया। शेरकोट पुलिस ने धारा ने 309 (4) बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया था। शेरकोट पुलिस ने 17 मई को निकुंज पुत्र राकेश सिंह निवासी टांडा गौरा विक्रमपुर, थाना बाजपुर, जनपद उद्यम सिंह नगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसके साथ में दो किशोरों को भी अभिरक्षा में लिया गया था। इस मामले में पुलिस ने विवेचना करते हुए पेलू उर्फ नितिल पुत्र गुरुनाम निवासी ग्राम टांडा अमीचंद, बाजपुर को गिरफ्तार किया है। उसने बताया कि वह अपने साथी तरूण कुमार, आकाश, विवेक कुमार व निकुंज के साथ अफजलगढ़ होते हुए हरेवली की तरफ आया था। उनकी कही भी लूट की वारदात को अंजाम देने की योजना थी। इस बीच उन्होंने बाइक सवार को लूट लिया था। घटना के बाद नितिन व अरूण उर्फ कालू लूटी गई बाइक को अपने साथ ले गए थे और पुलिस के डर से झाड़ियों में छिपा दिया था। वह कार से शेरकोट की तरफ भाग गए थे। साथ ही कार को हाईवे के किनारे छोड़ कर जंगल में फरार हो गए थे।

### बिजनौर में शुभम शर्मा गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना हल्दौर के ग्राम सुमालखेड़ी निवासी विकास कुमार पुत्र पवन कुमार ने आज शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्तों के द्वारा उसका मोबाइल चोरी कर लिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 303 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। इस मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए तत्काल मौहल्ला खत्रियान निवासी शुभम शर्मा पुत्र विरेन्द्र शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी किया गया मोबाइल भी बरामद किया गया है। उसका लम्बा आपराधिक इतिहास है।

### नजीबाबाद में राजेश शुक्ला अरेस्ट

**बिजनौर।** नजीबाबाद पुलिस ने कोटद्वार के मौहल्ला लकड़ी पड़ाव निवासी शातिर बदमाश राजेश शुक्ला पुत्र अजय शुक्ला, इसी मौहल्ले के उसके साथी मौहम्मद आफताब पुत्र मौहम्मद छिद्दू एवं कोटद्वार की स्टेडियम कॉलोनी निवासी मौहम्मद अरशान पुत्र शरीफ अहमद को गिरफ्तार किया है। इन्होंने नजीबाबाद में 24 मई की रात्रि में दो दुकानों के ओवर ब्रिज के नीचे ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया था। इन्हें भारी मात्रा में नकदी तो नहीं मिली थी, मात्र 1200 रुपए व बीड़ी सिगरेट इनके द्वारा चोरी की गई थी।






युवा हृदय सम्राट एवं कर्मठ व व्यवहार कुशल नेता

श्री धनंजय सिंह यादव

को समाजवादी पार्टी का जनपद बिजनौर का जिला महासचिव बनाए जाने पर पार्टी नेतृत्व का दिल की गहराईयों के साथ

हार्दिक आभार

निवेदक :- समस्त सपा कार्यकर्ता, जनपद बिजनौर


# नहटौर पालिका का 39 करोड़ का बजट पास




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर के विकास के लिए चेयरपर्सन अनस इकरार के नेतृत्व में बोर्ड की बैठक में वार्षिक बजट पास कर दिया गया है। चेयरपर्सन अनस इकरार ने ईद उल अजहा के मौके पर नगर में व्यवस्था शानदार बनाए रखने के निर्देश भी दिए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज नगर पालिका का वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट बोर्ड की बैठक में रखा गया। अनुमानित आय 39 करोड़ 38 लाख 72945 का वार्षिक बजट पास किया गया। नगर पालिका कार्यालय के सभागार में पालिका

लोकप्रिय चेयरपर्सन अनस इकरार की अध्यक्षता व काबिल ईओ ओम गिरी के संचालन में वार्षिक बजट की बैठक शुरू की गई। जिसमें बिंदुवार चर्चा की गई। अनुमानित आय 39 करोड़ 38 लाख 72945 रखी गई। जिसमें व्यय के रूप में अधिष्ठान पर व्यय 4 करोड़ 71 लाख 70428 रुपए, पेंशन एवं ग्रेजुएट पर 2 करोड़ 10 लाख रुपए, जमानत वापसी पर 75 लाख रुपए, विद्युत पर व्यय 50 लाख पचास हजार रुपए, पेयजल व्यवस्था एवं पाइपलाइन पर व्यय आठ करोड़, स्वच्छ भारत मिशन सफाई की व्यवस्था पर व्यय 5 करोड़ 30 लाख, बिल्डिंग पर

**विकास को मिलेगी नई तेज रफ्तार**

व्यय 2 करोड़, नई सड़कों का निर्माण एवं रखरखाव पर व्यय 8 करोड़, नाला नाली एवं जलनिकासी पर भी 2 करोड़ 75 लाख, तालाबों झीलों के सौंदर्य करण पर व्यय 3 करोड़, अन्य व्यय एवं मलिन बस्तियों के सुधार पर व्यय 2 करोड़ सहित कुल व्यय के रूप में 39 करोड़ 12 लाख 20428 का बजट रखा गया। 26 लाख 525517 रुपए का अंतिम अवशेष रखा गया। बैठक में सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव रखें। इसके साथ ही बहुमत से वार्षिक बजट पास कर दिया गया।

**ईद उल अजहा पर रहेगी व्यवस्था शानदार**

इस मौके पर सभासद रियासत बोटिंस, राजकुमारी, संजय कुमार, अनीस अहमद, कुसुम देवी, शमशीर, मरगूबा, महनाज, महजबी, मुकेश गुप्ता, शाइस्ता, शहाना व विशाल हाशमी, अकील अहमद, सलीम अहमद, शाहिद, बिजेंदर बिट्टू सैनी, रियासत हुसैन, रामाऔतार सैनी, पूजा सैनी, इजलाल हुसैन, नजमुल हसन, अनीसा खातून, हसीन अहमद आदि मौजूद रहे।

चेयरपर्सन अनस इकरार ने कहा कि नगर के विकास में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर के विकास के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। नगर वासियों को पालिका की सुविधाए उपलब्ध कराई जा रही हैं। ईद पर भी अन्य त्यौहारों की तरह शानदार व्यवस्था रहेगी।

## बातचीत के बीच झड़प

एक तरफ जहां ईरान और अमेरिका के बीच शांति स्थापित करने के लिए बातचीत चल रही है और दोनों ही पक्ष उम्मीद जता रहे हैं कि बातचीत सही दिशा की तरफ जा रही है। तभी ऐसी खबर का आना जो संघर्ष विराम के लिए खतरा बन सकती है, लोगों में खौफ पैदा करता है। जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि भले ही संघर्ष अब ईरान-इस्राईल के बीच हो रहा हो, लेकिन इस संघर्ष से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है। मंगलवार को ईरान की इस्लामिक रेवोल्युशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने यह दावा कर हलचल मचा दी कि उसने फारस की खाड़ी के ऊपर एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया। साथ ही उसने कहा कि वह अमेरिकी सेना द्वारा युद्ध विराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब देगा। इतना ही नहीं उसने यह भी दावा कि अमेरिकी ड्रोन और एक एफ 35 फाइटर जैट पर भी फायरिंग की, जिससे दोनों वायु यानों को इलाका छोड़ना पड़ा। वहीं अमेरिकी नोसेना का कहना है कि उसने ईरान के बंदरबांस में कई हवाई हमलों को अंजाम दिया। अमेरिकी केंद्रीय कमान के प्रवक्ता टिमोथी हॉकिन्स के हवाले से सीएनएन ने कहा भी कि अमेरिकी बलों ने मंगलवार को ईरानी बलों के खतरे से अमेरिकी सैनिकों की रक्षा के लिए दक्षिण ईरान में आत्मरक्षा हमलों को अंजाम दिया। मतलब साफ है कि दोनों ही पक्ष इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि उन्होंने एक-दूसरे पर हमला किया। अभी अच्छी बात यही है कि युद्ध विराम को लेकर अभी दोनों पक्ष संजीदा दिखाई दे रहे हैं और इसके टूटने की बात नहीं कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी कहा कि इन झड़पों का युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं है और यह जारी रहेगा, लेकिन एक बात तो साफ है कि इस घटना से एक बार फिर यह पता चलता है कि दोनों पक्षों के बीच अविश्वास का जो माहौल बना है, उसमें कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है और दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर जरा भी भरोसा करने के लिए तैयार नहीं हैं, निश्चित रूप से यह बड़ी जटिल स्थिति है, जो समझौतों के लिए हो रही बातचीत पर भी संदेह पैदा करती है। वैसे देखा जाए तो इस सारी स्थिति के लिए दो व्यक्ति ही सबसे अधिक जिम्मेदार हैं। एक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जो आए दिन अपने बयानों से विरोधाभास पैदा करते हैं और दूसरे इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू जिनको युद्ध का चस्का लग चुका है और वह सबसे बड़े युद्ध के हिमायती दिखाई देते हैं। जहां तक बात बाकी दुनिया की है हर कोई चाहता है कि पश्चिम एशिया का संकट हल हो और होमुर्ज स्टेट पूरी तरह खुले, जिससे दुनिया राहत की सांस ले सके। उम्मीद की जानी चाहिए कि पर्दे के पीछे जो बातचीत चल रही है वह किसी सकारात्मक नतीजे पर पहुंचे।

# भविष्य की कीमत पर बिक रहा आज का मां-बाप


कृति आरके जैन

टूटी नींदों और अधूरी मुस्कानों के बीच पलता सच आज अभिभावकों की कठोर हकीकत बन चुका है। जब समाज अभिभावकों की भूमिका को नए नजरिए से देखेगा, तब 1 जून 2026 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय अभिभावक दिवस की थीम 'अभिभावकों के लिए एकजुट' कोई साधारण थीम नहीं, बल्कि समाज की नींव को हिला देने वाली सच्चाई बनेगा। आज माता-पिता अकेलेपन, डिजिटल दबाव और बढ़ती अपेक्षाओं के बीच संतुलन साध रहे हैं। परिवार ढांचे कमजोर हो रहे हैं और बचपन स्क्रीन में खोता जा रहा है। ऐसे में अभिभावक केवल देखभालकर्ता नहीं, भविष्य के निर्माता हैं। यह दिन स्पष्ट करता है कि बच्चों की नींव शिक्षा नहीं, बल्कि साझा सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी पर टिकी है।

अभिभावकत्व आज एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहां दबाव और जिम्मेदारियां पहले से कहीं अधिक तीव्र हैं। बच्चे अब घर और स्कूल तक सीमित नहीं, बल्कि पूरी तरह डिजिटल दुनिया के हिस्सेदार बन गए हैं। सोशल मीडिया, गेमिंग और ऑनलाइन ट्रेंड्स उनके सोच और व्यवहार को गहराई से बदल रहे हैं। ऐसे समय में माता-पिता केवल अनुशासनकर्ता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, तकनीकी साथी और भावनात्मक सहारा बन गए हैं। इस दोहरी भूमिका में वे अक्सर मानसिक थकान और अपराधबोध महसूस करते हैं। समाज की आदर्श माता-पिता की अपेक्षा उनका आत्मविश्वास कमजोर करती है। इसलिए आज सबसे अधिक जरूरत सामूहिक समर्थन की है। इतिहास साक्षी है कि हर सभ्यता की नींव मजबूत अभिभावकत्व पर टिकी रही है। जब परिवार



जुड़े हुए थे, तब समाज भी अधिक स्थिर और संवेदनशील था। दादा-दादी की कहानियां, माता-पिता का अनुशासन और सामुदायिक जीवन बच्चों को नैतिक मूल्यों से जोड़ते थे। संयुक्त परिवार की व्यवस्था बच्चों को नैतिक मूल्यों, भावनात्मक सुरक्षा और सांस्कृतिक निरंतरता प्रदान करती थी। आज यह ढांचा तेजी से टूट रहा है और पीढ़ियों के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। बच्चे भौतिक रूप से समृद्ध हैं, पर भीतर से असंतुलित हो रहे हैं। अभिभावक अकेले इस खालीपन को भरने की कोशिश कर रहे हैं, जो अब लगभग असंभव चुनौती बनता जा रहा है। इसलिए सामूहिक जिम्मेदारी और सामाजिक भागीदारी को फिर से मजबूत करना जरूरी है, ताकि बच्चों का संतुलित विकास संभव हो सके। आज की बदलती अर्थव्यवस्था और तेज रफ्तार कार्यसंस्कृति ने अभिभावकों पर जिम्मेदारियों का बोझ कई गुना बढ़ा दिया है। माता और पिता दोनों ही रोजगार की अनिश्चितता और लंबे कार्यघंटों के बीच संतुलन साधने को संघर्षरत हैं। ऐसे में बच्चों के साथ समय बिताना लगातार कठिन होता जा रहा है। तकनीक ने भले ही काम को सरल बनाया हो, लेकिन उसने व्यक्तिगत संबंधों में दूरी भी बढ़ाई है। अब माता-पिता केवल आर्थिक सुरक्षा देने वाले नहीं, बल्कि भावनात्मक स्थिरता का आधार भी बन गए हैं। यह दोहरी भूमिका उन्हें निरंतर दबाव में रखती है। परिणामस्वरूप परिवारों में संवाद घट रहा है और भावनात्मक दूरी बढ़ती जा रही है। ऐसे समय में सामुदायिक सहयोग और लचीली कार्यनीतियां बेहद जरूरी हो गई हैं। आज की बदलती दुनिया में यह स्पष्ट हो चुका है कि 'अभिभावकों के लिए एकजुट' अब केवल नारा नहीं, बल्कि अनिवार्य आवश्यकता है। जब अभिभावक अकेले संघर्ष करते हैं, तो उसका असर सीधे बच्चों के भविष्य पर पड़ता है। बढ़ता तनाव, मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं और डिजिटल निर्भरता ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है। इस थीम का उद्देश्य केवल जागरूकता नहीं, बल्कि एक ऐसा सहयोग तंत्र बनाना है जहां हर व्यक्ति अभिभावकों के साथ खड़ा हो। शिक्षक, पड़ोसी, नीति-निर्माता और कार्यस्थल मिलकर परिवारों को मजबूती दें। यही सामूहिक प्रयास आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और संतुलित जीवन दे सकता है। दुनिया के हर कोने में माता-पिता की पीड़ा एक जैसी दिखाई देती है, चाहे देश या संस्कृति कोई भी हो। आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन, सामाजिक विभाजन और तेज तकनीकी बदलाव ने परिवारों को गहराई से प्रभावित किया है। हर जगह अभिभावक अपने बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विकसित और विकासशील दोनों ही देशों में मानसिक तनाव और समय की कमी एक सामान्य समस्या बन चुकी है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और अनुभवों का आदान-प्रदान अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि देशों के बीच सीख साझा की जाए, तो अभिभावकत्व की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सकता है। परंपरा और आधुनिकता के बीच खड़ा अभिभावक आज संतुलन की कठिन राह पर चल रहा है। एक ओर उसे बच्चों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है, तो दूसरी ओर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। यह संतुलन बेहद चुनौतीपूर्ण है क्योंकि दोनों दिशाओं का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। परंपरागत मूल्य अनुशासन और सामूहिकता सिखाते हैं, जबकि आधुनिक शिक्षा स्वतंत्र सोच और नवाचार को बढ़ावा देती है। अभिभावक इन दोनों के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं। यदि यह संतुलन बिगड़ जाए, तो बच्चों का व्यक्तित्व प्रभावित हो सकता है। इसलिए अभिभावकों के लिए निरंतर सीखना और समय के साथ स्वयं को बदलना आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की रिपोर्ट्स भी बार-बार चेतावनी दे रही हैं कि माता-पिता के बढ़ते तनाव का सीधा असर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और विकास पर पड़ रहा है। वह अनदेखी मेहनत जो हर सुबह दुनिया को संभालती है, वही अभिभावक हैं। अंतर्राष्ट्रीय अभिभावक दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह हमें याद दिलाता है कि अभिभावक समाज की वह रीढ़ हैं।

## श्रीमुख से...

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर दिखाई दे



स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर सीधे आम आदमी को दिखना चाहिए, सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर की जाए, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए, आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है, प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96-75 लाख से अधिक नि:शुल्क उपचार हो चुके हैं, आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी की आईपीडी सेवाएं भी योजना का हिस्सा बनेंगी।

**-योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**


पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर,
पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

# महिलाओं की सुरक्षा, मगर पुरुषों का क्या


शिबली रामपुरी

एक बुजुर्ग शख्स काफी दिन पहले मिले उनको डायबिटीज की शिकायत है और काफी बीमार हैं वह बता रहे थे कि उन्होंने अपने बेटे की शादी की और बहू से उनकी कुछ अनबन होने लगी तो बहू ने उन पर झूठे इल्जाम दहेज वगैरा के लगा दिए इसके बाद मजबूरी में आकर बेटा घर से बाहर किराए पर मकान लेकर रहता है ताकि मां-बाप सुख शांति से रह सकें। उनकी बेबसी और शिकायत यही थी कि उनकी बात को इतनी गंभीरता से नहीं सुना गया कि जितनी गंभीरता से उनके बेटे की पत्नी की बात को सुना गया और इसीलिए उन्होंने हालात से समझौता किया क्योंकि वह लाचारी और बेबसी में क्या कर सकते थे। यह किसी एक घर की कहानी नहीं है बल्कि ऐसे बहुत सारे मामले सामने आते हैं जो यह बताते हैं कि किस तरह से महिलाओं के हक में बनाए गए कानून का आज बहुत तेजी के साथ दुरूपयोग होने लगा है लेकिन अफसोस की बात यह है कि इस पर गंभीरता से कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से बेकसूर लोग बेवजह प्रताड़ित होते हैं।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए जो कानून बनाए गए हैं, उन पर किसी तरह की कोई आपत्ति नहीं है। जितने सख्त ए कानून बनाए गए हैं, यदि इन्हें और अधिक सख्त किया जाए तो भी इसमें कोई बुराई नहीं है, क्योंकि महिलाओं की सुरक्षा होना बेहद जरूरी है। लड़कियों से लेकर महिलाओं तक, हर किसी को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि जिन पुरुषों पर अत्याचार होता है, उनकी आवाज कानूनी तौर पर इतनी कमजोर क्यों पड़ जाती है? यह कहना भी गलत नहीं होगा कि जिन पुरुषों पर उनकी पत्नी या ससुराल पक्ष द्वारा अत्याचार किया जाता है, उन्हें न्याय पाने के लिए आज भी दर-दर भटकना पड़ता है। इस सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता कि आज भी पुरुषों की सुरक्षा के लिए कानूनों की कमी महसूस होती है। इसी वजह से बड़ी संख्या में ऐसे पुरुष हैं जो मानसिक, सामाजिक और कानूनी प्रताड़ना का शिकार होते हैं, लेकिन अपनी पीड़ा खुलकर सामने नहीं रख पाते। देश में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जहां दहेज या घरेलू विवाद के नाम पर पत्नी और उसके परिवार वालों ने पति तथा उसके माता-पिता पर झूठे मुकदमे दर्ज करा दिए। कई बार अन्य झूठे आरोप लगाकर उन्हें जेल तक भेज दिया गया।



बाद में अदालत में सुनवाई के दौरान यह साबित हुआ कि जिन लोगों पर आरोप लगाए गए थे, वे पूरी तरह निर्दोष थे। लेकिन जब तक उन्हें न्याय मिलता है, तब तक उनका सामाजिक सम्मान, आर्थिक स्थिति और मानसिक शांति काफी हद तक बर्बाद हो चुकी होती है।

केंद्र सरकार से लेकर विभिन्न राज्य सरकारों तक ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाए हैं और उन्हें और मजबूत करने का प्रयास किया है। इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन सवाल यह है कि न्याय का यह कैसा पैमाना है, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा के लिए तो अनेक कानून हैं, मगर महिलाओं द्वारा प्रताड़ित पुरुषों की सुरक्षा के लिए कोई विशेष व्यवस्था दिखाई नहीं देती? जहां महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाता है, वहीं पुरुषों की स्थिति यह है कि कई बार पुलिस अधिकारी भी उनकी बात को गंभीरता से नहीं लेते। पूरा ध्यान केवल महिला पक्ष के आरोपों पर केंद्रित रहता है। जबकि न्याय का तकाजा यह है कि दोनों पक्षों की बात समान गंभीरता से सुनी जाए और दोनों को बराबरी का न्याय मिले। आज के समय में ऐसे बहुत से लोग हैं जिनकी जिंदगी झूठे दहेज और घरेलू हिंसा के आरोपों ने बर्बाद कर दी। वे कानूनी लड़ाई लड़ते-लड़ते आर्थिक और मानसिक रूप से टूट गए, और बदनामी अलग झेलनी पड़ी। ऐसे में भारत सरकार से यह मांग की जानी चाहिए कि वह ऐसे कानून बनाए जिनसे पुरुषों की भी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिस तरह महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर और सहायता केंद्र बनाए गए हैं, उसी तरह पुरुषों के लिए भी व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही, संसद सदस्यों को भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाने की जरूरत है, ताकि न्याय का संतुलन बना रहे और हर पीड़ित व्यक्ति चाहे वह महिला हो या पुरुष उसे समान रूप से न्याय मिल सके।

# मोदी जी को गद्दार बोलकर राहुल गांधी को क्या हासिल होगा


रोहित कौशिक

राहुल गांधी द्वारा रायबरेली की एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को गद्दार कहने पर एक बार फिर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। राहुल गांधी का तर्क यह था कि नरेन्द्र मोदी और अमित शाह संविधान पर हमला कर संविधान का अपमान कर रहे हैं, इसलिए वे गद्दार हैं। हालांकि राहुल गांधी को भी भाजपा के लोग देशद्रोही सिद्ध करते रहते हैं। सवाल यह है कि क्या नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को गद्दार कहकर कांग्रेस को सत्ता हासिल हो सकती है?

निश्चित रूप से भाजपा की नीतियों की आलोचना और उन नीतियों पर प्रहार करना कांग्रेस का कर्तव्य है लेकिन प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के लिए गद्दार शब्द का इस्तेमाल करके क्या कांग्रेस भी संविधान के खिलाफ काम नहीं कर रही है ? क्या हमारे देश का संविधान यह इजाजत देता है कि राजनीति में भाषा की मर्यादा खत्म कर दी जाए? जब भाजपा के अनेक नेता गांधी परिवार के खिलाफ असभ्य भाषा का इस्तेमाल करते हैं तो क्या कांग्रेस के नेताओं को यह अच्छा लगता है ? इस समय कांग्रेस समर्थित बुद्धिजीवी और पत्रकार यह कह रहे हैं कि राहुल गांधी भाजपा पर जबरदस्त प्रहार कर रहे हैं ? क्या प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल करना जबरदस्त प्रहार करना होता है ? भाजपा पर जबरदस्त प्रहार करना कांग्रेस का अधिकार है लेकिन नीतियों पर जबरदस्त प्रहार करना चाहिए न कि व्यक्तिगत रूप से। क्या राहुल गांधी द्वारा इसलिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया जाना चाहिए क्योंकि भाजपा के अनेक नेता भी तो गांधी परिवार के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल करते रहते हैं? अगर राहुल गांधी या फिर कांग्रेस के नेता ऐसा करते हैं तो फिर राजनीतिक शुचिता का उदाहरण कौन प्रस्तुत करेगा ? अगर राजनेताओं की मानसिकता यह होगी कि दूसरी पार्टी के लोग भी तो ऐसा ही कर रहे हैं, इसलिए हम भी ऐसा ही करेंगे तो फिर राजनीति किस दिशा में जाएगी, यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

राहुल गांधी अपनी पार्टी के जिम्मेदार राजनेता है। इसके साथ ही वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का पद है। अगर इतने बड़े स्तर के राजनेता एक-दूसरे के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल करेंगे तो हम किस प्रकार की राजनीति करेंगे? एक प्रगतिशील समाज में हमें भाषा समेत हर स्तर पर आगे की तरफ बढ़ना है लेकिन हम पीछे की तरफ जा रहे हैं। सवाल यह है कि राहुल गांधी स्वयं यह व्यवहार कर रहे हैं या फिर उनके सलाहकार उन्हें यह सलाह दे रहे हैं? शायद राहुल गांधी के सलाहकार उन्हें यह सलाह दे रहे हैं कि आप भापजा पर आक्रामक तरीके से हमला कीजिए। निश्चित रूप से नीतियों पर आक्रामक तरीके से हमला होना चाहिए लेकिन जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए राजनेताओं को गद्दार कहना आक्रामकता नहीं, असभ्यता होती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के तमाम राजनेता लोतांत्रिक तरीके से जीतकर आए है और भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से ही सरकार बनाई है। ऐसे में उनके लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि भाजपा पर लगातार वोट चोरी का आरोप लगता रहता है और विपक्ष यह भी सवाल उठाता रहता है कि भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से सरकार नहीं बनाई है। अगर विपक्ष के इस आरोप को सही मान लें तो भी किसी के प्रति असभ्य भाषा के इस्तेमाल से बचा जाना चाहिए। यह बात भाजपा के नेताओं पर भी लागू होती है। भाजपा के अनेक राजनेता भी गांधी परिवार के लिए अमर्यादित टिप्पणियां करते हैं। राजनीतिक शुचिता की बात करने वाली भाजपा के राजनेता भी यदि भाषा की मर्यादा का ध्यान नहीं रखते हैं तो इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता। राहुल गांधी को यह समझना चाहिए उनकी लड़ाई एक मजबूत संगठन वाली पार्टी भाजपा से है। कई कोशिशों के बावजूद कांग्रेस का संगठन मजबूत नहीं हो पाया हैं। अगर संगठनात्मक स्तर पर कांग्रेस की तुलना भाजपा से की जाए तो जमीनी सच्चाई हम सबके सामने आ जाएगी। राहुल गांधी को यह सोचना चाहिए कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को गद्दार बोलकर कहीं वे अपनी लड़ाई कमजोर तो नहीं कर रहे हैं? कांग्रेस को असली सफलता तब तक नहीं मिल सकती जब तक कि उसके साथ नए मतदाता नहीं जुड़ेगे। इसका अर्थ यह है कि अपने पारम्परिक मतदाओं के अलावा कुछ भाजपा के मतदाताओं को भी कांग्रेस को जोड़ना होगा। लेकिन राहुल गांधी जिस तरह से मोदी जी को गद्दार कह रहे हैं, क्या उस तरह से कांग्रेस के साथ नए मतदाता जुड़ पाएंगे ? यह सही है कि राहुल गांधी मेहनत कर रहे हैं लेकिन क्या उनकी मेहतन सही दिशा में हो रही है या फिर बयानों के माध्यम से माहौल गर्म कर सत्ता प्राप्त करने की कोशिश की जा रही है। सिर्फ बयानबाजी करके किसी भी हाल में सत्ता प्राप्त नहीं की जा सकती। क्या कांग्रेस जमीन पर उतनी मेहतन कर रही है जितनी मेहनत भाजपा करती है? जमीन पर सार्थक प्रयास न होने के कारण संगठन के स्तर पर कांग्रेस मजूबत नहीं हो पा रही है। आज जरूरत इस बात की है कि राहुल गांधी अपने व्यवहार और भाषा में सुधार कर संगठन को मजबूत बनाने पर ध्यान दें। अगर राहुल गांधी यह सोच रहे हैं व्यक्तिगत हमले कर और संविधान की कॉपी हवा में लहराकर कोई परिवर्तन हो जाएगा तो यह बहुत ही मुश्किल है। जो लोग राहुल गांधी को आक्रामक होने की सलाह दे रहे हैं उन्हें यह भी सलाह देनी चाहिए कि आक्रामक होने का अर्थ असभ्य होना नहीं है। सिर्फ भाषणों में ही आक्रामक होने से काम चलने वाला नहीं है, सगंठन को मजबूत करने में राहुल गांधी कितने आक्रामक हो पाते है, यह देखना होगा। मोदी जी को गद्दार कहने से पहले राहुल गांधी को यह सोचना होगा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में कांग्रेस में इतने वर्षों से सूखा क्यों है? जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से उनके वक्तव्यों में गंभीरता की उम्मीद की जाती है, उसी तरह लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष होने के नाते राहुल गांधी से भी यह उम्मीद की जाती है कि उनके बयानों में हल्कापन न हो बल्कि गंभीरता हो।



**पटना। ज्ञान भवन में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार मेला-2026 के दूसरे दिन पंजीकरण काउंटर पर नौकरी चाहने वाली महिलाओं की भीड़।**

## ईडी ने 258 करोड़ के नशीले पदार्थ तस्करी मामले में पांच जगहों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लगभग 258 करोड़ के नशीले पदार्थ तस्करी से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मदुरै और चेन्नई में पांच जगहों पर छापेमारी की है। यह नेटवर्क समुद्र के रास्ते श्रीलंका में भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल था। ईडी के चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय ने बताया कि यह कार्रवाई डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) द्वारा जॉन ब्रिटो और अन्य के खिलाफ एनडीपीएस और कस्टम एक्ट के तहत दर्ज मामलों के आधार पर शुरू की गई है।

## मोदी ने वैश्विक नेताओं को भेंट किए जनजातीय कला वाले उपहार


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल की अपनी विदेश यात्राओं के दौरान वहां के नेताओं को जनजातीय कलाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाने वाले उपहार भेंट कर देश की समृद्ध विरासत और पारंपरिक शिल्प कौशल से उन्हें अवगत कराया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मोदी ने स्वीडन की क्राउन प्रिंसेस विक्टोरिया को मध्य प्रदेश की परंपरागत गोंड पेंटिंग भेंट की, जो भारत की जीवंत जनजातीय कला की विरासत का प्रतीक है। गोंड आदिवासी समुदाय की इस कला को अपने जटिल बिंदु-रेखा पैटर्न, चमकदार प्राकृतिक रंगों और प्रकृति से प्रेरित विषयों के चित्रण के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। गोंड कला मध्य भारत के आदिवासी कारीगरों को स्थाई रूप से आजीविका के अवसर प्रदान करती रहती है।

# इजरायल को देश नहीं मानेंगे: पाकिस्तान

## रक्षा मंत्री ने कहा: पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से समझौता नहीं कर सकता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इजरायल से दोस्ती करने और उसे देश की मान्यता देने से इन्कार कर दिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से समझौता नहीं कर सकता। आसिफ ने कहा हम उन लोगों के साथ कैसे बैठ सकते हैं जिनकी बात पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान दुनिया का शायद इकलौता देश है, जिसके पासपोर्ट पर लिखा होता है कि यह इजरायल के लिए मान्य नहीं है।

इससे पाकिस्तान का रुख पूरी तरह साफ है और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजरायल से रिश्ते सुधारने और अब्राहम समझौते में शामिल होने की अपील की थी। पाकिस्तान से भी कहा गया था कि अगर वह अमेरिका-ईरान शांति प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहता है, तो उसे इजरायल को मान्यता देनी होगी। पाकिस्तान के लिए अब्राहम समझौते में शामिल होने का मामला संवे. दनशील है और राजनीतिक रूप से मुश्किल है। पाकिस्तान लंबे समय से खुद को फलस्तीन के



**■ ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजरायल से रिश्ते सुधारने और अब्राहम समझौते में शामिल होने की अपील की थी**

समर्थक देश के तौर पर पेश करता रहा है। वहां आम जनता के बीच फलस्तीन का मुद्दा भावनात्मक और धार्मिक दोनों स्तर पर बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि पाकिस्तान अमेरिका के साथ अपने रिश्ते खराब नहीं करना चाहेगा लेकिन वह अपनी घरेलू राजनीति को भी नजरअंदाज नहीं कर सकता है। पाकिस्तान ने पिछले 78 साल में कभी इजरायल को मान्यता नहीं दी है। उसका आधिकारिक रुख यह रहा है कि जब तक 1967 से पहले की सीमाओं के आधार पर स्वतंत्र फलस्तीनी राज्य नहीं बनता, तब तक वह इजरायल को मान्यता नहीं देगा। इसी वजह से पाकिस्तान में इजरायल के साथ रिश्ते सामान्य करने का मुद्दा हमेशा घरेलू राजनीति से भी जुड़ा रहा है।

किसी भी सरकार के लिए इस पर नरम रुख अपनाना राजनीतिक जोखिम माना जाता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने 25 सितंबर 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। ट्रम्प की सबसे बड़ी रणनीतिक कोशिश यह है कि ईरान युद्ध खत्म होने के बाद पश्चिम एशिया में एक नया अमे. रिकी समर्थक गठबंधन तैयार किया जाए, जिसमें इजरायल और प्रमुख अरब देश एक साथ हों। दशकों तक अरब देशों की नीति थी कि फलस्तीन मुद्दा सुलझे बिना इजरायल को मान्यता नहीं दी जाएगी। ट्रम्प की कोशिशों के बाद 2020 में अब्राहम समझौते ने उस पुरानी नीति को तोड़ दिया। इसके तहत यूएई, बहरीन और मोरक्को जैसे देशों ने इजरायल के साथ आधिकारिक संबंध बनाए।

# अब खाड़ी में पैर नहीं फैला सकेगा अमेरिका: खामेनेई

## मुस्लिम देशों से अमेरिकी प्रभुत्व से परे एक नई क्षेत्रीय व्यवस्था के निर्माण का आह्वान किया

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला सैयद मुजतबा खामेनेई ने मुस्लिम देशों से आपसी सहयोग को मजबूत करने और अमेरिकी प्रभुत्व से परे एक नई क्षेत्रीय व्यवस्था के निर्माण का आह्वान करते हुए कहा कि अमेरिका अब क्षेत्र में अपने सैन्य ठिकाने नहीं बना पाएगा। आयतुल्ला खामेनेई ने हज यात्रा के दूसरे दिन 'यौम-ए-अरफा' के अवसर पर मंगलवार को जारी संदेश में कहा कि वैश्विक मुस्लिम उम्माह (राष्ट्र) और क्षेत्र के देशों के पास अनेक साझा क्षमताएं और समान हित मौजूद हैं, जो क्षेत्र और विश्व की नई व्यवस्था तथा भविष्य की संरचना को आकार देंगे।

उन्होंने कहा कि मुस्लिम देश एक ऐसे ऐतिहासिक दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय परिस्थितियां अपरिवर्तनीय रूप से बदल रही हैं और अमेरिकी सैन्य प्रभाव लगातार कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि समय के पहिए को पीछे नहीं घुमाया जा सकता। क्षेत्र के देश अब अमे. रिकी सैन्य ठिकानों के लिए ढाल का काम नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका के पास अब अपनी शरारतों और क्षेत्र में सैन्य अड्डे स्थापित करने के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं बचेगा और वह दिन-ब-दिन अपनी पूर्व स्थिति से दूर होता जा रहा है। संदेश में क्षेत्रीय 'प्रतिरोध मोर्चे' की भूमिका की भी सराहना की गई, जिसे उन्होंने ईरान, लेबनान, फलस्तीन, इराक, सीरिया, अफ्रीका, यमन, अफगानिस्तान और पाकिस्तान तक फैला हुआ एक संयुक्त आंदोलन बताया। उन्होंने कहा कि इन शक्तियों ने अमेरिकी प्रभाव का मुकाबला किया, इजरायली कब्जे को चुनौती दी और इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादी संगठन के खिलाफ संघर्ष किया। आयतुल्ला खामेनेई ने इजरायल को 'कैंसरयुक्त ट्यूमर' और 'अस्थिर शासन' बताते हुए कहा कि वह 'अपने अभिशप्त जीवन के अंतिम चरण' के करीब पहुंच चुका है। उन्होंने इस्लामी क्रांति के दिवंगत नेता आयतुल्ला सैयद अली खामेनेई की उस भविष्यवाणी का भी उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि इजरायली शासन अगले 25 वर्षों तक कायम नहीं रह पाएगा। संदेश में आयतुल्ला खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल के साथ हालिया संघर्ष के दौरान ईरान की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस्लामी गणराज्य ने अपने भारी हमलों के जरिए इजरायली शासन को असहाय बना दिया, आक्रामक अमेरिका को करारा थप्पड़ मारा और ईरान को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने के दुश्मन के उद्देश्य को विफल कर दिया।



**■ मुस्लिम देश एक ऐसे ऐतिहासिक दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय परिस्थितियां अपरिवर्तनीय रूप से बदल रही हैं**

## खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका स्थायी सुरक्षा सुनिश्चित कराने में विफल रहा: पेजेशकियन

**तेहरान/दोहा।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने मंगलवार को सैन्य कमांडरों से कहा कि खाड़ी क्षेत्र के देशों ने यह निष्कर्ष निकाल लिया है कि खाड़ी में अमेरिका की सैन्य उपस्थिति 'स्थाई सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है।' साथ ही उन्होंने ईरान की रक्षा संरचना में व्यापक बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरानी वार्ताकार कतर में वाशिंगटन के साथ युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से बातचीत कर रहे हैं। ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार पेजेशकियन ने कहा कि सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहना अवास्तविक और अप्रभावी सोच साबित हुई है। उन्होंने कहा कि दुश्मन ने नई तकनीकों और साधनों को हासिल कर लिया है तथा सशस्त्र बलों को विश्वविद्यालयों, वैज्ञानिक संस्थानों और ज्ञान-आधारित कंपनियों के साथ गहरे सहयोग के माध्यम से 'तकनीकी बढ़त और रक्षा क्षमताओं को मजबूत' करने का निर्देश दिया।

## ईरान की फ्रीज 24 अरब डॉलर राशि को जारी करने पर अमेरिका-ईरान में समझौते की संभावना

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत के दौरान ईरान के फ्रीज किए गए खातों से 24 अरब डॉलर तक की राशि को जारी करने के संबंध में समझौता हो सकता है। आईआरजीसी से जुड़े मीडिया संस्थान तस्नीम न्यूज की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। वार्ता दल के करीबी एक स्रोत के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान ने प्रस्ताव दिया है कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) की घोषणा होते ही इस राशि का आधा हिस्सा, यानी लगभग 12 अरब डॉलर तुरंत उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जबकि बाकी की रकम को 60 दिनों की बातचीत की अवधि के दौरान स्थानांतरित किया जाए। चर्चा के अधीन एमओयू के मसौदे में कथित तौर पर 60 दिनों के लिए संघर्ष विराम का विस्तार, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की संभावना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर निरंतर बातचीत के लिए एक रूपरेखा शामिल है। हालांकि, प्रतिबंधों में ढील, रोकी गई संपत्तियों की रिहाई और ईरान की परमाणु गतिविधियों को सीमित करने की अमेरिकी मांगों को लेकर अभी भी बड़े मतभेद बने हुए हैं।

# फ्रांस में गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड

**पेरिस।** फ्रांस में भीषण गर्मी के कारण सात लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं और बढ़ते तापमान को देखते हुए दक्षिण-पश्चिम फ्रांस के समुद्र तटों पर सामान्य से अधिक भीड़ उमड़ने लगी है। इसी बीच, सरकार ने सप्ताह के अंत तक जारी रहने की आशंका वाली गर्मी से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं।

मौसम एजेंसी मेटियो-फ्रांस ने कहा कि सोमवार का दिन फ्रांस में मई माह का अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। एजेंसी के अनुसार सप्ताह के दौरान कुछ क्षेत्रों में तापमान 33 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने गुरुवार को प्रमुख मंत्रियों की बैठक बुलाई है जिसमें लू से निपटने के लिए सरकार की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। इसे वर्ष के शुरुआती चरण में असामान्य रूप से तेज गर्मी से जुड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर बढ़ती चिंता के रूप में देखा जा रहा है। पेरिस में सप्ताहांत के दौरान तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया। शनिवार को वर्ष 2026 में पहली बार तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**■ गर्मी से संबंधित घटनाओं में सात की मौत**

पेरिस में रविवार को आयोजित 10 किलोमीटर दौड़ के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। नागरिक सुरक्षा सेवाओं ने इसकी पुष्टि की है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार राजधानी के दक्षिण-पूर्वी उपनगर मैजों-अलफोर्ट में आयोजित एक अन्य दौड़ के दौरान 10 धावकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में भी गर्मी का असर देखने को मिला, जहां सोमवार को रोलां-गैरो में दर्शकों और खिलाड़ियों को सामान्य से कहीं अधिक तापमान का सामना करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह असामान्य गर्मी 'हीट डोम' नामक स्थिति के कारण उत्पन्न हुई है। इसके तहत उत्तरी अफ्रीका से आई गर्म हवा पश्चिमी यूरोप के ऊपर बने उच्च दबाव क्षेत्र के नीचे फंस गई है। पूर्वानुमान कर्ताओं का कहना है कि इस कारण तापमान मई के सामान्य स्तर से काफी ऊपर पहुंच गया है और यूरोप के बड़े हिस्से में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है।

# अमेरिकी महाद्वीप में 20 देशों की संयुक्त कार्रवाई

## अभियान के तहत 3308 हथियार व 56 टन अवैध मादक पदार्थ जब्त किए गए

**सान सैल्वाडोर।** मध्य अमे. रिका, दक्षिण अमेरिका और कैरिबियाई द्वीपों पर अवैध हथियारों की तस्करी और उससे संबंधित आपराधिक कृत्यों पर शि. कंजा कसने के लिए चलाए गए संयुक्त पुलिस अभियान के तहत 3,308 हथियार एवं 56 टन अवैध मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं।

अक्टूबर-नवम्बर 2025 में चलाए गए ऑर्का-11 अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय अपराधी पुलिस संगठन (इंटरपोल) के सहयोग और समर्थन से 20 देशों में यह पुलिसिया कार्रवाई की गई। इस अभियान की तैयारी के लिए इंटरपोल ने भाग लेने वाले देशों को हथियारों की तस्करी से जुड़ी खुफिया जानकारी का विश्लेषण करने, राष्ट्रीय खतरे का आकलन करने और सीमा-पार सूचनाओं के



आदान-प्रदान में समन्वय स्थापित करने में सहायता प्रदान की। इसमें क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 'ऑर्गेनाइजेशन ऑफ अमेरि. कन स्टेट्स' का भी समर्थन प्राप्त था। हथियारों की जब्ती के अलावा, इसमें शामिल अधिकारियों ने हथियारों और नशीले पदार्थों को रखने या उनकी तस्करी से जुड़े 8701 लोगों की गिरफ्तारी की जानकारी दी। साथ ही, कई अन्य अपराधों और जुर्मों के मामले भी सामने आए। अधिकारियों ने लगभग 200000 राउंड गोला-बारूद, 256025 अमेरिकी डॉलर की नकद राशि और 210 वाहन भी जब्त किए। इस क्षेत्र में हथियारों की तस्करी अन्य प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से गहराई से जुड़ी हुई है, जिनमें नशीले पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, प्रवासियों की अवैध घुसपैठ और साइबर अपराध शामिल हैं। इन अपराधों के पीछे सक्रिय संगठित आपराधिक समूह और गिरोह अक्सर कई तरह की अवैध वस्तुओं की तस्करी के लिए उन्हीं रास्तों का इस्तेमाल करते हैं।

इस अभियान में भाग लेने वाले 10 देशों ने भी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की बरामदगी की सूचना दी। इसमें 6.9 टन कोकीन, 659403 कोका के पौधे, 9.3 टन कोकीन बेस पेस्ट, 38.5 टन मारिजुआना, दो टन मेथामफेटामाइन और 11 किलोग्राम केटामाइन शामिल है। इंटरपोल के महासचिव वाल्डेसी उरक्विजा ने अभियान के बारे में कहा कि ऑर्का-11 अभियान की वजह से हजारों हथियार का प्रसार रोका गया है और बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। यह संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई में असली प्रगति को दिखाता है।

## सीबीएसई भुगतान प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को चार प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की पेमेंट गेटवे प्रणाली को मजबूत और छात्र हितैषी बनाने पर चर्चा की। प्रधान ने कहा कि पुनर्मूल्यांकन, उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने और अन्य शुल्क आधारित सेवाओं के लिए छात्रों को किसी भी प्रकार की तकनीकी परेशानी का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने बैंकों को निर्देश दिया कि सीबीएसई के साथ मिलकर ऐसी मजबूत भुगतान प्रणाली तैयार की जाए, जिससे भुगतान प्रक्रिया सुचारु, सुरक्षित और तेज हो सके।

# क्वाड की 20 अरब डॉलर से महत्वपूर्ण खनिज फ्रेमवर्क की घोषणा

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में खनिज और ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकाधिकार को तोड़ने के उद्देश्य से चार देशों के संगठन क्वाड के सदस्यों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका ने 20 अरब डॉलर के निवेश से 'क्वाड महत्वपूर्ण खनिज पहल फ्रेमवर्क' की घोषणा की है।

क्वाड देशों ने महत्वपूर्ण खनिज पहल फ्रेमवर्क का निर्णय खनिज आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में विशेष रूप से चीन की मनमानी को देखते हुए लिया गया है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की मंगलवार को यहां हुई बैठक में इस पहल की घोषणा की गई। बैठक के बाद जारी वक्तव्य में कहा गया है कि सदस्य देश महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बनाने का इरादा रखते हैं। ये आपूर्ति श्रृंखलाएं उन्नत प्रौद्योगिकियों, आर्थिक विकास और औद्योगिक आधारों की मजबूती के लिए अनिवार्य हैं। इस फ्रेमवर्क के जरिये ये देश आर्थिक नीति के साधनों और समन्वित निवेश का उपयोग करके, विविध और निष्पक्ष 'महत्वपूर्ण खनिज' बाजारों के विकास में तेजी लाने के लिए मिलकर काम करने का इरादा रखते हैं। साथ ही ये देश क्षेत्र के आर्थिक विकास और सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण 'क्रिटिकल मिनरल्स' की आपूर्ति को मजबूत बनाएंगे। इस फ्रेमवर्क में 'महत्वपूर्ण खनिज' की आपूर्ति श्रृंखलाओं के संबंध में क्वाड साझेदारों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों को निर्धारित करने के साथ-साथ प्रत्येक साझेदार की घरेलू नीतियों और प्राथमिकताओं का उचित ध्यान रखा गया है। फ्रेमवर्क के अनुसार क्वाड साझेदार देश 'महत्वपूर्ण खनिज' की आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के लिए, खनन, प्रसंस्करण और रीसाइक्लिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में, नए और मौजूदा प्रयासों के माध्यम से सरकारी और निजी क्षेत्र से लगभग 20 अरब डॉलर तक का निवेश जुटाने का इरादा रखते हैं। इसके लिए उन परियोजनाओं की पहचान की जाएगी जिनका क्वाड से सीधा जुड़ाव हो जैसे कि वे परियोजनाएं जो क्वाड साझेदार देशों में स्थित हों, क्वाड साझेदार देशों में मुख्यालय वाली कंपनियों द्वारा संचालित हों, या क्वाड बाजारों को आपूर्ति करती हों और जो 'क्रिटिकल मिनरल' आपूर्ति श्रृंखला में मौजूद कमियों को दूर करती हों।

# पोप लियो चौदहवें ने एआई के खतरे के प्रति दी चेतावनी

**वेटिकन सिटी।** ईसाई धर्मगुरु पोप लियो चौदहवें ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर अपना पहला बड़ा नीतिगत दस्तावेज जारी करते हुए विशेषज्ञों और दुनिया भर की सरकारों को इसके खतरों के प्रति गंभीर चेतावनी दी है।

मैग्निफिका ह्यूमैनिटास: ऑन सेफगार्डिंग द ह्यूमन पर्सन इन द टाइम ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (भव्य मानवता: एआई के दौर में मानव की सुरक्षा) शीर्षक वाले इस दस्तावेज में पोप ने सरकारों से एआई तकनीक के विकास की रफ्तार को धीमा करने का आग्रह किया है। उन्होंने सचेत किया कि एआई प्रणालियां गलत जानकारी फैला रही हैं, टकराव को बढ़ावा दे रही हैं और दुनिया को कभी न खत्म होने वाले युद्ध की राह पर ले जाने का जोखिम पैदा कर रही हैं। दस्तावेज में बाइबल की 'टावर ऑफ बेबेल' की कहानी का जिक्र करते हुए पोप ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब इंसानों ने घमंड में आकर बिना ईश्वर के आशीर्वाद के स्वर्ग तक पहुंचने वाली मीनार बनाने की कोशिश की, तो उसका परिणाम विनाशकारी रहा। उन्होंने कहा कि मैं सभी से अपील करता हूं कि वे एक और टावर ऑफ बेबेल बनाना बंद करें और मानवता की भलाई के लिए अपनी ताकत जुटाएं। धर्मगुरु ने इस बात पर गहरी चिंता जताई कि एआई से जुड़ा डेटा और ताकत निजी क्षेत्र के कुछ गिने-चुने लोगों के हाथों में सिमटती जा रही है।

# गोयल ने कनाडा में निवेश-व्यापार संबंध पर सार्थक चर्चा की

## वाणिज्य मंत्री ने पीएम मार्क जे कार्नी, व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू, कृषि और कृषि-खाद्य मंत्री हीथ मैकडॉनल्ड आदि के साथ की बैठक

**नई दिल्ली/ओटावा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कनाडा की अपनी यात्रा के ओटावा चरण में प्रधानमंत्री मार्क जे कार्नी, व्यापार मंत्री मनिदर सिद्धू, कृषि और कृषि-खाद्य मंत्री हीथ मैकडॉनल्ड तथा विदेश मंत्री अनिता आनंद के साथ बैठकें कर भारत-कनाडा संबंधों को मजबूत करने और आपसी व्यापार-निवेश बढ़ाने के लिए प्रस्तावित द्विपक्षीय समझौते की बात. चीत को अंतिम रूप देने पर चर्चा की हैं। गोयल ने प्रधानमंत्री कार्नी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुभकामना संदेश दिया और दोनों देशों के संबंधों को गति देने के मेजबान प्रधानमंत्री के योगदान का उल्लेख किया।

दोनों पक्षों ने भारत कनाडा व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सेपा) के लिए चल रही बातचीत को लेकर उत्साह जताया है और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 70अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। एक बड़े व्यावसायिक दल के साथ इस यात्रा पर गए गोयल ने प्रधानमंत्री कार्नी के साथ अपनी मुलाकात के बारे में कहा कि मैक जे कार्नी से मुलाकात की, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उनकी हाल की भारत यात्रा को स्नेहपूर्वक याद किया, जिसने भारत-कनाडा साझेदारी को नई गति और नया आत्मविश्वास प्रदान किया है। प्रधानमत्री कार्नी के साथ इस मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर भविष्योन्मुखी चर्चा हुई और सेपा के शीघ्र निष्कर्ष के प्रति आशा व्यक्त की गई। यह समझौता दोनों राष्ट्रों के लिए विकास और समृद्धि के नए रास्ते खोलेगा। प्रधानमंत्री कार्नी ने इस मुलाकात के बाद एक बयान में कहा कि हम भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। यह कनाडाई श्रमिकों और व्यवसायों के लिए एक 'गेम चेंजर' (बड़ा अवसर) साबित होगा और जिससे एक विशाल नया बाजार खुलेगा। उन्होंने कहा कि हम तेजी से काम कर रहे हैं, मैंने मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की ताकि अब तक हुई हमारी प्रगति की समीक्षा की जा सके और ऊर्जा, कृषि-खाद्य, प्रौद्योगिकी तथा शिक्षा के क्षेत्रों में हमारे दोनों देशों के लिए आगे आने वाले अवसरों का पता लगाया जा सके।' गोयल ने कनाडा के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्री

**■ दोनों पक्षों ने भारत कनाडा व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सेपा) के लिए चल रही बातचीत को लेकर उत्साह जताया है**




यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108